



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


10 टीआईटीआर इसमें उसकी मदद कर सकता है..........

नायब सैनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी, किस ...... 12



वर्ष : 16 | अंक : 58 | नई दिल्ली, बुधवार, 02 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# देश में मिलेंगी 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियां, केंद्र ने दी 1.07 लाख करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए 1.07 लाख करोड़ रुपये की रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे दो साल में 3.5 करोड़ जॉब्स पैदा होने की उम्मीद है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये की ईएलई योजना को भी मंजूरी दी है। ईएलई का मतलब है एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव। इस योजना का मकसद मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नौकरियां पैदा करना है। इस योजना से उन क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा जहाँ नौकरी मिलने की संभावना ज्यादा है। सरकार का लक्ष्य इस योजना के तहत 3.5 करोड़ से ज्यादा नौकरियां पैदा करना है।

**आरडीआई योजना को भी मंजूरी**

उन्होंने बताया कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये की आरडीआई योजना को मंजूरी दी है। फ्छक्का मतलब है रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन। इस योजना से देश में नई खोजों को बढ़ावा मिलेगा। इससे भारत में चीजें बनाने की क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, भारत का नाम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे आएगा। सरकार ने इस योजना को बनाने से पहले इजराइल, अमेरिका, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देशों के मॉडल को भी देखा था।



सरकार ने आरडीआई योजना के तहत कुछ खास क्षेत्रों पर ध्यान देने की बात कही है। इनमें ऊर्जा सुरक्षा, साफ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स और स्पेस जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा, खेती, स्वास्थ्य और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल भी शामिल है। बायोटेक्नोलॉजी, बायोमैन्युफैक्चरिंग, सिंथेटिक बायोलॉजी, दवाइयां और मेडिकल डिवाइस भी इस योजना का हिस्सा हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था, डिजिटल खेती और देश को आत्मनिर्भर बनाने वाली टेक्नोलॉजी पर भी ध्यान दिया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि आरएनडडी योजना के तहत केवल वही प्रोजेक्ट्स सपोर्ट किए जाएंगे जो टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल 4 (टीआरएल 4) तक पहुंच गए हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल प्रोटोटाइप स्टेज को पार कर चुके प्रोजेक्ट्स को ही प्रोत्साहन दिया जाएगा। ळफ्छ 4 का मतलब है कि प्रोजेक्ट अभी शुरूआती स्टेज में नहीं है, बल्कि थोड़ा आगे बढ़ चुका है।

**कैबिनेट ने नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी**

2025 को भी मंजूरी दी है। यह पॉलिसी 2001 में बनी पॉलिसी की जगह लेगी। इसके अलावा सरकार ने तमिलनाडु में परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे सेक्शन को चार लेन का बनाने की मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट पर 1,853 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम सड़क व्यवस्था को सुधारने, कनेक्टिविटी बढ़ाने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने बतायी प्रौद्योगिकी के उपयोग की सफलता की कहानी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया मिशन को भारत में तकनीक के प्रति अविश्वास को खत्म करने और अमीरों और गरीबों के बीच की खाई को पाटने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करने की सफलता की कहानी बतायी है। मंगलवार को डिजिटल इंडिया की 10 साल की यात्रा पर एक ब्लॉग में मोदी ने कहा कि पहले भारतीयों को तकनीक का इस्तेमाल करने की अपनी क्षमता पर संदेह था, लेकिन उनकी सरकार ने नागरिकों की क्षमता पर विश्वास किया। उन्होंने कहा कि दशकों से भारतीयों को तकनीक का इस्तेमाल करने की अपनी क्षमता पर संदेह था, लेकिन हमने इस रवैये को बदला और भारतीयों की तकनीक का इस्तेमाल करने की क्षमता पर विश्वास किया।

# डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष, पीएम मोदी ने कहा ये सशक्तीकरण के नए युग की शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के साथ ही अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा, क्योंकि देश डिजिटल शासन से ग्लोबल डिजिटल लीडरशिप की ओर बढ़ेगा। जहां भारत, इंडिया-फर्स्ट से इंडिया-फॉर-द-वर्ल्ड की ओर रुख करेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हम डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, दस वर्ष पहले, डिजिटल इंडिया की शुरूआत हमारे देश को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से उन्नत समाज में बदलने की पहल के रूप में हुई थी। पीएम मोदी के अनुसार, डिजिटल इंडिया केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रह गया है, यह लोगों का आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में कहा, यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को दुनिया के लिए एक विश्वसनीय इनोवेशन पार्टनर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। सभी इनोवेटर्स, उद्यमियों और सपने देखने वालों के लिए दुनिया अगली डिजिटल सफलता के लिए भारत की ओर देख रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जहां दशकों तक भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, वहीं हमने



इस दृष्टिकोण को बदल दिया और भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया। उन्होंने कहा, जबकि दशकों तक यह सोचा जाता रहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को गहरा करेगा, हमने इस मानसिकता को बदला और संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग किया। जब इरादा सही हो, तो इनोवेशन कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है।

जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो टेक्नोलॉजी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी, जो कि पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। 2014 में भारत में करीब 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, जो कि बढ़कर अब 97 करोड़ से ज्यादा हो गए हैं। 42 लाख किलोमीटर से ज्यादा ऑप्टिकल फाइबर केबल अब सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ती है। पीएम मोदी ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में लिखा, ह्लभारत में 5जी की शुरूआत दुनिया में सबसे तेज गति से हुई है। केवल दो वर्ष में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों और गलवान, सियाचिन और लद्दाख सहित अग्रिम सैन्य चौकियों तक पहुंच गया है। उन्होंने आगे कहा, डिजिटल आधार इंडिया स्टैक ने यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म को सक्षम किया है, जो अब सालाना 100 बिलियन से ज्यादा लेनदेन को संभालता है। सभी रियल टाइम के डिजिटल लेनदेन में से लगभग आधे भारत में होते हैं। पीएम मोदी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से, 44 लाख करोड़ रुपए से अधिक सीधे नागरिकों को हस्तांतरित किए गए हैं, जिससे बिचौलियों को हटाने में मदद मिली और 3.48 लाख करोड़ रुपए की लीकेज की बचत हुई है। स्वामित्व जैसी योजनाओं ने 2.4 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड जारी किए हैं और 6.47 लाख गांवों का मानचित्रण किया है, जिससे भूमि से संबंधित अनिश्चितता के वर्षों का अंत हुआ है।

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था एमएसएमई और छोटे उद्यमियों को पहले से कहीं ज्यादा सशक्त बना रही है। ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) एक क्रांतिकारी प्लेटफॉर्म है, जो खरीदारों और विक्रेताओं के विशाल बाजार के साथ सहज कनेक्शन प्रदान कर नए अवसरों को पेश करता है। पीएम मोदी ने कहा, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस आम आदमी को सरकार के सभी विभागों को सामान और सेवाएं बेचने में सक्षम बनाता है। यह न केवल आम आदमी को एक विशाल बाजार के साथ सशक्त बनाता है बल्कि सरकार के पैसे भी बचाता है। पीएम मोदी ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर कहा कि आधार, कोविन, डिजिलॉकर और फास्टैग से लेकर पीएम-वाणी और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन तक भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को अब वैश्विक स्तर अपनाया जा रहा है। कोविन ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सक्षम बनाया, 220 करोड़ क्यूआर-वेरिफाइड सर्टिफिकेट जारी किए। 54 करोड़ यूजर्स के साथ डिजिलॉकर 775 करोड़ से अधिक दस्तावेजों को सुरक्षित और निर्बाध रूप से होस्ट करता है।प्रधानमंत्री ने आगे बताया, हमारे जी20 प्रेसीडेंसी के माध्यम से, भारत ने ग्लोबल डीपीआई रिपॉजिटरी और 25 मिलियन डॉलर का सोशल इम्पैक्ट फंड लॉन्च किया, जिससे अफ्रीका और दक्षिण एशिया के देशों को समावेशी डिजिटल इकोसिस्टम अपनाने में मदद मिली। उन्होंने आगे कहा, भारत अब 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ दुनिया के शीर्ष तीन स्टार्टअप इकोसिस्टम में शुमार है। लेकिन यह स्टार्टअप आंदोलन से कहीं अधिक है; यह एक तकनीकी पुनर्जागरण है। जब बात युवाओं में एआई स्किल पेनिट्रेशन और एआई प्रतिभा की आती है, तो भारत बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। पीएम मोदी ने लिखा, 1.2 बिलियन डॉलर के इंडिया एआई मिशन के माध्यम से भारत ने 1 डॉलर/जीपीयू घंटे से भी कम कीमत पर वैश्विक स्तर पर बेजोड़ कीमतों पर 34,000 जीपीयू तक पहुंच को सक्षम किया है, जिससे भारत न केवल सबसे सस्ती इंटरनेट अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि सबसे सस्ता कंप्यूटिंग गंतव्य भी बन गया है। भारत नेुमैनिटी-फर्स्ट एआई का समर्थन किया है।

# भारत समुद्री राष्ट्र था, है और रहेगा : नौसेना प्रमुख



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भारत की प्राचीन समुद्री विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की पहचान एक समुद्री राष्ट्र की रही है। उन्होंने कहा कि लगभग 6000 वर्ष पूर्व हड़प्पा कालीन लोथल जैसे बंदरगाह शहरों से लेकर आज तक, भारत की पहचान एक समुद्री राष्ट्र की रही है। गौरतलब है कि हड़प्पा कालीन लोथल एक प्रमुख बंदरगाह शहर था, जो सिंधु घाटी सभ्यता का हिस्सा था। यह गुजरात में स्थित है और इसे दुनिया का सबसे पुराना ज्ञात डॉकयार्ड माना जाता है। नौसेना प्रमुख, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक के पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम के इंडक्शन और ओरिएंटेशन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने गर्व के साथ कहा, भारत समुद्री राष्ट्र था, है और रहेगा। उन्होंने बताया कि भारत का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और 99 प्रतिशत वैश्विक इंटरनेट डेटा समुद्र के नीचे बिछाए गए केबल्स से गुजरता है। ऐसे में विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में समुद्री शक्ति की अहम भूमिका होगी। उन्होंने भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य में समुद्र के सामरिक महत्व को रेखांकित किया। नौसेना द्वारा हाल में किए गए राहत अभियानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे पश्चिम एशिया के संकट में भारतीय नौसेना ने 400 से अधिक जानें बचाईं और 5.3 अरब डॉलर से अधिक के माल को सुरक्षित किया। उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शब्दों सपना देखो, साहस करो और उसे साकार करो के साथ यहां छात्रों को प्रेरित किया। आईआईएम रोहतक के इस इंडक्शन और ओरिएंटेशन समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा समेत फैकल्टी सदस्य भी मौजूद रहे। इस वर्ष 1 जुलाई से पीजी बैच के 329 छात्रों और 8 शोधार्थियों ने नया शैक्षणिक सफर आरंभ किया है। इस अवसर पर छात्रों से किताबों से बाहर निकलकर व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने की अपील की गई। छात्रों को अनुशासन, दृढ़ता, फोकस, आत्मप्रेरणा जैसी गुणों को अपनाने पर कहा गया। आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा ने संस्थान के विजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि यहां प्रबंधन की शिक्षा को अनुशासन, उद्देश्य और राष्ट्रीय सेवा से जोड़ा जाता है। उन्होंने केस-आधारित शिक्षण पद्धति, ग्रामीण सहभागिता कार्यक्रम, इंडस्ट्री इंटरफेस और योग व समग्र स्वास्थ्य पर बल दिया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल बलबीर सिंह संधू (सेवानिवृत्त) भी मौजूद रहे। उन्होंने नेतृत्व के मूलभूत गुणों झ साहस, अनुशासन और चरित्र झ पर जोर दिया। उन्होंने सेना के अनुभवों से उदाहरण देते हुए छात्रों को बताया कि विपरीत परिस्थितियों में नेतृत्व कैसे निभाया जाता है। नेतृत्व केवल पद से नहीं बल्कि कर्म और उदाहरण से परिभाषित होता है। कार्यक्रम में दो पैनल चचाएं भी हुईं वर्तमान व्यापार परिदृश्य में प्रबंधन स्नातकों से अपेक्षित क्षमताएं और एआई युग में नेतृत्व, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इसके अलावा, भारतीय सशस्त्र बलों का योगदानः राष्ट्रीय सुरक्षा और गौरव के स्तंभ विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में देश भर के शोधार्थियों ने भाग लिया। चार विजेताओं को 10,000 रुपए से 25,000 रुपये तक के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। यहां निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा की नवीनतम पुस्तक ह्लपावर ऑफ मूवीजह्व का विमोचन भी किया गया। प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि कैसे सिनेमा जीवन की विविधताओं और सामाजिक बदलावों को दशार्ता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे फिल्मों के माध्यम से मानवीय भावनाओं और सामाजिक संरचनाओं को समझने का प्रयास करें।

# पाक की परमाणु धमकी से हम डरने वाले नहीं, इजरायल-ईरान की मदद के लिए भारत तैयार : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत को एक सभ्यतागत राष्ट्र, बहुलतावादी लोकतंत्र, प्रतिभा का स्रोत, कूटनीतिक सेतु और वैश्विक दक्षिण की आवाज बताया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करने में सफल होगा। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने न्यूजवीक के सीईओ डेव प्रगाड़ के साथ एक खास बातचीत में भारत की भूमिका और स्थिति पर अपने विचार साझा किए। अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर जयशंकर ने कहा, ह्र हम एक बहुत ही जटिल व्यापार वार्ता के बीच में हैं, उम्मीद है कि बीच से भी अधिक बीच में। मेरी उम्मीद होगी कि हम इसे एक सफल निष्कर्ष पर ले जाएं। मैं गारंटी नहीं दे सकता, क्योंकि उस चर्चा में एक और पक्ष है। मुझे विश्वास है कि यह संभव है और मुझे लगता है कि हमें अगले कुछ दिनों तक इस क्षेत्र पर नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। जयशंकर ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रतिकार के रूप में काम करने वाले देशों के क्वाड के भीतर देशों के बीच संबंधों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आपके पास चार देश हैं, एक तरह से इंडो-पैसिफिक के चार कोने, जिन्होंने वास्तव में यह तय किया है कि एक स्थिर या अधिक समृद्ध इंडो-पैसिफिक बनाने में उनकी साझा रुचि है और वे व्यावहारिक आधार पर काम करने के इच्छुक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पड़ोसी चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना



चाहता है। जयशंकर ने कहा कि हमारा अमेरिका के साथ बहुत अच्छा तालमेल है। साथ ही, हम चीन के सबसे बड़े पड़ोसी हैं। साक्षात्कार में पाकिस्तान से बातचीत के प्रस्ताव को लेकर भी सवाल किया गया। जिसे विदेश मंत्री ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, हम अब ऐसी नीति अपना रहे हैं जिसमें आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। हम यह नहीं मानते कि आतंकी केवल प्रॉक्सी हैं और राज्य का कोई दोष नहीं है। पाकिस्तान इस मामले में पूरी तरह शामिल है। भारत आतंकियों पर हमला करेगा और अपने लोगों की रक्षा करेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शांति वार्ता की बात कही, लेकिन जयशंकर ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के बीच अन्य मुद्दों पर बातचीत संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पड़ोसी पर दबाव बनाने का हथियार नहीं बनाया जा सकता। एक अच्छा पड़ोसी और एक आतंकवादी एक साथ नहीं हो सकते। पाकिस्तान को आतंकवाद खत्म करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि हम परमाणु हथियारों की धमकी से डरने वाले नहीं हैं। हम अपने लोगों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। इजरायल-ईरान के मध्य हुए संघर्ष को कम या खत्म करने के लिए भारत के शांति प्रस्ताव पर भी जयशंकर ने बात की।

**लोकार्पण** | राष्ट्रपति ने गोरखपुर में आयुष विवि का किया लोकार्पण.........................

# योगी बिना थके, बिना रुके कार्य कर रहे हैं, डॉक्टर व नर्स को भी ऐसा ही बनना होगा: राष्ट्रपति


गोरखपुर, एजेंसी

गोरखपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को गोरखपुर में उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया। यह आयुष विश्वविद्यालय भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस विश्वविद्यालय के निर्माण में 267.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। राष्ट्रपति सोमवार से उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि तपस्या साधना की धरती गोरखपुर राष्ट्रप्रेम की भी भूमि है। गोरखपुर धरती से जुड़ी महानविभूतियों को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने गीता प्रेस का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मंदिर में पूजा-अर्चना करने के मौके पर कल गीता प्रेस की ओडिया भाषा में मुझे शिव पुराण और भगवद्गीता



पुस्तक भेंट की गयी। गीता प्रेस का योगदान बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करके हमें प्रसन्नता हो रही है। मुझे खुशी हो रही है कि यहां उच्चस्तरीय सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। यहां आयुष पद्धतियों में स्नातक से लेकर उच्च स्तर का शिक्षण किया जाएगा। आयुष पद्धतियों से जुड़ी शिक्षा, पारम्परिक पद्धतियों के शोध कार्य पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने अथक और निद्राजीत का उल्लेख करते हुए कहा कि योगी बिना थके, बिना रुके कार्य कर रहे हैं। डाक्टर और नर्स को भी अथक और निद्राजीत बनना होगा। आप सब जीवनदायिनी हैं। आपको आत्मावलोकन करना चाहिए कि क्या हम बेहतर कर पा रहे हैं। भारत योगी और ऋषियों की भूमि है। राष्ट्रपति ने कहा कि जल, थल, आकाश, वायु और अग्नि से मिलकर बना यह शरीर है। हमारे पास आज सारी सुविधाएं हैं। क्या यह सारी सुविधाओं का हमे उपयोग करना ठीक है। हम आभारी हैं प्रधानमंत्री मोदी के, उन्होंने योग का बढ़ावा दिया। आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। हम कहते हैं कि स्वास्थ्य ही संपदा है। भारत को विश्व गुरु बनने के लिए हमें आज से ही प्रयास करना होगा। राष्ट्रपति ने आहार, विहार पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमे स्वथ रहना है तो इलाज के साथ इसे भी अपनाना होगा। आयुर्वेद दवाओं की एक्सपायरी नहीं है। देश-विदेश की उपयोगी चिकित्सा पद्धतियों को 2014 के बाद देश और 2017 के बाद उप्र ने आयुष विभाग स्थापित कर अपनाया है। आयुष पद्धतियों की लोकप्रियता बढ़ रही है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि इसमें बहुत ही उपयोगी साबित होगा। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि आयुष विवि खुलने से इलाज बेहतर होगा। साथ ही किसानों को भी फायदा होने वाला है। आयुर्वेद की दवाएं बनाने के लिए कई विशेष प्लांट चाहिए। वह खेत में ही होगा। इन दवाओं में केमिकल नहीं उपयोग किया जाएगा। हमारे पास एलोपैथी, आयुर्वेद और होम्योपैथी भी है। हमें अपनी पद्धति का प्रचार करना होगा। हमारे डाक्टरों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की कमी की वजह से प्रचार नहीं हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का यह दिन अत्यंत गौरवशाली क्षण है। राष्ट्रपति के कर कमलों से आयुष विवि का लोकार्पण हो रहा है। हम सब जानते हैं कि 2014 के पहले हमारी पारम्परिक चिकित्सा को स्थान मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पाया था।

# नई खेल नीति को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी, 2047 तक भारत को शीर्ष-5 खेल राष्ट्र बनाना लक्ष्य



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है। यह देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है। नई खेल नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति 2001 का स्थान लेगी। ये भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने तथा 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप प्रस्तुत करेगी। 'खेल को जन आंदोलन बनाना उद्देश्य' केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है। मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों पर काफी ध्यान दिया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा को आगे लाने के लिए ज्यादा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई नीति इसी प्रयास का हिस्सा है। मंत्री ने साथ ही कहा कि इसका दूसरा मुख्य उद्देश्य खेल को जन आंदोलन बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती को टक्कर मारने वाले वाहन चालक पर केस

**नैनीताल, एजेंसी।** बजून क्षेत्र में सुबह घूमने निकली युवती को टक्कर मारने वाले वाहन चालक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घायल युवती का हल्द्वानी के अस्पताल में उपचार चल रहा है। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि 23 जून को बजून निवासी शशि कनवाल घूमने निकली थी। तभी कालाढूंगी की ओर से आ रहे एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इधर युवती के चचेरे भाई मनोज कनवाल ने कोतवाली पहुंचकर टैक्सी वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी। इस पर पुलिस ने वाहन चालक शुभम बिष्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अकल बड़ी या शेर नाटक का भावपूर्ण मंचन

**नैनीताल, एजेंसी।** युगमंच एवं शारदा संघ की ओर से रविवार को सीआरएसटी इंटर कॉलेज के जगदीश साह प्रेक्षागृह में बाल कलाकारों ने अकल बड़ी या शेर नाटक का भावपूर्ण मंचन किया। दर्शकों ने भी तालियों से कलाकारों की प्रस्तुति को सराहा। कार्यशाला निर्देशक अनिल कुमार के नेतृत्व में बाल कलाकारों को नाट्य की तालीम दी गई। इसमें नाट्य विशेषज्ञ जहूर आलम, भास्कर बिष्ट, मनोज कुमार, मानी बंगारी, मदन मेहरा, कौशल साह, मिथिलेश पांडे, डॉ. हिमांशु पांडे, रफत आलम, नीरज डालाकोटी, अदिति खुराना ने प्रशिक्षण दिया। इसी नाटक का रविवार को मंचन हुआ। ललित मोहन थपलियाल लिखित नाटक अकल बड़ी या शेर नाटक के गीत हेमंत बिष्ट ने लिखे जबकि मूल संगीत जगमोहन जोशी मंटू का है। संगीत प्रस्तुति व निर्देशन में नवीन बेगाना, प्रभात गंगोला, संजय कुमार, मनोज कुमार का सहयोग रहा।

### रेलवे कुमाऊं से पांच ट्रेनों का प्रस्ताव बोर्ड को भेजा

**लालकुआं, एजेंसी।** राज्य सरकार के लगातार प्रयास के बाद एक बार फिर कुमाऊं मंडल को पांच एक्सप्रेस ट्रेनें मिलने की संभावना है। इसके लिए रेलवे ने प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा है। प्रस्ताव पर रेलवे बोर्ड अमल करता है तो आने वाले समय में गुजरात के लिए एक और ट्रेन लालकुआं से चल सकती है। रेलवे ने काठगोदाम से सूबेदारगंज (इलाहाबाद) तक साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के अलावा लालकुआं से कामाख्या तथा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन लालकुआं से बांद्रा के बीच चलाने की तैयारी की है। रामनगर-उदयपुर सिटी के लिए भी दो दिन के लिए ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रेलवे ने बोर्ड को भेजा है। अनुमति मिलने के बाद इन रेल सेवाओं से पर्यटकों और आम नागरिकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

### बाल कलाकारों ने अकल बड़ी या शेर नाटक का भावपूर्ण मंचन किया

**नैनीताल, एजेंसी।** युगमंच एवं शारदा संघ की ओर से रविवार को सीआरएसटी इंटर कॉलेज के जगदीश साह प्रेक्षागृह में बाल कलाकारों ने अकल बड़ी या शेर नाटक का भावपूर्ण मंचन किया। दर्शकों ने तालियों से कलाकारों की प्रस्तुति को सराहा।नाटक की कथावस्तु में पिंजरे में कैद शेर मदद के लिए पुकारता है, लेकिन धोखेबाज शेर को कोई नहीं निकालता। एक ब्राह्मण तरस खाकर उसे पिंजरे से निकालता है, लेकिन शेर उसे ही खाने के लिए दौड़ता है। ब्राह्मण बुद्धिमता से उसे फिर से पिंजरे में कैद कर देता है। नाटक में शेर की भूमिका में हर्ष यादव, राहगीर-संस्कार पांडे, हिरण-मान्या भंडारी, बंदर-निष्कर्ष कुमार, लोमड़ी-विदिशा जोशी, खरगोश-सिमरन, चिड़िया-नविका तथा कौवा के किरदार में रुद्र, आयुषी, शौर्य गीतिका, तेजस आदि रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एटीआई के निदेशक भगवती प्रसाद पांडे, सीआरएसटी कॉलेज के प्रबंधक पद्मश्री अनूप साह, अनिल कुमार, आलोक साह, जहूर आलम, भास्कर बिष्ट, मनोज कुमार, मदन मेहरा, कौशल साह, मिथिलेश पांडे, डॉ. हिमांशु पांडे आदि रहे।

# बरसात में चुनाव लड़ेंगे नेता, इम्तिहान होगा सिस्टम का



**नैनीताल, एजेंसी।**
ग्राम पंचायत चुनाव की तिथि जारी होते ही जिला प्रशासन ने भले ही अपनी तैयारियां तेज कर दी हों पर बरसात के मौसम में पंचायत चुनाव कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी।

ग्राम पंचायत चुनाव की तिथि जारी होते ही जिला प्रशासन ने भले ही अपनी तैयारियां तेज कर दी हों पर बरसात के मौसम में पंचायत चुनाव कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी। नैनीताल जिले में 475 ग्राम पंचायतों में होने वाले ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव दो चरणों में होना है। ऐसे में सबसे अधिक चुनौती का सामना जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा और बेतालघाट में करना पड़ सकता है।

ओखलकांडा और बेतालघाट की भी 75-75 ग्राम पंचायत में कई ग्राम सभाएं सड़क से दो से चार किमी दूर हैं। ऐसे में इन ग्राम सभाओं में पोलिंग पार्टियों को बारिश होने पर पैदल ही मतदान की सामग्री लेकर जाना होगा। साथ ही चुनाव के दौरान बारिश के तेज होने पर सड़क पर मलबा गिरने से सड़क के बंद होने का भी सामना करना पड़ सकता है।

जिले में 24 जुलाई को ओखलकांडा, बेतालघाट, रामगढ़ और धारी ब्लॉक में चुनाव होना है। इसमें धारी ब्लॉक की भी कुछ ग्राम पंचायतों में पोलिंग पार्टियों को पैदल ही जाना पड़ेगा।

बरसात के मौसम में भी पंचायत चुनाव कराने के लिए प्रशासन की ओर से पूरी तैयारियां की जा रही हैं। जिन गांवों में मतदान केंद्र दूर है उन गांवों में जाने वाले पोलिंग पार्टियों को बारिश से बचाव संबंधित सभी सामग्री दी जाएगी, ताकि उन्हें कोई समस्या ना हो। वाटर प्रूफ टेंट लगाए जाएंगे। मतदान नहीं करने वाले ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें मतदान करने के लिए मनाया जाएगा।- विवेक राय, एडीएम नैनीताल राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से इस बार जुलाई में चुनाव कराया जा रहा है। वर्ष 2019 में नैनीताल जिले में 75.06 प्रतिशत मतदान हुआ था। ऐसे में बरसात के मौसम में हो रहे पंचायत चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी बड़ी चुनौती होगा। वर्ष 2019 में भीमताल ब्लॉक में 80.38, रामनगर 76.37, हल्द्वानी 76.25, कोटाबाग 77.75, धारी 74.56, रामगढ़ 71.55, बेतालघाट 65.52 और ओखलकांडा में 73.24 प्रतिशत मतदान हुआ था।विकास भवन सभागार भीमताल में पंचायत चुनाव निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारियों को एक प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अनामिका ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के बाद आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन हो। किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी आशंका पर तत्काल नोडल अधिकारियों एवं कंट्रोल रूम में संपर्क किया जाए। डीडीओ गोपाल गोस्वामी और जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक हर्ष बहादुर चंद ने बताया कि इस बार सदस्य ग्राम पंचायत का मतपत्र सफेद, ग्राम प्रधान का हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य का नीला और जिला पंचायत सदस्य का मतपत्र गुलाबी होगा। बताया कि 25 जुलाई 2019 के बाद किसी दावेदार के दो से ज्यादा बच्चे होने पर वह चुनाव के लिए अर्ह नहीं होगा। राज्य या केंद्र पोषित योजना से मानदेय लेने वाले भी अर्ह नहीं होंगे।

## चलती कार में स्टंट करना पर्यटकों को पड़ा महंगा! हरियाणा के युवकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**नैनीताल, एजेंसी।** शहर की मालरोड में जलती कार से बाहर निकल मस्ती करना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। इस मामले में पुलिस ने वीडियो के आधार पर दो पर्यटकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह मालरोड से गुजर रहे हरियाणा नंबर के वाहन की खिड़की व सनरूफ से कुछ युवक बाहर निकल मस्ती कर रहे थे।

राहगीरों के काफी समझाने के बाद भी पर्यटक नहीं माने। इस बीच कुछ लोगों ने युवकों का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो नंबर के आधार पर यातायात पुलिस ने तल्लीताल में वाहन को रोक लिया। पूछताछ में युवकों की ओर से चलते वाहन से बाहर निकल मस्ती करना कबूला। यातायात निरीक्षक वेद प्रकाश भट्ट ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर हरियाणा निवासी दीपक व हरदीप के विरुद्ध एमवी एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

एक युवती ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से दोस्त बने युवक पर उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मल्लीताल निवासी युवती ने तहरीर देकर कहा है कि कुछ माह पूर्व इंटरनेट मीडिया पर उसकी एक युवक से दोस्ती हो गई। नजदीकियां बढ़ी तो दोनों एक दूसरे पर वाट्सएप पर बात करने लगे।

इस बीच युवक ने वीडियो कॉल में बात करने के दौरान उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। कुछ दिन बाद युवक उसे वीडियो भेज रुपयों की मांग करने लगा। युवक अब युवती का अश्लीन वीडियो रिश्तदारों को भेजने की बात कहकर धमका रहा है।

कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 351 व 67ए के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


इस बीच युवक ने वीडियो कॉल में बात करने के दौरान उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। कुछ दिन बाद युवक उसे वीडियो भेज रुपयों की मांग करने लगा। युवक अब युवती का अश्लीन वीडियो रिश्तदारों को भेजने की बात कहकर धमका रहा है।


## हवलदार संजय का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
भारतीय सेना में तैनात बड़ोली गांव निवासी हवलदार संजय भट्ट का निधन हो गया है। रविवार को रामेश्वर घाट पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों और ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। बड़ोली गांव के संजय भट्ट (34) पुत्र कैलाश चंद्र भट्ट भारतीय सेना की बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप में हवलदार पद पर कार्यरत थे। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। दिल्ली के सेना अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बीते शुक्रवार की रात को उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार सुबह सेना के वाहन से संजय का पार्थिव शरीर उनके गांव लाया गया। जवान का पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। बेटे के निधन पर मां विमला देवी और पत्नी दीक्षा भट्ट का रो-रोकर बुरा हाल है। सेना के जवानों ने उन्हें ढाढ़स बंधाया। गांव में अंतिम दर्शन के बाद जवान के पार्थिव शरीर को रामेश्वर घाट ले जाया गया। पिथौरागढ़ सैन्य छावनी से आए कुमाऊं रेजिमेंट के जवानों ने जवान को अंतिम सलामी दी। मृतक जवान के चाचा नारायण दत्त भट्ट, महेश भट्ट और प्रेम चंद्र भट्ट ने चिता को मुखाग्नि दी।

## मॉकड्रिल : कहीं मलबे में दबे लोग...कहीं घरों में घुसा पानी, 39 को किया रेस्क्यू, 22 को पहुंचाया अस्पताल

**नैनीताल, एजेंसी।**
मानसून सीजन में आपदा की आंशका को देखते हुए पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में मॉकड्रिल की। अभ्यास के दौरान 39 लोगों को रेस्क्यू किया गया।



मानसून सीजन में आपदा की आंशका को देखते हुए पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में मॉकड्रिल की। अभ्यास के दौरान 39 लोगों को रेस्क्यू किया गया। समय से अस्पताल भी भेजा। पांच परिवारों को राहत सेंटर भेजने का रिहर्सल किया गया। अतिवृष्टि से होने वाली आपदा से निपटने के साथ ही प्रभावी राहत और बचाव कार्य के लिए मॉकड्रिल की गई। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के पर्यवेक्षण में मॉकड्रिल काठगोदाम, चोरगलिया और लालकुआं के अलावा रामनगर में हुई। काठगोदाम के देवखड़ी तपोवन कॉलोनी, चोरगलिया क्षेत्र के सूर्यानाला और लालकुआं के रेलवे क्रॉसिंग, चाइना बार तथा नरूला पेट्रोल पंप और रामनगर के चुकुम ओर पंपापुरी में मॉकड्रिल हुई। इस दौरान 39 लोगों को रेस्क्यू करने के साथ 22 घायलों को अस्पताल भेजा गया। तपोवन कॉलोनी में मलबे में दबे दो लोगों के बचाव का रिहर्सल हुआ। चोरगलिया के सूर्यानाला में फंसे दो घायलों को सीएचसी चोरगलिया भेजा गया। तीन गंभीर घायलों को बेस अस्पताल हल्द्वानी भेजा गया। पानी में फंसी एक कार और एक मोटरसाइकिल भी बाहर निकालने का रिहर्सल हुआ। लालकुआं में पानी में फंसे पांच बच्चों और तीन व्यस्कों को सुरक्षित निकालना सिखाया गया। रेलवे क्रॉसिंग के पास से पांच बच्चे और एक युवक को रेस्क्यू किया। हाईवे पर नरुला पेट्रोल पंप के पास से दो घायल व्यक्तियों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया।एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीमों ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिये लोगों को नदी व नालों से दूर रहने की चेतावनी दी। मॉकड्रिल के जरिये पुलिस की तैयारियों को भी परखा गया।

## सीएम ने किया शौर्य की पुस्तक का विमोचन



**पिथौरागढ, एजेंसी।** बाल साहित्यकार इंजी. ललित शौर्य की पुस्तक स्वास्थ्य के प्रहरी का विमोचन राजकीय आवास देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। यह पुस्तक विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूकता प्रदान करती है। पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शौर्य का लेखन अत्यधिक प्रभावी है। शौर्य ने कहा कि इस पुस्तक में विभिन्न बीमारियों से बचाव के तरीके तो बताए ही गए हैं। फास्ट फूड के दुष्प्रभावों की जानकारी भी किताब में दी है। बता दें कि लेखन में ललित को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का उमाकांत मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान समेत कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। शौर्य की कहानियां अंग्रेजी, तेलगू, कन्न?, मलयालम, मराठी, गुजराती आदि भारतीय भाषाओं में अनुवादित हो चुकी हैं। इसके साथ ही कुमाउंनी और ग?वाली में भी कविताओं का अनुवाद हुआ है। वहां सीएम के अपर सचिव एवं निदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, कॉर्डिनेटर मुख्यमंत्री दलबीर सिंह दानू, प्रमुख निजी सचिव मोहन जोशी आदि थे।

## मृतक और उसकी बेटी के नाम पर निकाल ली मजदूरी की रकम

**सिडकुल, एजेंसी।** ग्राम पंचायत गढ़ में मनरेगा योजना के तहत धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान और अन्य पंचायत कर्मियों ने मिलकर एक मृत व्यक्ति और उसकी बेटी के नाम पर मनरेगा मजदूरी निकालकर सरकारी धन का गबन कर लिया। इस मामले में शिकायत के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। ग्राम पंचायत गढ़ में मृतक हुसैना पुत्र मजीद के फर्जी हस्ताक्षर बनाए गए और वर्ष 2023-24 में उसके नाम पर नौ हजार 660 रुपये की मनरेगा मजदूरी निकाल ली गई। हुसैना का निधन 20 अप्रैल 2022 को हो गया था। मगर 2024 में उनके नाम से रकम निकाली गई। यही नहीं हुसैना की पुत्री के नाम पर भी वर्ष 2024-25 में 19 हजार 671 रुपए की मजदूरी निकाल लिए गए। ये सरकारी रकम निकालने के बाद गबन कर ली गई।इसका खुलासा तब हुआ जब संबंधित विभाग से सूचना के अधिकार के तहत आरटीआई लगाई गई। आरटीआई में मिले दस्तावेजों से फर्जीवाड़े होने का पता चलने के बाद जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायत दी गई। जिलाधिकारी ने मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि मामले में जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

## समीक्षा में लापरवाह मिले पांच विभागों के अधिकारी डीएम ने रोका वेतन

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को सीएम हेल्पलाइन और सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर पांच विभागों के अधिकारियों का वेतन रोक दिया। विभागवार समीक्षा में उन्होंने नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक, चकबंदी अधिकारी रुड़की, अधिशासी अधिकारी शिवालिक नगर, तहसीलदार हरिद्वार और रुड़की का माह जून का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही और लेटलतीफी क्षम्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए अधिकारी स्वयं समस्या पंजीकृत कराने वाले व्यक्तियों से दूरभाष पर वार्ता करेंगे। इसके साथ ही उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर रिपोर्ट अपलोड करें। लंबित मामलों की लगातार समीक्षा करने और विभागाध्यक्षों को सही रिपोर्ट के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के भी निर्देश दिए।

## संरक्षित प्रजाति के 34 कछुआ के साथ तस्कर पकड़ा, गदरपुर पुलिस को मिली दूसरी सफलता

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
महतोष पुलिस ने रविवार को संरक्षित प्रजाति के 34 कछुओं के साथ संजय नगर निवासी अश्वनी हलदार को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दस दिनों में पुलिस की कछुआ तस्करों को पकड़ने की यह दूसरी बड़ी सफलता है।

गदरपुर में महतोष पुलिस ने रविवार को संरक्षित प्रजाति के 34 कछुओं के साथ संजय नगर निवासी अश्वनी हलदार को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दस दिनों में पुलिस की कछुआ तस्करों को पकड़ने की यह दूसरी बड़ी सफलता है।

पुलिस को रविवार को यूपी से कछुए तस्करी कर लाने की सूचना मिली। इस पर प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान ने महतोष चौकी पुलिस के साथ रतनपुरा बार्डर के पास आने जाने वालों की चेकिंग शुरू की। टीम ने सिर पर जूट के बोरा लेकर आ रहे संदिग्ध को रोका। तलाशी लेने पर बोरे से संरक्षित प्रजाति के 34 कछुए मिले। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अश्वनी हलदार निवासी संजय नगर महतोष बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ वन्य जीव जंतु अधिनियम की धारा 9/51/48 ए के तहत केस दर्ज किया। सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

अश्वनी ने बताया कि वह कछुओं को बिलासपुर से लेकर आ रहा था। पुलिस ने बरामद किए गए कछुआ के संबंध में वन विभाग को अवगत कराया। वन विभाग की टीम ने पकड़े गए कछुओं को भारतीय मृतु शल्क प्रजाति का बताया। इससे पहले 21 जून को पुलिस ने संरक्षित प्रजाति के 82 कछुओं के साथ सुल्तानपुर पट्टी निवासी शिवा कुमार को पकड़ा था।

## कर्नाटक में साहिल ने जीता कांस्य पदक

**काशीपुर, एजेंसी।** कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग में काशीपुर के साहिल ने कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। 22-30 जून तक कर्नाटक में महिला-पुरुष राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लॉ कॉलेज में एलएलबी आठवें सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद साहिल ने डेड लिफ्ट में कांस्य पदक प्राप्त किया है। क्रीड़ा प्रभारी दीपक गुप्ता ने बताया कि साहिल पिछले साल पंजाब के पटियाला में भी 9वीं रैंक अर्जित कर चुके हैं। विमला गुड़िया, डॉ. आरएन सिंह, डॉ. सुधीर दुबे आदि ने उन्हें बधाई दी।

## बादल फटने से लापता सात श्रमिकों का नहीं चला पता

**उत्तरकाशी , एजेंसी।**
जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सोमवार को अधिकारियों के साथ घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया।

सिलाई बैंड के पास पूरी तरह बह चुकी सड़क और सात लापता मजदूरों को ढूंढने में मौसम बाधा बन रहा है। लगातार हो रही बारिश से सिलाई बैंड के समीप मलबा और पानी आने के कारण सड़क को दोबारा निर्माण करने में विभाग को परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर ओजरी के समीप भी सड़क बहने से गीठ पट्टी के कई गांव दूसरे दिन भी जनपद और तहसील मुख्यालय से कटे रहे।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सोमवार को अधिकारियों के साथ घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को सर्च एवं रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं एनएच विभाग को नेशनल हाइवे को सिलाई बैंड तक यातायात सुचारु करने के निर्देश दिए।

साथ ही स्यानाचट्टी में यमुना नदी में बन रही झील के पानी की निकासी के लिए सिंचाई विभाग को त्वरित कार्य करने को कहा। बीते शनिवार देर रात में हुई घटना में कुल 29 मजदूर प्रभावित हुए थे, जिसमें से 20 मजदूरों को सुरक्षित निकाला जा चुका है, जबकि दो मजदूरों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। बाकी 7 लापता मजदूरों की खोज लगातार की जा रही है।



जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में लापता व्यक्तियों की खोज में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण मलबा और बोल्डर दोबारा गिरने से कार्य बाधित हो रहा है।

# जानबूझकर अपराधियों को सबूत मिटाने और बच निकल कर भागने का मौका दिया जा रहा है : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




नई दिल्ली,पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि हम सभी जानते हैं, कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जी की अगुवाई में नशाखोरी और नशा बेचने वालों के खिलाफ एक बड़ी करवाई लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों से पंजाब में नशे के व्यापार के पीछे पंजाब के एक पूर्व मंत्री विक्रमजीत सिंह मजीठिया का नाम हमेशा जोड़ा जाता रहा है और यही कारण है कि नशे से जुड़े एक मामले में कुछ दिन पहले विक्रमजीत सिंह मजीठिया को पंजाब विजिलेंस विभाग ने गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि इसी सिलसिले में आज पंजाब पुलिस और विजिलेंस विभाग देश के कई अलग-अलग राज्यों में छापेमारी का काम कर रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बड़े ही अफसोस के साथ यह बात आप लोगों के साथ साझा कर रहा हूं, कि पंजाब पुलिस और विजिलेंस विभाग दिल्ली में भी इस बाबत सुबह से कई जगहों पर छापेमारी करना चाहती है। परंतु दिल्ली पुलिस जो की सीधे तौर पर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के अधीन आती है, वह दिल्ली पुलिस पंजाब पुलिस और विजिलेंस विभाग की छापेमारी में सहयोग नहीं कर रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है, कि जानबूझकर पंजाब पुलिस और विजिलेंस विभाग की छापेमारी को दिल्ली में बाधित किया जा रहा है, ताकि इस मामले से जुड़े जो अन्य अपराधी हैं, वह लोग सबूतों को नष्ट कर सकें और पुलिस की गिरफ्त से बचकर निकल सकें। मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार से अपील करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि नशाखोरी एक ऐसा गंभीर मुद्दा है जो हमारी आने वाली नस्लों को, हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है, ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर राज्य सरकारों का सहयोग करना चाहिए।

# शालीमार बाग से सात बांगलादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। उत्तर-पश्चिम जिले के विदेशी सेल की टीम ने सात अवैध बांगलादेशियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुहान खान भी शामिल हैं। जिसे 15 मई को पहले भारत से निष्कासित किया गया था। लेकिन उसने पुनः भारत में प्रवेश किया और 30 जून को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल था और ये फोन बांगलादेश में उनके परिवारों से संपर्क करने के लिए उपयोग किए जा रहे थे। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पुलिस लगातार बांगलादेशियों के खिलाफ अभियान चला रही है। शालीमार बाग में चलाए गए अभियान के दौरान, टीम ने मुख्य सड़कों, गलियों, स्थानीय इलाकों, आवासीय क्षेत्रों और ट्रैफिक जंक्शनों पर रैंडम चेक किए। इस अभियान के दौरान, पांच ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों पर भिखारी के रूप में पाया गया। पूछताछ करने पर उनकी पहचान भारतीय नागरिकों के रूप में संदिग्ध प्रतीत हुई। उनकी विस्तृत पूछताछ के बाद, उन्हें अवैध रूप से बांगलादेशी नागरिक के रूप में पहचानने और गिरफ्तार करने के बाद यह पुष्टि हुई कि वे भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे। इसके बाद देर रात और सुबह के समय 30 जून को एक पुरुष और एक महिला को शालीमार बाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कपड़ा मार्केट में एक दुकान में लगी भीषण आग फायर ब्रिगेड की टीम ने पांच घंटे में पाया काबू

नई दिल्ली,। पूर्वी दिल्ली में चौहान बांगर की गली नंबर 14 में नूरानी कपड़ा मार्केट के एक कपड़े की दुकान में सोमवार रात भीषण आग गई। बताया गया कि आग रात में दो बजे लगी थी। वहीं, आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पांच घंटे में आग पर काबू पाया। दुकान के ऊपरी चार मंजिल भी आग की चपेट में आ गई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया गया कि जिस गली में आग लगी है, इसमें सीलमपुर के विधायक चौधरी जुबैर अहमद व पार्षद शगुफ्ता चौधरी भी रहती हैं।

### औद्योगिक क्षेत्रों में सख्ती से लागू किए जाएंगे प्रदूषण नियंत्रण के नियम

नई दिल्ली,। औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के नियम सख्ती से लागू किए जाएंगे। औद्योगिक क्षेत्रों को सुव्यवस्थित करने और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को मजबूत करने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने राजधानी दिल्ली के 25 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों के लिए पहले से निर्धारित व्यवस्था में सख्ती शुरू कर दी है। उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में इसे अंजाम दिया जा रहा है। उद्योग विभाग ने बताया है कि पुनर्विकास के लिए नई समय-सीमा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विचाराधीन है और उद्योग क्षेत्रों का पुनर्विकास उसी के अनुसार किया जाएगा। इन क्लस्टरों में मास्टर प्लान ऑफ दिल्ली 2021 के तहत पुनर्विकास की अनुमति वर्षों से रुकी हुई थी। सिरसा ने कहा कि यह निर्णय सिर्फ प्रशासनिक अनुमति से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह दिल्ली में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और सजग उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में एक जरूरी कदम है। कंसेंट के आवेदन प्रक्रिया को फिर से शुरू करके हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी औद्योगिक गतिविधि पर्यावरणीय जांच के बिना न चले। यह हमारे पर्यावरण एक्शन प्लान 2025 का एक महत्वपूर्ण चरण है। डीपीसीसी गंदे पानी और अपशिष्ट जल शोधन की निगरानी, हवा और धूल नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग, प्लास्टिक और ई-वेस्ट के सुरक्षित निपटान के उपाय और ध्वनि और हानिकारक अपशिष्टों पर नियंत्रण प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन सुनिश्चित करेगा।

### रहेजा डेवलपर्स के परिसरों पर ईडी के छापे

नई दिल्ली,। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले में रियल एस्टेट कंपनी रहेजा डेवलपर्स कंपनी के परिसरों पर छापे मारे। ईडी ने मंगलवार को बताया कि यह कार्रवाई घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी मामले में की गई। तलाशी के दौरान कई संपत्तियों का ब्योरा मिला है और अभियोजनयोग्य दस्तावेज मिले। ईडी ने एक बयान में बताया कि यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर तथा पंजाब के मोहाली में 27 जून को की गई थी। ईडी ने कहा कि उसका यह धनशोधन मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा ह्यरहेजा डेवलपर्स लिमिटेडह्न, इसके प्रबंध निदेशक नवीन रहेजा और अन्य के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों पर आधारित है। ईडी के अनुसार, प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया कि ह्यरहेजा डेवलपर्स लिमिटेडह्न ने विभिन्न समूह आवास परियोजनाओं में आवासीय फ्लैट देने का वादा करके निवेशकों और घर खरीदारों से धोखाधड़ी से ह्यकाफीह्न रकम जुटा ली, लेकिन वह किए गए वादे पर फ्लैट सौंपने में विफल रहा। निदेशालय ने कहा कि तलाशी के दौरान कई अभियोजन योग्य दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा जब्त किया गया।

# दिल्ली-एनसीआर के लोगों को मिली गर्मी से राहत अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज



नई दिल्ली,। दिल्ली-एनसीआर में अगले एक हफ्ते तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और मौसम सुहाना रहेगा, लेकिन ह्यूमिडिटी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 1 से 6 जुलाई तक बारिश की संभावना है। हालांकि, मौसम विभाग की ओर से किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 1 जुलाई से लेकर 4 जुलाई तक हर दिन थ्रर्थडरस्टॉर्म विथ रेन यानी गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 1 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री रहेगा। जबकि नमी (ह्यूमिडिटी) 90 प्रतिशत से 75 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई है। 2 जुलाई को तापमान 34 डिग्री और 26 डिग्री और 3 जुलाई को 33 डिग्री और 27 डिग्री रहेगा। मौसम विभाग ने बताया कि 5 और 6 जुलाई को मौसम ह्यरेन और थंडरशावरह्न यानी बारिश या गरज-चमक के साथ हल्की फुहारों के रूप में रहेगा। 5 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री, जबकि 6 जुलाई को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री रहेगा। इस दौरान ह्यूमिडिटी की दर 70 से 85 प्रतिशत तक बनी रहेगी। हालांकि, बारिश से मौसम कुछ हद तक राहत देगा, लेकिन वातावरण में अधिक नमी के कारण उमस लोगों को परेशान कर सकती है। सुबह और शाम के समय लोगों को सुहाना मौसम महसूस हो सकता है। लेकिन, दिन में गर्मी से राहत मिलने में थोड़ा समय लग सकता है।

# दिल्ली में 12 नए रास्तों पर चलेंगी देवी बसें

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली ईवी इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत बीते सप्ताह सड़कों पर उतारी गई इलेक्ट्रिक बसें 12 नए रूटों पर दौड़ेंगी। डीटीसी ने इन बसों के लिए रूट और फेयर स्टेज तय कर दिए हैं। इन बसों का संचालन शुरू होने से दिल्ली के 50 से ज्यादा इलाकों के लोगों को सहूलियत मिलेगी। दिल्ली ईवी इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत बीते सप्ताह सड़कों पर उतारी गई इलेक्ट्रिक बसें 12 नए रूटों पर दौड़ेंगी। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने इन बसों के लिए रूट और फेयर स्टेज तय कर दिए हैं। इन बसों का संचालन शुरू होने से दिल्ली के 50 से ज्यादा इलाकों के लोगों को सहूलियत मिलेगी। उन्हें यात्रा के अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी मिल सकेगी। इन बसों के रूटों को इस तरह से बनाया गया है कि मेट्रो स्टेशन, कॉलेज और प्रमुख अस्पतालों व दफ्तरों तक यात्रियों की पहुंच आसान हो सके। टर्मिनल से चलने वाली 10 रूटों की बसें अब नरेला ए-9 टर्मिनल से चलेंगी। डीटीसी के अधिकारी ने बताया कि रूट संख्या-103, 120, 131, 135, 193, 701, 708, 882 ए, 948 और एनसीआर रूट नरेला से बहादुरगढ़ तक चलने वाली बसें अब रोजाना नरेला ए-9 टर्मिनल से चलेंगी। तीन अन्य रूटों की बसें भी एक दिशा में इस टर्मिनल से होकर गुजरेंगी। देवी बसों का संचालन द्वारका सेक्टर-11 मेट्रो स्टेशन से द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन तक, मधुबन चौक से रोहिणी सेक्टर-22 के लखीराम पार्क, ढिचाऊं कला डिपो से पंडवाला कलां, द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन से पालम एक्सटेंशन, ढांसा स्टैंड मेट्रो स्टेशन से झाड़ौदा कलां बॉर्डर, कमरुद्दीन नगर से जीटीके बाईपास, कमरुद्दीन नगर से नजफगढ़ झाड़ौदा क्रॉसिंग, कमरुद्दीन नगर से राजधानी कॉलेज राजा गार्डन, कमरुद्दीन नगर से पंजाबी बाग टर्मिनल, कमरुद्दीन नगर से उत्तम नगर टर्मिनल तक चलाई जाएंगी। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीते शुक्रवार को 105 नई नारंगी रंग की इलेक्ट्रिक (दिल्ली ईवी इंटर-कनेक्टर) इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई थी। साथ ही नरेला में नवनिर्मित सेक्टर ए9 डिपो का उद्घाटन किया था। नौ मीटर लंबी नई इलेक्ट्रिक बसों की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए गुप्ता ने कहा कि ये बसें एयर कंडीशनिंग, पैनिक बटन और रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस हैं। उन्होंने कहा था हमारा लक्ष्य 100 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बनाना है, जो प्रदूषण कम करेगा और यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक, और ईको-फ्रेंडली यात्रा का अनुभव देगा।


# दिल्ली सरकार की महिला पेंशन योजना में सामने आई बड़ी गड़बड़ी 60 हजार से अधिक लाभार्थी पाई गईं अयोग्य




नई दिल्ली,। महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए सत्यापन अभियान के बाद दिल्ली सरकार की महिला पेंशन योजना के तहत 60,000 से अधिक लाभार्थी अपात्र पाई गई हैं। यह योजना विधवा, तलाकशुदा, अलग रह रही और निराश्रित महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल नवम्बर में शुरू किए गए डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान में व्यापक विसंगतियां सामने आईं। जिसके चलते 60,000 से अधिक अपात्र प्राप्तकर्ताओं के नाम अब लाभार्थी सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सत्यापन में कई ऐसे मामले सामने आए, जहां महिलाएं अब पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती थीं, लेकिन पेंशन प्राप्त करना जारी रखे हुए हैं। इनमें तलाकशुदा होने का दावा करने वाली पुनर्विवाहित महिलाएं, स्थिर आय के बावजूद सहायता प्राप्त करने वाली कार्यरत महिलाएं और अन्य शामिल थीं, जो अब अपने पंजीकृत पते पर नहीं रहती थीं। अधिकारी ने कहा कि योजना के मौजूदा मानदंडों के तहत कई लाभार्थी अपात्र पाए गए। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में सत्यापन अभियान पूरा हो चुका है और डेटाबेस में आवश्यक सुधार किए गए हैं।

# दिल्ली में पुरानी गाड़ियों को नहीं मिलेगा पेट्रोल और डीजल, निगरानी के लिए पुलिस टीमें तैनात

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से मंगलवार से एक महत्वपूर्ण यातायात नियम लागू कर दिया गया है। राजधानी में 10 साल से अधिक पुरानी डीजल गाड़ियों और 15 साल से अधिक पुरानी पेट्रोल गाड़ियों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही यदि कोई ऐसी गाड़ी ईंधन भरवाने की कोशिश करती है तो उसे जब्त किया जा सकता है। परिवहन विभाग ने दिल्ली पुलिस और यातायात कर्मियों के साथ मिलकर सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए खास रणनीति बनाई है। मंगलवार को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से तस्वीरें आईं, जहां आम जनता के लिए पेट्रोल पंपों पर नोटिस लगाए गए हैं। मेहरौली-बदरपुर रोड स्थित लाल कुआं के भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर सुबह से ही वाहन चालक पेट्रोल भरवाने के लिए पहुंचे। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें रात 12 बजे के बाद प्रशासन की ओर से निर्देश प्राप्त हो गए थे कि तय समय सीमा से पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा, ह्लअब हम गाड़ियों की स्थिति और रजिस्ट्रेशन साल देखकर ही ईंधन भर रहे हैं। यदि कोई जबरदस्ती करता है तो उसके लिए हमें पुलिस की मदद लेने के लिए नंबर दिए गए हैं। इसी तरह चिराग दिल्ली स्थित पेट्रोल पंप पर ट्रांसपोर्ट एनफोर्समेंट और ट्रैफिक पुलिस की टीम तैनात दिखी, जो 10 साल पुरानी डीजल गाड़ी और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर कड़ी निगरानी रख रही है। ट्रांसपोर्ट एनफोर्समेंट के सब इंस्पेक्टर धर्मवीर ने कहा, ह्लदिल्ली सरकार के इस फैसले का सख्ती से पेट्रोल पंप पर पालन करवा रहे हैं। सुबह 6 बजे से ही ड्यूटी लगा दी गई है। लोकल थाने की पुलिस और ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी हमारी मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्लतमाम पेट्रोल पंप पर कैमरे और हूटर लगा दिए गए हैं। अगर कोई तयशुदा पैमाने पर खरी न उतरती गाड़ी आती है तो कैमरा उसको डिटेक्ट कर लेता है, जिसके बाद ऑटोमेटिक हूटर बजने लग जाता है। इस फैसले पर दिल्लीवासियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, हालांकि अधिकांश लोग इसे एक जरूरी और सार्थक कदम मान रहे हैं। पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे अनूप कुमार गुप्ता ने कहा कि यह सरकार का बहुत अच्छा कदम है। अगर गाड़ियों को 15 साल हो चुके हैं, तो उन्हें हटाना ही बेहतर है। प्रदूषण ज्यादा होगा तो बीमारियां भी बढ़ेंगी। यह फैसला बिल्कुल सही है। कंज्यूमर मनिंदर ने भी सरकार के फैसले को सही बताते हुए कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदूषण कम होगा। इससे हमें राहत मिलेगी। मैं इस कदम का पूरा समर्थन करता हूं। हालांकि, कुछ लोगों ने नियमों को लेकर सवाल भी उठाए। एक व्यक्ति ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि डीजल और पेट्रोल की गाड़ियों के लिए अलग-अलग नियम ठीक नहीं हैं। या तो दोनों को 10 साल में बैन करें या दोनों को 15 साल में। दोनों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। वहीं, मनोज भसीन ने कहा कि यह सरकार का सही और सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। पुरानी गाड़ियां प्रदूषण की मुख्य वजह हैं। उन पर रोक लगाना जरूरी है। सरकार को सख्ती से इस नियम का पालन करवाना चाहिए।

# दिल्ली की सीएम के बंगले की सजावट पर खर्च होंगे लाखों रुपये

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता जल्द ही राज निवास मार्ग पर स्थित अपने नए आधिकारिक आवास बंगला नंबर 1 में रहने आएंगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा जारी टेंडर नोटिस के अनुसार, विभाग जुलाई के पहले पखवाड़े में इस बंगले के रेनोवेशन और साज-सज्जा का काम शुरू करेगा। इसमें दो टन के 24 एसी के अलावा, 5 बड़े एचडी टीवी और 6 गीजर और झूमर और लाइटें लगाई जाएंगी। सीएम फिलहाल शालीमार बाग में अपने निजी घर में रहती हैं। बंगला नंबर 1 टाइप 7 का घर है। इसमें चार बेडरूम संग अटैच बाथरूम, एक ड्राइंग रूम, एक विजिटर्स हॉल, नौकरों का कमरा और एक किचन है, इसके अलावा एक लॉन और बैकयार्ड भी शामिल है। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि बंगले के रेनोवेशन के फर्स्ट फेज में बिजली के उपकरण बदलने और बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। वहीं अन्य सिविल वर्क में संशोधन के लिए अलग-अलग टेंडर जारी किए जाएंगे। 28 जून को जारी टेंडर के अनुसार, प्रस्तावित अतिरिक्त कामों में 14 एयर कंडीशनर, 10 फ्लड लाइट, झूमर, दीवार रोशनी के उपकरण और एक इलेक्ट्रिक चिमनी आदि शामिल हैं। इसके लिए बिड 4 जुलाई को खोली जाएंगी। पीडब्ल्यूडी टेंडर के अनुसार, फर्स्ट फेज के कामों पर कुल 60 लाख रुपये की लागत आएगी। इसमें सप्लाई, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग शामिल है, जो 60 दिन में पूरा करना होगा। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि पहले इस बंगले का इस्तेमाल एलजी सचिवालय के कार्यालय के तौर पर किया जा रहा था, न कि आवास के तौर पर। इसे सीएम के परिवार के रहने लायक बनाने के लिए इसके रेनोवेशन और अपग्रेडेशन की जरूरत है। सीएमओ ने इस विषय पर पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने बताया कि 80 लाइट पॉइंट, फैन पॉइंट, एग्जॉस्ट और अन्य सेक्शन को पूरी तरह से फिर से वायर करना होगा। पीडब्ल्यूडी टेंडर में कहा गया है कि 23 प्रीमियम एनर्जी एफिशिएंट सीलिंग फैन, 16 वॉल फैन और दो टन के 24 एयर कंडीशनर लगाए जाएंगे। अकेले एयर-कंडीशनिंग पर करीब 11,11,342 रुपये का खर्च आएगा।

# पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का बदलेगा नाम सीएम रेखा गुप्ता ने रेल मंत्री को लिखा पत्र



नई दिल्ली,। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन करने की मांग की है। सीएम ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस प्रस्ताव में विचार करने का आग्रह किया है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन करने की मांग की है। सीएम ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस प्रस्ताव में विचार करने का आग्रह किया है। 19 जून को लिखे पत्र में रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कदम अहिंसा, शांति और सामाजिक न्याय के प्रतीक माने जाने वाले महान महाराजा अग्रसेन को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भेजे पत्र में लिखा मैं आपसे पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन के सम्मान में रखने पर विचार करने का आदरपूर्वक अनुरोध करती हूं। महाराजा अग्रसेन एक सम्मानित ऐतिहासिक व्यक्तित्व थे, जिनकी विरासत का भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास पर, विशेष रूप से दिल्ली में गहरा प्रभाव पड़ा है। स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन रखना उनके स्थायी योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यह उन लाखों दिल्लीवासियों की भावनाओं से गहराई से जुड़ेगा, जो उनका बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन को सामाजिक न्याय, आर्थिक दूरदर्शिता और समाज कल्याण का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा, उनके अनगिनत अनुयायी और वंशज दिल्ली के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं आपके मंत्रालय द्वारा इस प्रस्ताव पर अनुकूल और शीघ्र विचार करने में आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप के लिए वास्तव में आभारी रहूंगी। राजधानी के चांदनी चौक क्षेत्र में स्थित पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन सबसे पुराना रेलवे स्टेशन है। 1864 में बने इस रेलवे स्टेशन की इमारत को पास के लाल किले की स्थापत्य शैली में डिजाइन किया गया था। इस स्टेशन को दिल्ली जंक्शन के रूप में भी जाना जाता है, यह भारत के रेलवे नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है। स्टेशन पर 18 प्लैटफार्म हैं, जिनमें से दो प्लैटफॉर्म पर 24 कोच वाली दो ट्रेनें एक साथ खड़ी हो सकती हैं।

# आप मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पटका पहनाकर सुमन राजोरा व उनके पति को पार्टी में शामिल किया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




नई दिल्ली, दिल्ली नगर निगम में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को वार्ड 50 से पार्षद सुमन टिंकू राजोरा भाजपा को छोड़कर वापस आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। ह्यह्यआपह्लह्ल मुख्यालय पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पटका पहनाकर उन्हें और उनके पति टिंकू राजोरा को पार्टी में शामिल किया और ह्यह्यआपह्लह्ल परिवार में शामिल होने पर बधाई दी। इस दौरान एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि विपक्ष में रहकर भी आम आदमी पार्टी दिल्ली की गरीब जनता की मजबूत आवाज बनकर खड़ी है। हम भाजपा सरकार पर नजर रखे हुए हैं ताकि वह जनहित के काम करे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमसीडी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि आज बहुत हर्ष की बात है कि वार्ड नंबर 50 से निगम पार्षद सुमन टिंकू रजोरा और उनके पति टिंकू रजोरा भाजपा को छोड़कर दोबारा आम आदमी पार्टी के परिवार में शामिल हो गए हैं। आप दिल्ली की जनता, खासकर गरीब जनता की आवाज बनकर खड़ी हुई है। विपक्ष में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी इस बात पर नजर रख रही है कि जनता के हित में काम हो। इससे प्रभावित होकर सुमन टिंकू रजोरा और उनके पति टिंकू रजोरा ने भाजपा को छोड़कर आप में आने का फैसला किया। हम इनका हार्दिक स्वागत करते हैं। इस दौरान सुमन टिंकू रजोरा कहा कि मैं अपने आम आदमी पार्टी परिवार में वापस आकर बहुत खुश हूं। इस खुशी को बयां नहीं कर सकती। कुछ माह पहले मुझसे बहुत बड़ी गलती हुई थी, जब मैं आप को छोड़कर भाजपा में चली गई। मैं इसे अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती मानती हूं। मैंने ऐसी गलती की और फिर भाजपा की सरकार बन गई। मैंने देखा कि भाजपा गरीबों पर अत्याचार कर रही थी। भाजपा ने वादा किया था कि जहां झुग्गी, वहां मकान देंगे, लेकिन बाद में उसने झुग्गीवालों को बेघर कर दिया। उनके सिर से छत छीन ली और उन्हें पूरी तरह अलग-थलग कर दिया। सुमन टिंकू रजोरा कहा कि यह देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। मुझे महसूस हुआ कि भाजपा में जाकर मैंने बहुत बड़ी गलती की। मैंने एमसीडी के चेयरमैन में अपनी गलती सुधारने की कोशिश की और आपह्न प्रत्याशी को वोट देकर चेयरमैन बनवाया। तब जाकर मेरे दिल को ठंडक मिली। भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो गरीबों का साथ बिल्कुल नहीं देती। बीजेपी गरीबों को जड़ से मिटाना चाहती है। भाजपा को अरविंद केजरीवाल से कुछ सीखना चाहिए। अरविंद केजरीवाल जो कहते हैं, वह करते हैं। मेरा एक सपना है और रोज प्रार्थना करती हूं कि अरविंद केजरीवाल आने वाले समय में प्रधानमंत्री बनें।

# मनजिंदर सिंह सिरसा माफी मांगें, हम झुग्गीवासियों और पूर्वांचलियों के साथ आप नेताओं का निशाना



नई दिल्ली,। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि जब भी चुनाव आता है तो ये लोग पूर्वांचलियों से प्यार दिखाते हैं, बिहार दिवस मनाते हैं। जब चुनाव हो जाता है तो इनसे नफरत करने लग जाते हैं। यूपी-बिहार के चुनाव में वहां के लोग बीजेपी को हराकर जवाब देंगे। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बीजेपी सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के बांग्लादेशी-रोहिंग्या वाले बयान का विरोध जताया है। घर-रोजगार बचाओ आंदोलन की कड़ी में हुए आज के प्रदर्शन में विधायक संजीव झा, पूर्व विधायक ऋतुराज झा, अखिलेशपति त्रिपाठी, विनय मिश्रा और दिल्ली महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा दिल्ली के झुग्गी झोपड़ी के पूर्वांचलवासियों को बांग्लादेशी/रोहिंग्या कहना अपमानजनक है। इस अपमान के खिलाफ सभी पूर्वांचल के लोगों में भारी आक्रोश है। पूर्वांचल के सम्मान को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी हमेशा उनके साथ खड़ी है। विधायक संजीव झा ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली में झुग्गियों को तोड़ रही है। इन झुग्गियों में बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग बहुतायत में रहते हैं। रविवार को जंतर-मंतर पर झुग्गीवासी इकट्ठा थे। संजीव झा ने कहा कि अब मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आंदोलन में मौजूद लोगों को रोहिंग्या और बांग्लादेशी बताया, यह गलत है। संजीव झा ने कहा कि ये लड़ाई पूर्वांचल के स्वाभिमान और अस्मिता की है, बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों के सम्मान का सवाल है। मनजिंदर सिंह सिरसा माफी मांगें। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो जहां-जहां मनजिंदर सिंह सिरसा जाएंगे, बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग उनका विरोध करेंगे। आप के दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल विंग के अध्यक्ष अखिलेश पति त्रिपाठी ने कहा कि देश इस तरह के बयान को बर्दाश्त नहीं करेगा। मनजिंदर सिंह सिरसा को पूर्वांचल के लोगों से माफी मांगनी होगी।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात: किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 02 जुलाई, 2025

## इनको काम नहीं, सिर्फ बहाने बनाने हैं, ये पांच साल तक सिर्फ बहाने बनाएंगे और केजरीवाल को गालियां देंगे : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने बीजेपी सरकार द्वारा पुराने वाहनों को पेट्रोल पंपों पर जब्त करने और बारिश के मौसम में कृत्रिम बारिश कराने के फैसले गलत बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। हआपह के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी को सरकार चलानी नहीं आती है। ये लोग सरकार नहीं, फुलेरा की पंचायत चला रहे हैं। पुराने वाहनों को पेट्रोल पंपों पर जब्त करने से कर्मचारियों और वाहन मालिकों के बीच लड़ाई- झगड़ा होगा। वहीं, बीजेपी सरकार ने सड़कों के गड्ढे भरने का सिर्फ दिखावा किया। छोटे गड्ढे तो भर दिए, लेकिन बड़े गड्ढों को छोड़ दिया। इनको काम नहीं, सिर्फ बहाने बनाने हैं। ये पांच साल सिर्फ बहाने बनाएंगे और केजरीवाल को गालियां देंगे।वहीं,अरविंद केजरीवाल ने हमेशा जनादेश का सम्मान करते हुए काम किया, उन्होंने कभी शीला दीक्षित सरकार का बहाना नहीं बनाया। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने 1 जुलाई से दिल्ली से पुरानी गाड़ियों को हटाए जाने को लेकर मंगलवार को कहा कि भाजपा दिल्ली में सरकार नहीं चला रही, बल्कि वह फुलेरा की पंचायत जैसा प्रशासन चला रही है। यदि पुराने वाहनों को सड़कों से हटाना है, तो क्या इसके लिए कोई और तरीका नहीं मिला? पेट्रोल पंपों पर लड़ाई-झगड़ा और हंगामा मचाओगे? क्या सरकार इस तरह से काम करती है?पेट्रोल पंपों पर कर्मचारी और ग्राहक के बीच लड़ाई-झगड़ा होगा। पेट्रोल पंप मालिकों की एसोसिएशन कह रही है कि यह नीति अव्यवहारिक है। सरकार फुलेरा की पंचायत की तरह चल रही है और इन लोगों को न तो सरकार चलाना आती है और न ही ये चला सकते हैं। सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में हो रही रोज की बारिश के बावजूद दिल्ली सरकार के कृत्रिम वर्षा (आर्टिफिशियल रेन) कराने के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यह किस तरह के अफसर है, जिसने तय किया कि मानसून के दौरान दिल्ली में कृत्रिम वर्षा का पायलट प्रोजेक्ट किया जाएगा, जबकि दिल्ली में पहले से ही बारिश हो रही है। फुलेरा की पंचायत के लोग भी इस तरह का अव्यवहारिक फैसला नहीं लेंगे। ईश्वर भाजपा के लोगों को सद्बुद्धि दे। जो अफसर रोजाना काम में अड़ंगा डालते थे, वे ऐसी फाइलों को कैसे मंजूरी दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी जब सरकार में आएगी, तब इन सभी मामलों की जांच कराई जाएगी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगले पांच साल तक मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सिर्फ हआपह को गाली देती रहेंगी। पांच साल बाद वह यही कहेंगी कि पिछली सरकार में अरविंद केजरीवाल ने ऐसा किया, इसलिए कुछ नहीं हो पाया। जब हआपह ने शीला दीक्षित के खिलाफ चुनाव लड़ा और सरकार बनाई, तब कभी यह बहाना नहीं बनाया कि शीला दीक्षित ने ऐसा किया, इसलिए काम नहीं हो रहा। हआपह ने हमेशा कहा कि हमें जिस स्थिति में जनादेश मिला, उसका सम्मान करते हुए हम जनता के लिए काम करेंगे। दिल्ली की मौजूदा बीजेपी सरकार को काम करने की इच्छा नहीं है, वह सिर्फ बहानेबाजी करती है। अगर इनकी सरकार पांच साल चली, तो यह सिर्फ बहाने बनाएंगे। सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर कहा कि पुरानी गाड़ियों को रोकने का और कोई तरीका नहीं था क्या? अब जब दिल्ली में मानसून आ गया है, तो ये कृत्रिम बारिश का पायलट प्रोजेक्ट चलाएंगे, छोटे गड्ढे भर दिए, लेकिन बड़े गड्ढों को वैसे ही छोड़ दिया। इनको सरकार चलाना नहीं आता और ना ही इसे सरकार चलेगी। बीजेपी शासित उड़ीसा में उसके पार्षदों ने आईएएस को पीटा, अब किसी का खून नहीं खौल रहा - सौरभ भारद्वाज सौरभ भारद्वाज ने उड़ीसा के भुवनेश्वर में एक आईएएस अधिकारी के साथ मारपीट करने की वायरल वीडियो पर कहा कि दिल्ली में कहा गया कि अंशु प्रकाश को तथाकथित किसी ने थप्पड़ मारा। उस समय उसके ऊपर पूरा जमीन आसमान एक कर दिया गया। अब वे सभी आईएएस अधिकारी कहां छिपे हैं, जो पहले टीवी पर आकर हआपह और अरविंद केजरीवाल को गालियां देते थे। वे भाजपाई कहां गए, जो अराजकता की बात करते थे। अब क्या होगा? क्या पूरे देश में आईएएस अधिकारी हड़ताल पर चले जाएंगे? सौरभ भारद्वाज ने इस मामले को लेकर आईएएस एसोसिएशन पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या आईएएस एसोसिएशन यह मानता है कि वह भी एक राजनीतिक बॉडी है। उन्होंने मनोज तिवारी द्वारा एक आईएएस अधिकारी का गिरेबान पकड़ने की घटना का जिक्र किया और कहा कि जब मनोज तिवारी ने एक आईएएस का गिरेबान पकड़ लिया, उस समय आईएएस एसोसिएशन चुप रही, कोई हड़ताल नहीं हुई, कोई आवाज नहीं उठी। क्या भाजपा हो आईएएस, आईपीएस और अन्य अधीनस्थ सेवा संगठनों को चलाती है? क्या ये सभी संगठन भाजपा के इशारों पर काम करते हैं? सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर कहा कि उड़ीसा में आईएएस की पिटाई। ओड़िशा की भाजपा सरकार में भाजपा के पार्षदों ने एडिशनल कमिश्नर को गिरा गिरा के मारा।




## सेवानिवृत्त हुए उर्दू अनुवादक रईस उद्दीन सम्मान के साथ किया गया विदा




स्योहारा। थाना स्योहारा डाक कार्यालय के उर्दू अनुवादक ( सहायक लिपिक ) रईस उद्दीन निवासी ग्राम बहादुरपुर सरफुद्दीन थाना किरतपुर सेवानिवृत्त हुए जिन्हें स्योहारा थाना अध्यक्ष अमित कुमार एवं समस्त स्टाफ द्वारा बड़े ही सम्मान के साथ पुलिस लाइन बिजनौर के लिये विदा किया गया। थाना स्योहारा में उर्दू अनुवादक( सहायक लिपिक ) के पद पर तैनात रईस उद्दीन ने हमेशा प्राथमिकता के आधार पर अनुशासन के साथ कर्तव्य पालन किया। रईसुद्दीन शांत स्वभाव मृदु भाषी अपने कार्य के प्रति समर्पित एक ईमानदार व्यक्तित्व के धनी रहे हैं उन्हें सेवानिवृत के उपरांत थाना अध्यक्ष अमित कुमार एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं और बधाई देते हुए छाता व दीवार घड़ी दी एवं फूलों की माला पहनाकर व शाल उड़ाकर सम्मानित किया। विदाई के समय सहायक लिपिक रईसउद्दीन ने कहा कि मैं आजीवन स्टाफ से मिलने वाला प्यार व सहयोग कभी नहीं भूल पाऊंगा। मैं सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। विदाई समारोह में वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत कुमार ,उपनिरीक्षक राजेश कुमार,उपनिरीक्षक असकर खान, उप निरीक्षक अरुण कुमार, उप निरीक्षक सहसपुर चौकी इंचार्ज यशदेव शर्मा, कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल विवेक शेरावत, कांस्टेबल डाक कार्यालय प्रभारी लोकेश मलिक, कंप्यूटर ऑपरेटर ओमवीर चौधरी,कांस्टेबल छोटेलाल ,कांस्टेबल देवीदास, कंप्यूटर ऑपरेटर अंकुल यादव, आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित जनों को जलपान भी कराया गया।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संचारी रोग नियंत्रण ऑटो रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखाकर की अभियान की शुरूआत

प्रात: किरण संवाददाता




बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने 01 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता ऑटो रिक्शा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही कार्यक्रम को पूरे मानक और गुणवत्ता के साथ संचालित करने के दिए निर्देश भी दिएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को नेहरू स्टेडियम में मौजूद संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता ऑटो रिक्शा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा उससे पूर्व संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित सामूहिक शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी/नोडल अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी राहुल कुमार, सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के गुणवत्तापूर्वक संचालन से संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई है और रोगों के फैलाव पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका है। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत अभियान की भांति आज 01 जुलाई से 31 जुलाई,2025 तक संचालित रहने वाले इस अभियान को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार सम्पन्न कराएं ताकि जनसामान्य में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता और सतर्कता पैदा की जा सके। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद रैली के साथ मार्च करते हुए नुमाइश ग्राउंड तक अगुवाई की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा इंदिरा सिंह ने सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि हहम अपने गांव, ब्लॉक, जिला और देश को रोग मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम शपथ लेते हैं कि व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ सफाई रखेगें, अपने गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तथा समुदाय को साफ सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगें। संचारी रोग हमारे गांव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को आर्थिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते हैं। हम शपथ लेते हैं कि संचारी रोगों से लड़ाई में हम हर संभव प्रयास करेंगें कि हमारे परिवार और समुदाय इन रोगों से मुक्त रहें। हमारे गांव अथवा हमारे आस-पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगे।

## सपाईयों ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन

### अखिलेश यादव ने पीडीए का गठन करके समाज के लोगों को एकजुट करने का काम किया: परवेज अली

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। सपाईयों ने सपा सुप्रीमों/ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिन धूमधाम से मनाया। और कार्यकताओं ने केक काटकर उनकी दीघार्यु की कामना की।साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि आज अखिलेश यादव देश की राजनीति में केंद्र बिंदु बने हुए हैं। देश में उनको पीडीए के नायक माना जाता है। अखिलेश यादव ने पीडीए का गठन करके समाज के लोगों को एकजुट करने का काम किया है। समाजवादी पार्टी समाज के सभी लोगों को उत्थान चाहती है। मंगलवार को पूर्व एमएलसी परवेज महबूब अली ने अपने कैम्प कार्यालय पर सपा प्रमुख/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिवस केक काटकर मनाया। साथ ही सभी पार्टी कार्यकर्ताओ ने हार्दिक शुभकामनाऐ देकर श्री यादव की दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर श्री अली ने कहा कि समाजवादी पाट्री के विकास कार्य एवं लोक लुभावन कार्य पद्धति के कारण जनता समाजवादी सरकार को याद कर रही हैं। समाजवादी सरकार में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे का निर्माण, लखनऊ में एकाना अर्न्तराष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण कराया, मैट्रो ट्रैन का लखनऊ में उदघाटन चारबाग तक, त्वरित गति से न्याय दिलाने हेतु डायल 100 पुलिस सेवा प्रारम्भ, लाखो छात्र छात्राओ को लैपटाप वितरण, मजदूरो को मुफ्त साईकिल वितरण, लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कार्य, आदि प्रमुख कार्य किये। इस मौके पर जाहिद हुसैन, बॉबी भगत सिंह, साजिद अली, शशीकांत गोयल, वीरभान सिंह यादव, सर्वेश सैनी, इकरार मैम्बर, दानिश इजि०, राजकुमार यादव, लता सागर, पप्पन खॉ, सरताज आलम मैम्बर, शमीमूददीन मैम्बर, वहाब सैफी, आदि सैकड़ो की सख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## पालिका अध्यक्ष ने हरी झंड़ी दिखाकर किया संचारी रोग अभियान का शुभारंभ



मंडी धनौरा। नगर के मौहल्ला सुभाषनगर में संचारी रोग और दस्तक अभियान की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर की। इस दौरान अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि अभियान के अंर्तगत आमजन को संचारी रोग से बचाव, स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा और प्रतिदिन हर वार्ड में संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संचारी और दस्तक रोग अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक हर वार्ड में चलाया जाएगा और हर वार्ड में एंटी लार्वा स्प्रे और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जाएगा। इस मौके पर सभासद गुरुचरण, सभासद राजेन्द्र सिंह, सतीश, विशाल शर्मा, निशान्त, महेंद्र सिंह, राजकुमार, मनोज आदि मौजूद रहे।

## फर्जी पुलिस गैंग का पदार्फाश, आठ लुटेरे गिरफ्तार

नई दिल्ली, । पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ ने एक ऐसे शातिर गैंग का पदार्फाश किया है, जो पुलिसकर्मियों का रूप धारण करके लूटपाट किया करता था। इस मामले में कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटे गए पैसे, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अपराध में इस्तेमाल की गई गाड़ियों को बरामद किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान शास्त्री पार्क निवासी हनी कुमार (31), रोहिणी निवासी सन्नी शर्मा (28), कराला निवासी अंकित जैन (32), पीतमपुरा निवासी विक्रम सिंह (35), करावल नगर निवासी राहुल गुप्ता (27), रोहिणी निवासी राहुल यादव (27), रामा विहार निवासी अनिल कांत (33) और रामा विहार निवासी जीतपाल (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो कारए एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन दस हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस के अनुसार, 26 जून को लक्ष्मी नगर इलाके में एक इंश्योरेंस पॉलिसी ऑफिस में चार अपराधी खुद को दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ का अधिकारी बताकर कार्यालय में घुसे। उन्होंने कार्यालय के मालिक सलमान से मोबाइल फोन और लैपटॉप छीनकर उसे एक हुंडई वेन्यू कार में जबरन बैठाकर शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। इसके बाद आरोपित 1.5 लाख की लूट की। जिसमें से 70 हजार एक बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी और तकनीकी निगरानी से हुई गिरफ्तारी पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी निगरानी का सहारा लिया। जिसके बाद आरोपितों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 28 जून की रात को पांच आरोपितों को नोएडा लिंक रोड से गिरफ्तार किया। इन आरोपितों के पास से हुंडई कार बरामद हुई। जिसका उपयोग अपराध में किया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस तीन अन्य आरोपितों को दबोचा। गैंग के मास्टरमाइंड का खुलासा पूछताछ में यह पता चला कि गैंग का मास्टरमाइंड हनी कुमार है। यह पहले शिकायतकर्ता का कर्मचारी था। आरोपित ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते इस लूट की योजना बनाई। हनी कुमार ने सन्नी शर्मा को अंदरूनी जानकारी दी और फिर उसने अपने अन्य साथियों को लूट में शामिल किया। आरोपित सन्नी शर्मा पहले भी एक साइबर धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। वहीं इस मामले में आरोपित अंकित जैन का भी नाम सामने आया है, जो पहले भी दो अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गैंग पैसों की लूट के लिए पुलिस अधिकारियों का रूप धारण करता था ताकि आम नागरिकों को ज्यादा शक न हो और वे आसानी से उनका शिकार बन सकें। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने दी नागरिकों को अहम सलाह इस घटना के बाद पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति द्वारा पुलिस होने का दावा करने पर सतर्क रहें। विशेष रूप से जब वे ऑफिस या घरों में हो।

## डीसीपी प्रशांत गौतम की सख्त निगरानी में शाहदरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, साइबर ठगी का जाल तोड़ा

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी, गोरखपुर से दो गिरफ्तार, नेपाल तक फैला था नेटवर्क

प्रात: किरण .मनोज जैन



शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम की सतर्क निगरानी और सक्रिय नेतृत्व में साइबर थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पदार्फाश किया है, जो देशभर में लोगों को ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करता था। यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के बाद शुरू हुई, जिसमें उसने बताया कि उसकी पहचान व्हाट्सएप के माध्यम से एक युवती साक्षी यादव से हुई थी, जिसने उसे ट्रेडिंग के जरिए भारी लाभ कमाने का भरोसा दिलाया। युवती ने उसे दो समूहों में जोड़ा, जहाँ उसके कथित चाचा और एक अन्य व्यक्ति राकेश भी जुड़े थे। इन सभी ने मिलकर 8,15,000 की राशि निवेश के नाम पर अलग-अलग खातों में मंगवा ली। जांच के बाद साइबर थाना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें उपनिरीक्षक श्वेता शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक राजदीप, हेड कांस्टेबल जावेद, हरेन्द्र और कांस्टेबल रंजीत शामिल रहे। जांच के दौरान बैंक खातों के माध्यम से यह सामने आया कि अधिकांश राशि गोरखपुर निवासी शशि प्रताप सिंह और उसके पिता रामाशंकर सिंह के खाते में पहुंची। पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि खाता शशि ही चला रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से कई अहम वस्तुएं जब्त की गईं जिनमें मोबाइल फोन, सिम कार्ड, चेक बुक व कंपनी की मुहरें शामिल हैं। गिरफ्तार शशि प्रताप सिंह ने बताया कि उसे निहाल पांडे नामक युवक नेपाल लेकर गया था, जहाँ एक होटल में रुककर गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर ठगी का संचालन किया गया। वहां उसने अपने नाम का बैंक खाता और सिम कार्ड गिरोह को सौंप दिया, बदले में उसे नकद आठ से दस लाख रुपये दिए गए। पुलिस ने निहाल पांडे को भी गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया, उसके पास से बैंक दस्तावेज, मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किए गए। पूछताछ में यह सामने आया कि गिरोह ने एक महीने में 10 करोड़ से अधिक की ठगी को अंजाम दिया। डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि यह गिरोह सोशल मीडिया व संदेश सेवा के माध्यम से लोगों को पहले छोटे निवेश पर लाभ दिखाकर विश्वास में लेता था, फिर धीरे-धीरे बड़ी राशि मंगवाकर अंततः संपर्क तोड़ देता था। उन्होंने शाहदरा पुलिस टीम की चौकसी और तकनीकी जांच की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जनता को भी सावधान रहने की सलाह दी गई है, ताकि वे किसी लालच में आकर अपना धन न गंवाएं।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 30 साल का कारावास

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । साकेत जिला अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी रामेश्वर को 30 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिवानी चौहान की अदालत ने फैसले में कहा कि अपराध के दिन दोषी की उम्र 50 साल थी, जबकि नाबालिग पीड़िता की उम्र महज सात साल और नौ महीने थी। पीड़िता और दोषी की उम्र में काफी अंतर है। ऐसे में दोषी किसी भी नरमी का हकदार नहीं है। अदालत ने पीड़िता को साढ़े दस लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। यह मामला वर्ष 2017 में ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाने में दर्ज किया था। मामले की जांच एसआई पूजा चंदेल ने की थी। मामले में दोषी ने बच्ची को मिठाई का लालच देकर अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। साथ ही, घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। अदालत ने दोषी को आईपीसी की विभिन्न धाराओं और पाक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दोषी ठहराया था। अदालत ने कहा कि दोषी के कृत्य ने समाज में और पीड़िता के मन में चिंता पैदा कर दी है। दोषी किसी भी प्रकार की नरमी का हकदार नहीं है।

## सात जुलाई तक मनाया जाएगा वन महोत्सव

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। डीएम निधि निधि गुप्ता ने मंगलवार को कलक्ट्रेट कार्यालय में पौधरोपण के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि पौधरोपण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। ईओ अमरोहा को निर्देशित किया कि जोया-अमरोहा मार्ग पर दोनों ओर पौधरोपण किया जाए। डीडीओ को निर्देशित किया कि बीएसए के सहयोग से जिले के सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं से पौधरोपण कराया जाए। डीएफओ ने बताया कि तिगरिया में अटल उद्यान बनाया जाएगा।

## 2027 के विधानसभा चुनावों में बनेगी सपा की सरकार: भूपेंद्र सिंह

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



प्रात: किरण संवाददाता

गजरौला। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया और उनकी दीघार्यु की कामना की। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस पर हम सबको प्रण लेना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी, डॉ.जितेन्द्र यादव, अशोक चौधरी, नगराध्यक्ष कामिल मंसूरी, अनिल चौधरी, रवि चौहान, आशीष अग्रवाल, सुरेन्द्र चौहान, अमन सिरोही, अरुण चौधरी, योगेन्द्र उपाध्याय, चंद्रपाल यादव, कुलदीप देवल, सचिन यादव, अरुण यादव, विजय शर्मा, नन्हें शर्मा, रविन्द्र प्रधान, फरमान सिद्दीकी, नमन चौधरी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छुट्टियों के बाद स्कूल पहुंचे छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । गर्मियों की छुट्टियों के बाद मंगलवार को काफी संख्या में छात्र अपने स्कूल पहुंचे। इस दौरान उनके चेहरे पर मुस्कान थी। इस दौरान स्कूलों ने भी तिलक लगाकर और गुलाब का फूल देकर छात्रों का स्वागत किया। स्कूलों के प्रधानाचार्यों के अनुसार कक्षाओं की साफ-सफाई के साथ छात्रों के लिए पेयजल व्यवस्था को भी सुनिश्चित की गई है। मंगलवार को 1700 निजी स्कूलों में छात्रों की कक्षाएं लगीं। इस दौरान कई छात्र अपने विज्ञान विषय से जुड़े प्रोजेक्ट भी लेकर स्कूल पहुंचे। छात्रों को छुट्टियों में होमवर्क के साथ कई प्रोजेक्ट को तैयार करने का कार्य भी दिया गया था, जिसे छात्र अपने शिक्षकों को दिखाने के लिए लेकर आए थे। प्रवेश द्वार और रिसेप्शन पर रंगोली बनाई दिल्ली के विभिन्न स्कूलों में प्रवेश द्वार और रिसेप्शन पर छात्रों के स्वागत के लिए रंगोली बनाई गई। कक्षाओं को फूल और गुब्बारों से भी सजाया गया। स्कूलों में पहला दिन स्वागत उत्सव के रूप में मनाया गया। छात्रों ने भी पहले दिन कक्षाओं में पढ़ाई के साथ कई तरह के खेल भी अपने दोस्तों के साथ खेले।

## जामिया को नया विभाग स्थापित करने की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । जामिया मिल्लिया इस्लामिया में लगभग चार दशकों के बाद पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग स्थापित करने को लेकर मंजूरी मिल गई है। जामिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय में 6 शिक्षण पदों को मंजूरी दी है। संस्थान का कहना है कि यह एक उल्लेखनीय विस्तार है, क्योंकि 1985 से जेएमआई स्थायी संकाय सदस्यों के बिना बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (बी.लिब.आई.एस.सी.) पाठ्यक्रम चला रहा है। इस बारे में जामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने कहा कि परिसर में शैक्षणिक जीवन की आधारशिला होने के नाते, पुस्तकालय अनुसंधान की दिशा को आकार देते हैं और विशेष रूप से सूचना युग में ज्ञान को आगे बढ़ाने में केन्द्रीय भूमिका निभाते हैं। इस प्रस्तावित विभाग के संकाय और छात्र न केवल भारतीय ज्ञान प्रणालियों (आईकेएस) के अध्ययन को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे, बल्कि भविष्य के लिए इसके डिजिटलीकरण और संरक्षण में भी योगदान देंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को 30 साल का कारावास

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । साकेत जिला अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी रामेश्वर को 30 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 50 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिवानी चौहान की अदालत ने फैसले में कहा कि अपराध के दिन दोषी की उम्र 50 साल थी, जबकि नाबालिग पीड़िता की उम्र महज सात साल और नौ महीने थी। ऐसे में दोषी किसी भी नरमी का हकदार नहीं है। अदालत ने पीड़िता को साढ़े दस लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश भी दिया है। यह मामला वर्ष 2017 में ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाने में दर्ज किया था। मामले की जांच एसआई पूजा चंदेल ने की थी।

## शरजील की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली, । दिल्ली हाई कोर्ट नौ जुलाई को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) विरोधी प्रदर्शनों के दौरान फरवरी 2020 में भड़के दंगों से जुड़े एक मामले में आरोपित शरजील इमाम की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। अभियोजन पक्ष द्वारा मांगा गया समय न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ को मंगलवार को याचिका पर सुनवाई करनी थी, लेकिन अभियोजन पक्ष द्वारा समय मांगे जाने के कारण मामला स्थगित कर दिया गया। इसी के साथ शरजील की जमानत पाने की ख्वाि्हश और लंबी हो गई है। जानें अधविक्तार ने बचाव में क्याा कहा... इस संबंध में प्राप्तत जानकारी के अनुसार, शरजील इमाम की ओर से पेश अधिवक्ता ने पहले अदालत को बताया था कि उनका मुवक्किल घटनास्थल, समय और सह-आरोपित (उमर खालिद) से पूरी तरह असंबद्ध था। अपने इस कथन के समथ्रन में अधविक्ताओ ने तर्क दिया था कि इमाम के भाषणों और वाट्सएप चैट्स में कहीं भी किसी प्रकार के उपद्रव का आह्वान नहीं किया गया था। कहा, नहीं थे किसी षड्यंत्रकारी बैठक का हिस्स कोर्ट में दायर की गई याचिका में यह भी दावा किया गया है कि 15 जनवरी 2020 के बाद इमाम दिल्ली में मौजूद नहीं थे और 28 जनवरी 2020 को बिहार स्थित उनके गृह नगर से एक अलग मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस आधार पर याचिका में कहा गया है कि इमाम दूसरे आरोपितों के साथ किसी षड्यंत्रकारी बैठक का हिस्सा भी नहीं थे।

# जिले के तीनों विधानसभा के राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को मतदान केदों के प्रारूप सूची उपलब्ध कराया गया

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार तथा उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निदेश के आलोक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/संशोधन के पश्चात विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदान केंद्रों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मुंगेर के नेतृत्व में प्रकाशिति तीनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण/संशोधन के पश्चात विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची के प्रकाशन की प्रति सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जमालपुर विधायक अजय कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि पूर्व में तीनों विधान सभा क्षेत्र में 1034 मतदान केंद्र थे, जिसमें 1200 से अधिक मतदाता वाले 247 बूथों को चिन्हित किया गया है, जिसमें तारापुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 78, मुंगेर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत 94 तथा जमालपुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत 75 बूथ शामिल हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि प्रारूपित मतदान केंद्रों की सूची का सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि अवलोकन कर लें, यदि किन्हीं को मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची के विरूद्ध कोई दावा/आपत्ति/सुझाव देना हो तो वे लिखित रूप से कार्यालय अवधि में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 164-तारापुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, तारापुर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 165-मुंगेर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मुंगेर एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 166-जमालपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर मुंगेर तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, मुंगेर के कार्यालय में दिनांक 30 जून 2025 से 6 जुलाई 2025 तक या इससे पूर्व दे सकते हैं। प्राप्त सभी दावा/आपत्ति/सुझाव का नियुमानुसार निस्तारन कर एवं जिला के सभी माननीय सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और सचिव से विचार विमर्श कर सहमति के उपरांत मतदान केंद्रों के प्रारूपित सूची में यदि आवश्यक हो, तो संशोधन करते हुए इसे आयोग को अनुमोदन हेतु भेजी जाएगी। दावा आपत्ति समर्पित करने की अवधि के पश्चात प्राप्त सुझाव/दावा/आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता का सुचारु संचालन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन अंतर्गत शारीरिक दक्षता सक्षमता जांच परीक्षा एक से 15 जुलाई तक स्थानीय सहरसा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जानकारी दी गई की उक्त परीक्षा में भाग ले रहे पुरुष अभ्यर्थियों हेतु शारीरिक दक्षता सक्षमता परीक्षा की तिथि, क्रमशः 1 जुलाई एवं 3, 4, 5, 6, 8, 11, 12 एवं महिला एवं अन्य अभ्यर्थियों के लिए जांच परीक्षा की तिथि क्रमशः 14 जुलाई एवं 15 जुलाई निर्धारित है। उक्त वर्णित तिथियों को आयोजित होने वाले शारीरिक सक्षमता जांच परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को प्रवेश पूर्वाह्न 4 बजे से दिया जाएगा। जांच परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। समीक्षात्मक बैठक के अवसर पर सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों पूर्ण तत्परता से निर्धारित दायित्वों के सम्यक निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया है ।परीक्षा में 9814 पुरुष अभ्यर्थियों, 1799 महिला एवं 01 ट्रांसजेंडर अर्थात कुल 11614 अभ्यर्थियों के भाग लेने की संभावना है। गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए आवश्यक शारीरिक सक्षमता जांच परीक्षा अंतर्गत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 1600 मीटर दौड़ 06 मिनट में/ऊंची कूद एवं लंबी कूद,गोला फेक निर्धारित है। जबकि महिला अभ्यर्थियों के लिए 800 मीटर की दौड़ 05 मिनट में/ऊंची कूद एवं लंबी कूद, गोला फेक निर्धारित है। जांच परीक्षा के सुचारु संचालन निमित 16 जत्था प्रभारी की एवं विधि व्यवस्था के समुचित संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी/पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। आयोजित बैठक के दौरान अपर समाहर्ता निशांत, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे ।

# अब साफ सफाई की कमान जीविका दीदियों को, 5 जुलाई से अन्य प्रखंडों में भी होगा शुरू

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय। प्रखंड सह अंचल कार्यालयों की , साफ झसफाई की कमान जीविका दीदियों को हलसी प्रखंड कार्यालय से हुआ शुभारंभ, ,5 जुलाई से अन्य प्रखंडों में भी होगा शुरू महिलाओं को मिला रोजगार, राज्य के अस्पतालों , बैंकों एवं विभिन्न विभागों में जीविका दीदी की रसोई के सफल क्रियान्वयन के बाद अब सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की जिम्मेवारी अब जीविका दीदियाँ संभालेगी । ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार राज्य के प्रखंड सह अंचल कार्यालयों एवं परिसर की साफ-सफाई जीविका द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठनों द्वारा कराया जाना है । राज्य के प्रत्येक प्रखंड में जीविका द्वारा उनके नोडल संकुल स्तरीय संघ द्वारा प्रतिदिन साफ-सफाई क्रियान्वित किया जाएगा । इसके लिए स्थानीय स्तर पर जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के बीच समझौता ज्ञापन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है । यह समझौता तीन वर्ष के लिए किया जा रहा है। दरअसल प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान है और यहाँ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना होता है । प्रखंड कार्यालय में आम- जनो का आना-जाना अधिक होता है लिहाजा परिसर को स्वच्छ रखना प्रखंड प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होती है । साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गन्दगी फैलती रहती है । इससे आने- जाने वालों के साथ ही कर्मियों को भी बीमारी का खतरा बना रहता है ' साथ ही बदबू और संडाध से कार्य करने में भी कर्मियों को परेशानी होती है । लिहाजा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बेहतर कार्य हेतु वातावरण निर्माण एवं स्वच्छता संधारण के लिए जीविका दीदियों ने कमान संभाल ली है। इसी कड़ी में लखीसराय जिला के हलसी प्रखंड में मंगलवार से प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साफ-सफाई की जिम्मेवारी जीविका दीदियों ने शुरू कर दी है। मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर, हलसी में साफ-सफाई कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सफा-सफाई के लिए नोडल अधिकार जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ द्वारा सर्वप्रथम साफ-सफाई की गई । तत्पश्चात श्री अर्पित आनंद , प्रखंड विकास पदाधिकारी , हलसी, श्री धर्मवीर कुमार झ प्रखंड परियोजना प्रबंधक समेत अन्य कर्मियों ने पौधारोपण करते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय में साफ-सफाई कार्यक्रम की शुरूआत की । अब प्रतिदिन जीविका दीदियाँ परिसर में साफ-सफाई का कार्य निर्धारित मापदंड और समझौते के अंतर्गत करेंगी । श्री निशिकांत पटेल, प्रबंधक गैर कृषि , जीविका ने बताया कि साफ -सफाई के लिए पांच जीविका दीदियों को अधिकृत किया गया है ' इनमे से एक जीविका दीदी सुपरवाइजर होंगी ' समय-समय पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका इनके कार्यों की समीक्षा एवं सहयोग प्रदान करेंगे ' श्री निशिकांत पटेल ने बताया कि हलसी के बाद जिला के अन्य सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी 5 जुलाई से 2025 से साफ-सफाई का कार्य जीविका दीदियों द्वारा शुरू कर दिया जायेगा । साफ-सफाई शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमती संजू देवी - अध्यक्ष, अधिकार जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं जीविका कर्मी रविन्द्र कुमार, निलेश कुमार, श्रवण कुमार समेत संकुल स्तरीय संघ की सदस्य उपस्थित रहीं। प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में जीविका दीदियों द्वारा सफा-सफाई का कार्य शुरू किये जाने से उन्हें रोजगार तो मिला ही सरकार के स्वच्छता अभियान को भी रफ़्तार मिल रहा है।

# आधी आबादी की आवाज बनकर महिलाओं और युवाओं का करना चाहती हूं प्रतिनिधित्वः परी पासवान

## पासवान समाज को आत्म मंथन कर दशा और दिशा सुधार की जरूरतः प्रो. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई :-गत सोमवार को जमुई के श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय पासवान महासम्मेलन में शरीक होने के लिए रांची से चलकर जमुई के जेनेक्स ब्रिज होटल में पहुँची मिस यूनिवर्स इंडिया सुश्री परी पासवान के साथ वर्तमान दशा और दिशा पर चाय पर चर्चा हुई। परिचर्चा में अनुसूचित जाति/ जनजाति नेता नेता श्री सुभाष पासवान एवं केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान तथा अन्य कई लोग शामिल थे। मिस यूनिवर्स इंडिया सुश्री परी पासवान ने कहा कि पासवान समाज की बेटियां अब न केवल शिक्षा में बल्कि फैशन और मॉडलिंग में भी झंडा गाड़ रही हैं । उन्होंने कहा कि मैं आधी आबादी की आवाज बनकर महिलाओं, युवाओं और वंचितों का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं। उन्होंने युवकएवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। उनका संदेश है कि सुंदरता के साथ संस्कार जरूरी है। संघर्ष से संवरती है पहचान, परी जैसी बेटियों से चमकता है देश और समाज। परी पासवान ने कहा कि मैं झारखंड में चुनाव लड़कर पहला कदम उठाया था। अब बिहार की धरती से नई शुरुआत का विचार जागती है। अभी चुनाव क्षेत्र का चयन नहीं किया है, लेकिन मैं सेवा और संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हूं उन्होंने कहा कि जमुई की जनता से जुड़कर जो आत्मीयता मिला उसने दिल छू लिया है। मेरे लिए राजनीति मंच नहीं, मिशन है। सेवा, समर्पण और सशक्तिकरण मेरा लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि जब बेटियां बोलती हैं, तब समाज की आत्मा जागती है। महिला सशक्तिकरण में पासवान समाज की बेटियां अहम भूमिका निभाएं। पंचायत से संसद तक पासवान समाज की बेटियों की राजनीतिक भागीदारी जरूरी है। प्रो.गौरी शंकर पासवान ने कहा समाज को आत्म मंथन कर पासवान समाज की दशा और दिशा में सुधार करने की आवश्यकता है। श्रमिक और कृषक पासवान समाज की ताकत हैं। पासवान समाज को विज्ञान, तकनीक, स्टार्टअप तथा नवाचार से जुड़ना होगा। उन्होंने पासवान समाज से अपील की कि ज्ञान ही पावर व अस्त्र है। यही परिवर्तन का माध्यम बन सकता है। पासवान समाज सदियों से संघर्ष किया है, लेकिन हर दौर में आत्मविश्वास और साहस से आगे बढ़ा है। संघर्ष व मेहनत की मिसाल है पासवान जाति का गौरवशाली अतीत। पासवान समाज का सच इतिहास में दबा है। इसीलिए इस समाज के नायकों की खोज जरूरी है। जो अपने समाज और पूर्वजों को भूल जाता है, इतिहास उन्हें भी भूल जाता है। पासवान समाज भारत के विकास की रचना में एक मजबूत ईट है। यदि हिंदुस्तान एक महल है।

# मुहर्रम पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएः जिला प्रशासन



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुहर्रम त्योहार जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला शांति समिति की बैठक का आयोजन संग्रहालय सभागार में किया गया। बैठक में पर्व को जिले भर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, मेयर कुमकुम देवी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पंकज कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक आनंद, यातायात डीएसपी प्रभात कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मुंगेर में मुहर्रम के मौके पर कोई ताजिया जुलूस नहीं निकाला जाता है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र में मुस्तैदी के साथ अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जमालपुर में चार जगहों पर जुलूस निकाला जाना है, इसके लिए सभी पुलिस पदाधिकारी, दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल अपने अपने क्षेत्र में सजगता के साथ ड्यूटि करेंगे और किसी भी प्रकार की कोई सूचना प्राप्त होने पर उसे तुरत नियंत्रण कक्ष अथवा वरीय पदाधिकारियों से साझा करेंगे, ताकि कोई अनहोनी अथवा घटना को रोका जा सके। इसके अलावे संवेदन अथवा अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति के निर्देश दिए गए। ताजिया जुलूस के लिए पूर्व से निर्धारित रूटचार्ट का ही प्रयोग किया जाएगा। प्रत्येक जुलूस का वीडियोग्राफी भी किए जाने की बात कही गयी तथा पहलाम होने तक सभी दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को अपने अपने ड्यूटि पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए। सभी थानाध्यक्षों को थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक कर अपने स्तर से सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ब्रीफिंग करने का निर्देश दिया गया।

# 2 करोड़ 65 लाख रुपया के लगात से बन रहे पंचायत सरकार भवन पर लोगो ने लगाया आरोप



प्रात : किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र के रायभीर पंचायत में 2 करोड़ 65 लाख रुपया के लगात से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी के अलावे विभागीय अधिकारियों ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से पटना से किया था। जिसका निर्माण कार्य जोरों शोरों पर चल रहा था, वहीं दिनांक 30 जून 2025 को दिन के करीब एक बजे पंचायत सरकार भवन में पहुंचे स्थानीय ग्रामीण और प्रतिनिधि ने निर्वाधिन कार्य में इस्तेमाल कर रहे समान के तस्वीर को देखकर सन हो गए। और तुरंत कार्य में लगे लोगों को काम करने से रोक दिया और मुंशी से कहा कार्य स्थल पर ठेकेदार को बुलाए। वहीं इस संबंध में जदयू युवा प्रखंड राजेश यादव ने बताया कि 2 करोड़ 65 लाख की लागत से बनाया जा रहा पंचायत सरकार भवन को कोई विभागीय अधिकारी जायजा लेने नहीं पहुंचते है की काम किस प्रकार से हो रहा है। मौके पर उपस्थित पंचायत के उपमुखिया संतोष कुमार यादव, ग्रामीण नीतीश झा, किनो यादव, बिरेन चौपाल, समिति चंद्रेश्वरी राम एवं अन्य विरोध करते हुए बताया कि सरकार जिस उद्देश्य से बिहार के मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखंड के रायभीर पंचायत में करोड़ों की लागत से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे आम लोगों को प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर का काम पंचायत में है, जिससे गांव की सरकार गांव में चले लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि बन रहे भवन में सही मटेरियल नहीं पड़ता है। लोगों ने बताया की गिट्टी में 75 प्रतिशत मिट्टी का मिलावट हैं। जिसमें मात्र 25 प्रतिशत सही गिट्टी इस्तेमाल किया जाता है, इसी तरह सभी चीजों में ये लोग कटौती करते हैं। स्थानीय ग्रामीण सहित पंचायत के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के लापरवाही बताते हुए विभागीय अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच करने की मांग किया है। ग्रामीणों ने और बताया कि ठेकेदार के लोग साइड पर आकर ग्रामीणों में दहशत बना रहे ताकि कोई कुछ नहीं बोले। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार यादव, दीपक यादव, छोटू झा सहित कई लोग मौजूद थे।

# लंबित सभी मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करेंः अपर समाहर्ता



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ सोमवारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज संग्रहायल सभागार में अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों से कार्यालय में लंबित मामलों के निष्पादन पर चर्चा की। बैठक में नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सीडब्लूजेसी, सीएम डैशबोर्ड, जिला जनता दरबार, सीपीग्राम सहित अन्य विभाग में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अपने कार्यालयों में लंबित सभी मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। महिला संवाद से प्राप्त आकांक्षाओं अथवा अन्य मांगों से संबंधित जितने भी आवेदन जिन कार्यालय को प्राप्त हुए हैं, उसका तत्काल निष्पादन कर लें। सामाजिक सुरक्षा कोषांग में सबसे ज्यादा मामलों के लंबित रहने पर संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आवेदन की जांच करें, उसे संज्ञान में लें और अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कर लें। अद्यतन प्रतिवेदन में ज्यादा लंबित मामलों वाले अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा तथा स्पष्टीकरण भी पूछा जाएगा। उन्होंने सीडब्लूजेसी, एमजेसी से संबंधित लंबित मामलों में भी कमी हेतु निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में आरटीआई, मानवाधिकार, जन शिकायत, लोकायुक्त, सीएम डैशबोर्ड, लोक शिकायत आदि विभागों में प्राप्त आवेदनों के लंबित स्थिति की समीक्षा की जाएगी। पूर्व से लंबित आवेदनों को शीघ्र खत्म करें और वर्तमान प्राप्त आवेदनों को भी कम से कम समय में निष्पादित करें।

# तीन दिवसीय पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप का आयोजन शुरू,डीएम-एसपी एवं क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता




लखीसराय! लखीसराय समाहरणालय परिसर में दिनांक 01 जुलाई से 03 तक चलने वाले तीन दिवसीय पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप का आयोजन शुरू हुआ। कैंप का उद्घाटन लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र,क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शोधा रिजवी, भारतीय विदेश सेवा, एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं रिबन काटकर किया गया। यह कैंप 1 से 3 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें नए (ऋ्रीरॅ) और पुनर्निर्गमन (फी७२२४ी) पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।मौके पर डीएम मिथिलेश मिश्र ने कहा कि पासपोर्ट कैंप के माध्यम से लोगों को पासपोर्ट बनबाने में काफी आसानी होगी! पासपोर्ट बनवाने हेतु प्रतिदिन 55 अपॉइंटमेंट स्लॉट उपलब्ध हैं। आवेदकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर, निर्धारित शुल्क जमा करके अपॉइंटमेंट बुक करना होगा। आवश्यक दस्तावेजों की मूल और स्व-प्रमाणित छायाप्रति के साथ निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य है। मौके पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद, विशेष कार्य पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# मुंगेर का 10 वांछित अपराधियों में शामिल बदमाश राकेश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिले का 10 वंचित अपराधियों में शामिल नयागांव के आहार पाटन निवासी राकेश ठाकुर को शनिवार की देर रात नयारामनगर थाना पुलिस और जमालपुर एसटीएफ के संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया है। मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया की राकेश ठाकुर राकेश भूषण ठाकुर का पुत्र है। वह भागलपुर मुंगेर में हत्या समेत कई गंभीर आपराधिक घटनाओं में शामिल है। उसके विरुद्ध भागलपुर के साक्षात और मुंगेर के नया रामनगर थाना में हत्या लूट और आर्म्स एक्ट के तीन मामले दर्ज हैं। हत्या के मामले में वह जेल भी जा चुका है। एक फाइनेंस कंपनी से 1एक लाख 50 हजार रुपए लूट कांड के मामले में वह फरार चल रहा था। एसपी ने आगे बताया कि जिले के टॉप 10 अपराधियों में समर राकेश ठाकुर को एसटीएफ और नया रामनगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# लखीसराय पुलिस केंद्र में एसपी अजय कुमार ने नवनियुक्त सिपाहियों को समारोहपूर्वक बांटा नियुक्ति पत्र

## शराबबंदी और कर्तव्य में ईमानदारी की दिलाई गई शपथ



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय पुलिस केंद्र में केंद्रीय चयन पर्षद,बिहार के विज्ञापन संख्या-01/2023 के द्वारा चयनित नवनियुक्त 169 सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा समारोह पूर्वक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया !साथ हीं नवनियुक्त सिपाहियों को वर्दी के मान-सम्मान की रक्षा और कर्तव्य निष्ठा और शराबबंदी की शपथ दिलाई गई !मौके पर एसपी अजय कुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में लखीसराय जिले को नवनियुक्त सिपाही मिले हैं !जो जिले सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में अपना अहम योगदान देंगे !80 महिला और 79 पुरुष नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया गया !उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद विभिन्न थानों में नवनियुक्त सिपाहियों को पदस्थापित किया जाएगा !मौके पर एसडीपीओ शिवम कुमार,साइबर डीएसपी अजीत प्रताप सिंह चौहान,डीएसपी मुख्यालय विश्वजीत दयाल सिंह,परिचारी सह प्रशिक्षण प्रभारी सितेश कुमार इत्यादि मौजूद थे! नवनियुक्त सिपाहियों को एसपी अजय कुमार के द्वारा नियुक्ति पत्र दिए जाने के बाद नवनियुक्त सिपाहियों में खुशी की लहर देखी गई !सभी के चेहरे खिल उठे !खासकर महिला सिपाहियों में गजब का उमंग देखा गया!

# मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण के निमित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक




प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित न्यू एन आई सी हाल में मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण के निमित सभी निर्वाचन क्षेत्र तथा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। इस बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, मधेपुरा जितेन्द्र कुमार, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विषेश गहन पुनरीक्षण के मद्दे नजर डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निदेश

मधेपुरा बिहार में आगामी विधान सभा आम निर्वाचन - 2025 की तैयारियों के मद्येनजर भारत निर्वाचन आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा-21 के तहत बिहार राज्य में 1 जुलाई 2025 को अर्हक तिथि मानते हुए विषेश गहन पुनरीक्षण का निदेष दिया है, जिसके तहत विषेश गहण पुनरीक्षण - 2025 अभियान मधेपुरा जिलान्तर्गत भी किया जा रहा है। यह अभियान 25 जून, 2025 से 26 जूलाई, 2025 तक चलेगा और इसका थीम वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे, तभी तो अपनी सरकार चुनेंगे रखा गया है। इस संबंध में समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने अपने कार्यालय वेश्म में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विषेश गहन पुनरीक्षण के मद्दे नजर आवश्यक निदेश दिए। मौके पर संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# करहरिया पुर्वी पंचायत में मणी नदी के पहुंच पथ धंसा , घोरघट हाल्ट पहुंचने में ग्रामीणों को कठिनाई का समना करना पड रहा है



प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखण्ड के करहरिया पुर्वी पंचायत के वार्ड संख्या छः और सात में घोरघट हाल्ट पहुंच पथ के धसने से ग्रामीणों को हो रही कठिनाई ।मणीनदी के तट पर अबस्थित 10+2 ईन्टर स्तरिय आर्दश उच्च बिध्यालय घोरघट किसी भी क्षण मणीनदी के गभ मे बिलिन हो सकता है ।इससे स्टेशन के टीकट बिक्री पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुचने में कठिनाई का समना करना पड़ता है ।इस संम्बन्ध में जिला बीस सुत्री सदस्य धीरज पासवान ने बताया कि दिनांक 26 मई को जिलाधिकारी के समक्ष इस समस्या को रखा गया है, तो कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण करण करते हुए युद्धस्तर पर वचाव के तहत उक्त स्थल पर बचाव कार्य करने के लिऐ कार्य प्रारंम्भ करने की तैयारी कर दिया गया है।

## दुर्लभ ब्लड ग्रुप की खोज - दुनिया में केवल एक महिला में - ग्वाडा नेगेटिव

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



दुनिया में जब भी किसी दुर्लभ चिकित्सा खोज की बात होती है, तो वैज्ञानिक समुदाय उसमें गहराई से रुचि लेता है। ऐसी ही एक चौंकाने वाली खोज सामने आई है फ्रांस के एक द्वीप ग्वाडेलूप से, जहाँ एक 68 वर्षीय महिला में दुनिया का सबसे दुर्लभ ब्लड ग्रुप पाया गया है। इस ब्लड ग्रुप को ग्वाडा नेगेटिव नाम दिया गया है। यह रक्त समूह इस मायने में खास है कि यह अब तक की सबसे दुर्लभ रक्त पहचान है, और इसे दुनिया का 48वां ब्लड ग्रुप सिस्टम घोषित किया गया है। इससे पहले अ, इ, अइ, ड समेत 47 आधिकारिक रक्त समूह सिस्टम मौजूद है। यह खोज इसलिए भी विशेष है क्योंकि इस महिला के रक्त में ईएमएम (एटट) नामक एक सामान्य रूप से सभी मनुष्यों में पाए जाने वाले एंटीजन की पूरी तरह अनुपस्थिति है। यह अपने आप में एक अत्यंत दुर्लभ जैविक घटना है। ग्वाडा नेगेटिव ब्लड ग्रुप को के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। इसकी खोज करने वाली संस्था है, जो फ्रांस की एक प्रमुख बायोमेडिकल संस्था है। यह सब कुछ 2011 में शुरू हुआ, जब ग्वाडेलूप की इस 68 वर्षीय महिला की एक सामान्य सर्जरी से पहले ब्लड टेस्ट किया गया। उस समय उसकी रक्त रिपोर्ट में ऐसी एंटीबॉडीज पाई गईं जो किसी ज्ञात ब्लड ग्रुप सिस्टम से मेल नहीं खा रहा था। विज्ञान उस समय इतना उन्नत नहीं था कि इस रक्त समूह को अलग से पहचान सके। लेकिन वैज्ञानिकों को तब भी यह अहसास हो गया था कि इस महिला के रक्त में कुछ अलग है। 2019 में, नामक उन्नत तकनीक का प्रयोग कर वैज्ञानिकों ने इस महिला के पुराने रक्त सैंपल्स की पुनः जाँच की और यही से इस चौंकाने वाले ब्लड ग्रुप की पहचान की गई। रक्त समूह उन एंटीजन और एंटीबॉडी के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है जो रेड ब्लड सेल्स और प्लाज्मा में पाया जाता हैं। अब तक सबसे सामान्य ब्लड ग्रुप सिस्टम अइड और फँ (रहसस) है। उदाहरण के लिए, यदि किसी के ब्लड में अ एंटीजन है तो उसका ग्रुप अ होगा, यदि इ है तो इ और अगर दोनों हैं तो अइ, और यदि कोई नहीं है तो ड। एटट एक हाई-इंसीडेंस एंटीजन है, यानि यह लगभग हर व्यक्ति के रक्त में पाया जाता है। इसकी गैर-मौजूदगी न केवल असामान्य है बल्कि अब तक वैज्ञानिक रूप से अनसुनी भी थी। इस रक्त समूह की विशिष्टता है कि यह एकमात्र व्यक्ति में पाया गया है, यानि दुनिया में केवल एक ही मानव में यह ब्लड ग्रुप है। इसमें एटट एंटीजन पूरी तरह से अनुपस्थित है। किसी अन्य ब्लड से इसे मिलाना संभव नहीं है, न ही इस महिला को किसी और का रक्त चढ़ाया जा सकता है। यह ब्लड ग्रुप एक म्यूटेटेड जीन के कारण उत्पन्न हुआ है, जिसे इस महिला ने अपने माता-पिता से प्राप्त किया है। इस महिला को जीवनभर केवल अपने ही रक्त पर निर्भर रहना होगा। अगर उसे रक्त की आवश्यकता पड़ी तो कोई अन्य डोनर नहीं मिलेगा। उसे अपने रक्त के सुरक्षित स्टोर बनाने होंगे। किसी प्रकार की आपातकालीन चिकित्सा स्थिति में यह अत्यंत जटिल परिस्थिति उत्पन्न कर सकता है। एफबीई के प्रमुख बायोलॉजिस्ट थियरी पेयरार्ड का कहना है कि यह खोज एक जैविक चमत्कार के समान है। यह ब्लड ग्रुप एक रेयर जेनोटाइप का परिणाम है, जो शायद दोनों माता-पिता से म्यूटेटेड जीन मिलने के कारण उत्पन्न हुआ। उन्होंने यह भी बताया है कि भविष्य में यदि इस महिला की संतान हो या परिजनों में कोई और हो, तो उसमें भी ऐसा ब्लड ग्रुप हो सकता है। लेकिन इसकी संभावना नगण्य है। इस खोज को मिलान (इटली) में आयोजित के सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। वहां मौजूद विश्व के प्रमुख रक्त वैज्ञानिकों ने इसे चिकित्सा क्षेत्र की अभूतपूर्व उपलब्धि माना है। ने इसे दुनिया का 48वां ब्लड ग्रुप सिस्टम की मान्यता दी है, जो इसे वैश्विक मान्यता देता है। यह खोज ब्लड ट्रांसफ्यूजन और हेल्थकेयर में कई नए प्रश्न और संभावनाएं उत्पन्न करती है। ब्लड ग्रुप की नई पहचान से ब्लड बैंकिंग के तरीके बदल सकता हैं।

## प्रगति का आधार - नवाचार, समावेश और पहचान का एक दशक

श्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार

हम वस्त्रों की बात अक्सर व्यापार की भाषा जैसे निर्यात, घाटा और अधिशेष के रूप में करते हैं। लेकिन यह संकीर्ण दृष्टिकोण उस पैमाने से चूक जाता है जो वास्तव में काम कर रहा है। भारत के वस्त्र क्षेत्र की ताकत केवल उसके विदेशी शिपमेंट में ही नहीं है। यह कहीं ज्यादा स्थायी चीजों में निहित है। बढ़ती जनसंख्या, एक ऐसा घरेलू इंजन है जो धीमे होने से इनकार करता है और यह विरासत और नवाचार दोनों के उभरते हुए स्वभाव को दर्शाता है। यह 143 करोड़ भारतीयों द्वारा संचालित है जो अपने पहनावे, अपने घरों और अपनी परंपराओं में आराम, पहचान और आकांक्षा बनाए रखते हैं। इस क्रांति का प्रसारण नहीं किया गया। इसे बुना गया। जहां दुनिया डिजिटल सफलताओं और बुनियादी ढांचे में तेजी को ट्रैक कर रही थी, वहीं भारत के करघों पर कुछ शांत और गहरा सामने आ रहा था। जिस को कभी विरासत उद्योग के रूप में खारिज कर दिया गया था आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसे लचीलेपन, नवाचार और गौरव की शक्ति में बदल दिया गया है। भागलपुर के चमकते रेशम से लेकर पानीपत के पुनर्चक्रित धागों तक, परिवर्तन धीर, स्थिर और स्थायी है। यह पुनरुत्थान नहीं है। यह पुनर्जागरण है। 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए नींव को कंक्रीट और इस्पात से आगे ले जाना होगा। उन्हें समुदायों, आजीविका और सांस्कृतिक निरंतरता पर आधारित होना चाहिए। वस्त्र क्षेत्र की तुलना में इस दृष्टिकोण को कहीं और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस नहीं किया गया है। 4.6 करोड़ लोगों के साथ दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते, यह एक उद्योग से अधिक है। यह कौशल, पहचान और अवसरों का जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है। कभी पिछड़ा समझे जाने वाला यह उद्योग धीरे-धीरे आधुनिक आर्थिक इंजन में बदल गया है। अब पारंपरिक बुनाई वैश्विक बाजारों में प्रवेश कर रही है, जबकि तकनीकी वस्त्र एयरोस्पेस और कृषि में अपनी पैठ बना रहे हैं। और जमीनी स्तर पर, प्रत्येक करघा और चरखा गरिमा, नवीनीकरण और शांत शक्ति की गहरी कहानी दर्शाता है। विकास का एक दशकः आंकड़े जो बताते हैं एक कहानी जब हमारी सरकार ने 2014 में कार्यभार ग्रहण किया था, तो भारत का वस्त्र क्षेत्र विरासत में निहित एक ऐसे चौराहे पर खड़ा था जो वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में दिशाहीन था। कभी ठहराव से चिह्नित, वस्त्र क्षेत्र के पैमाने और संरचना को समर्थ के तहत लक्षित कौशल, कपास उत्पादकता मिशन, पीएलआई योजना और पीएम मित्र पार्क के जरिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के मिशन के रूप में नए युग के निवेश के माध्यम से फिर से बुना गया है। भारत के वस्त्र क्षेत्र में रोजगार 2014 में 3 करोड़ से तेजी से बढ़कर आज 4.6 करोड़ हो गया है, जिससे कुशल और अकुशल श्रम को अवशोषित करने के अवसर और क्षमता दोनों में मजबूत विस्तार हुआ है। घरेलू मांग में वृद्धि और उत्पादन की तेजी से प्रेरित होकर बाजार का आकार 112 बिलियन डॉलर से बढ़कर 176 बिलियन डॉलर हो गया है। परिधान निर्यात लंबे समय से इस क्षेत्र की आधारशिला है, वह 14 बिलियन डॉलर से बढ़कर 18 बिलियन डॉलर हो गया है, जो मूल्यवर्धित उत्पादन में लगातार लाभ को दर्शाता है। काफी समय से लंबित भारत-यूके एफटीए को आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम रूप दिया गया है। यह भारत के श्रम-प्रधान वस्त्र क्षेत्र के लिए विनिर्माण और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र के रूप में राष्ट्र के उत्थान के लिए द्वार खोलकर निर्णायक बढ़त का वादा करता है लेकिन ये मात्र आंकड़े नहीं हैं बल्कि उससे कहीं बढ़कर हैं। वे एक रणनीतिक रीसेट का संकेत देते हैं। अस्थायी उपायों से दीर्घकालिक दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए, हमारी सरकार ने मानव निर्मित रेशों, नए युग के रेशों और तकनीकी वस्त्रों को अपनाने के लिए उद्योग के दायरे को उसके कॉटन कोर से आगे बढ़ाया है। जिन क्षेत्रों को कभी अनदेखा किया गया था, वे अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। यह विजन अब केवल घरेलू धागों तक सीमित नहीं है। यह भारत के वस्त्रों को लचीलेपन, कौशल और स्थिरता के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने पर आधारित है। यह परिवर्तन संयोग से नहीं हुआ है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रित शासन, साहसिक सुधारों और अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

# जीरो डोज बच्चेः टीकाकरण में छूटे हुए भारत की तस्वीर

**सरकार को केवल लक्ष्यपूर्ति पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि उसे यह देखना होगा कि कौन छूट रहा है, और क्यों। सामाजिक रूप से बहिष्कृत वर्गों को केंद्र में रखकर नीतियां बनानी होंगी। वरना हम हर साल नई योजनाएं लाते रहेंगे, आंकड़ों में बढ़ोतरी दिखाते रहेंगे, और देश के लाखों बच्चों का बचपन बिना सुरक्षा के, जोखिम में पला करता रहेगा। भारत का सार्वभौमिक टीकाकरण लक्ष्य तभी साकार होगा जब नीति, नीयत और निष्पादन तीनों स्तरों पर ईमानदारी हो। किसी भी समाज की प्रगति का सबसे बड़ा पैमाना उसका स्वास्थ्य स्तर होता है, और उसमें भी बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। यदि हम यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं कि हर बच्चे को उसका पहला टीका समय पर मिले, तो हमें खुद से यह पूछना चाहिए – क्या हम सचमुच एक समान और समावेशी राष्ट्र बना रहे हैं?**





**डॉ सत्यवान सौरभ**
लेखक

भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में सार्वभौमिक टीकाकरण केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन जब हम यह देखते हैं कि लाखों बच्चे अब भी ह्यजीरो डोजह्न की स्थिति में हैं, यानी उन्हें जन्म के बाद एक भी टीका नहीं मिला, तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि हम कहां चूक रहे हैं? क्या हमारी स्वास्थ्य नीति केवल आंकड़ों की बुनियाद पर खड़ी है या फिर वास्तव में समाज के सबसे वंचित तबकों तक इसका लाभ पहुंच रहा है? लैंसेट (2024) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में भारत में 1.44 मिलियन बच्चे ऐसे थे जिन्हें कोई भी टीका नहीं मिला था। यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि उन परिवारों की अनकही पीड़ा है, जिनके बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित कर दिया गया। जीरो डोज बच्चों की सबसे अधिक संख्या उन राज्यों में देखने को मिलती है जहां गरीबी, अशिक्षा, जातीय या धार्मिक हाशियाकरण और प्रशासनिक उदासीनता का मजबूत मेल है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्य इसकी प्रमुख मिसाल हैं, जहां सामाजिक-आर्थिक विषमताएं टीकाकरण की पहुंच को सीमित कर देती हैं। गरीबी और मातृ शिक्षा का स्तर टीकाकरण में बाधा डालने वाले सबसे बड़े कारकों में से हैं। एक दिहाड़ी मजदूर, जो रोजी-रोटी की लड़ाई में सुबह से शाम तक खटता है, उसके लिए बच्चे को लेकर सरकारी अस्पताल जाना एक ह्यनुकसानदेहह्न निर्णय बन जाता है। यदि उस दिन मजदूरी नहीं हुई, तो पेट नहीं भरता। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच एक विलासिता बन जाती है। इसके साथ-साथ यदि मां अशिक्षित है, तो उसे टीकाकरण की जरूरत, प्रक्रिया और लाभ की पूरी जानकारी नहीं होती। यह जानकारी का अभाव ही बच्चों को स्वास्थ्य अधिकार से वंचित कर देता है। अन्य महत्वपूर्ण पहलू है जनजातीय, मुस्लिम और प्रवासी समुदायों की स्थिति। इन समुदायों के भीतर टीकाकरण दर बेहद कम है, और इनमें अविश्वास, सांस्कृतिक आशंकाएं, और सरकार के प्रति संदेह गहरे हैं। विशेष रूप से मुस्लिम बहुल इलाकों में धार्मिक भ्रांतियां और अफवाहें टीकाकरण को ह्यहरामह्न या शरीर पर साजिश मानने तक की धारणा बना देती हैं। कोविड-19 के दौरान फैली झूठी सूचनाएं भी इस अविश्वास को और पुख्ता कर गईं। लोगों ने देखा कि टीकाकरण शिविरों में कोई स्पष्ट संवाद नहीं है, केवल सरकारी दबाव है। इससे उनके बीच डर और बढ़ गया। शहरी झुग्गियों और दूरस्थ क्षेत्रों की बात करें तो वहां स्वास्थ्य सेवाओं का हाल और भी दयनीय है। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों जैसे नागालैंड, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में दुर्गम भूगोल, सीमित स्वास्थ्यकर्मी और आधारभूत ढांचे की कमी, टीकाकरण कार्यक्रम की सफलता में सबसे बड़ी रुकावट हैं। इन इलाकों में न तो वैक्सीन समय पर पहुंचती है, न ही प्रशिक्षित कर्मी, और न ही माताओं को जानकारी देने वाली फ्रंटलाइन वर्कर। अब बात करें शासन और कार्यक्रम संबंधी विफलताओं की। मिशन इंद्रधनुष एक महत्वाकांक्षी योजना थी, जिसका उद्देश्य 90% पूर्ण टीकाकरण कवरेज पाना था। लेकिन राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019झ21) के अनुसार यह आंकड़ा केवल 76% तक ही पहुंच सका। कई जिलों में तो यह और भी कम है। इसके पीछे कारण हैं झ प्रशासनिक उदासीनता, स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी, और जमीनी स्तर पर अनुश्रवण की असफलता। शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जिम्मेदारियों का बंटवारा राज्य सरकार, नगर निगम और अन्य संस्थानों के बीच इतना उलझा हुआ है कि जवाबदेही कहीं दिखती ही नहीं। एक झुग्गी बस्ती में टीकाकरण की जिम्मेदारी कौन लेगा, इसका कोई स्पष्ट निर्धारण नहीं है। साथ ही, निगरानी तंत्र की कमी भी एक बड़ी समस्या है। हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ईवीआईएन) जैसी प्रणाली जरूर है, जो वैक्सीन की लॉजिस्टिक ट्रैकिंग करती है, लेकिन यह प्रणाली बच्चे के स्तर तक अनुगमन सुनिश्चित नहीं करती। इससे पता नहीं चल पाता कि किस बच्चे ने कौन सा टीका लिया और कौन छूट गया। कोविड-19 महामारी ने इस पूरे तंत्र को हिला कर रख दिया। जब सारे संसाधन कोविड टीकाकरण में झोंक दिए गए, तब नियमित टीकाकरण जैसे कार्यक्रम पृष्ठभूमि में चले गए, जिससे लाखों बच्चों का टीकाकरण रुक गया। इन समस्याओं का समाधान केवल घोषणाओं या तकनीकी सुधारों से नहीं हो सकता। इसके लिए नीतिगत बदलावों की आवश्यकता है जो सामाजिक न्याय के मूल्यों पर आधारित हों। सबसे पहले, टीकाकरण योजनाओं को समुदाय-विशेष और क्षेत्र-विशेष रणनीति के तहत चलाना होगा। मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत उच्च बोझ वाले जिलों में सूक्ष्म नियोजन और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार (एसबीसीसी) को प्रमुखता देनी होगी। सिर्फ वैक्सीन पहुंचा देना काफी नहीं है, लोगों में विश्वास और भागीदारी पैदा करनी होगी। इसके लिए हमारी जमीनी स्वास्थ्य कार्यकताओं – जैसे आशा, एएनएम और आंगनवाड़ी वर्कर – को सशक्त बनाना होगा। उन्हें न केवल प्रशिक्षण और मोबिलिटी की सुविधा दी जाए, बल्कि सम्मानजनक प्रोत्साहन भी दिया जाए। स्वास्थ्यकर्मी जब अपने क्षेत्र में भरोसे से काम करेंगे, तभी परिवार उन पर विश्वास करेगा। इसके साथ-साथ, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को मजबूती से लागू करना होगा, ताकि झुग्गियों में रहने वाले लाखों बच्चों को भी नियमित टीकाकरण की सुविधा मिले। तकनीक का प्रयोग तभी सार्थक है जब वह जनहित में हो और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। आधार से जुड़े टीकाकरण रिकॉर्ड, मोबाइल आधारित टीकाकरण वैन, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) आधारित डैशबोर्ड इन सबको लागू करना होगा ताकि हर बच्चे का डिजिटल रिकॉर्ड हो और छूटे हुए बच्चों की पहचान तुरंत हो सके। लेकिन तकनीक के साथ मानवीय स्पर्श जरूरी है। टीकाकरण केवल एक इंजेक्शन नहीं, विश्वास का रिश्ता है – यह समझना होगा। सामुदायिक सहभागिता का महत्व आज और अधिक बढ़ गया है। स्वयं सहायता समूह, धार्मिक नेताओं, शिक्षक-गुरुजनों और सामाजिक कार्यकताओं को अभियान में जोड़ना होगा ताकि यह संदेश हर घर तक पहुंचे कि टीकाकरण बच्चों का अधिकार है, कोई अनावश्यक खतरा नहीं। बांग्लादेश जैसे देश ने यह सिद्ध किया है कि घर-घर जाकर टीकाकरण किया जाए तो पहुंच और स्वीकार्यता दोनों बढ़ती हैं।

# टीएमसी नेताओं की निर्लज्ज टिप्पणियों से उठा विवाद

**इसके लिए पार्षद को माफी मांगनी पड़ी। ब्रिटेन जैसे कई देशों में अकसर ऐसे बयानों पर कार्रवाई होती है। मिसाल के तौर पर 2017 में ही यूरोपियन संसद के एक सांसद ने बयान दिया था कि महिलाओं को कम पैसा मिलना चाहिए क्योंकि वो कमजोर, छोटी और कम बुद्धिमान होती हैं। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था और उन्हें मिलने वाला भत्ता भी बंद हो गया था। कोलकाता की लॉ छात्रा मामले में टीएमसी नेताओं की टिप्पणियां निस्संदेह निंदनीय हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जानी चाहिए।**









**ललित गर्ग**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार-गैंगरेप का मुद्दा एक बार फिर पश्चिम बंगाल में जितना बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने लगा है उतना ही बड़ा नारी उत्पीड़न का मुद्दा बनकर उभर रहा है। इस मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल एवं निर्लज्ज टिप्पणी स्त्री की मयार्दा, सम्मान एवं अस्मिता के खिलाफ शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान से राज्य एवं देश में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। विशेषतः राजनेताओं के बयानों एवं सोच में एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। इस मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी पार्टी अन्दर एवं बाहर दोनों मोर्चों पर घिरती हुई नजर आ रही है। जहां इस मामले में पार्टी के अन्दर गुटबाजी एक बार फिर सामने आयी है, वहीं भाजपा आक्रामक रूप से ममता सरकार को घेर रही है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। यह एक बदतर स्थिति है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर नारी सम्मान एवं अस्मिता को लेकर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। अकसर महिलाएं और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। ऐसे बयानों के बावजूद अकसर ये राजनेता किसी कठोर कार्रवाई की बजाय हल्की फुल्की फटकार के बाद बच निकलते हैं। ये बयान कभी महिलाओं की बॉडी शेमिंग करते नजर आते हैं तो कभी बलात्कार जैसे गंभीर अपराध को मामूली बताने की कोशिश करते हुए नजर आते हैं। इसके साथ ही ये चिन्ताजनक संदेश भी जाता है कि महिलाओं के बारे में हल्के और आपत्तिजनक बयान देना विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के लिये सामान्य बात है। जब किसी देश की बेटियां न्याय का अध्ययन कर रही हों और वहीं उनके साथ अन्याय की पराकाष्ठा हो तो यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि पूरे समाज, व्यवस्था और सोच के लिए एक जघन्य आइना बन जाती है। प्रतिष्ठित लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना ने न केवल राजनीतिक सोच एवं कानून के मंदिरों को शर्मसार किया है, बल्कि हर संवेदनशील मन को झकझोर दिया है। पीड़िता एक लॉ कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा थी, जो अपने उज्ज्वल भविष्य के सपनों के साथ शिक्षा के पथ पर अग्रसर थी। घटना की रात वह अपने कुछ परिचितों के साथ बाहर थी, जिनमें से ही कुछ ने उसकी अस्मिता को रौंद डाला। उसे नशा दिया गया और फिर सुनसान स्थान पर ले जाकर कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है, लेकिन सवाल यह है कि जब कानून पढ़ने वाली लड़की खुद असुरक्षित है, तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित होंगी? क्या यह कानून की शिक्षा देने वाली संस्थाओं एवं शासन करने वाली सत्ताओं के लिए आत्ममंथन का समय नहीं है? ऐसी घटनाओं पर निर्भया कांड के बाद बने कानूनों का सख्ती से पालन हो। रेप को सिर्फ एक ह्यजुर्मह्न नहीं, ह्यराष्ट्रीय आपदाह्न माना जाए, और उसकी रोकथाम के लिए शिक्षा, संस्कार और तकनीकी सुरक्षा साधनों को प्राथमिकता दी जाए। कोलकाता की लॉ छात्रा की यह दर्दनाक घटना हमें चेताती है कि केवल कानून बना लेना काफी नहीं, जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक बेटियां असुरक्षित रहेंगी। यह केवल एक छात्रा की लड़ाई नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा की लड़ाई है। न्याय तब होगा जब ऐसी घटनाएं रुकेंगी और उसके लिए हमें मिलकर लड़ना होगा। सबसे दुखद पहलू यह है कि अनेक बार ऐसी घटनाओं में समाज चुप रहता है, पीड़िता को दोषी ठहराने की कोशिश की जाती है। सोशल मीडिया पर तंज, मीडिया ट्रायल और व्यक्तिगत चरित्रहनन जैसी बातें पीड़िता को न्याय से अधिक पीड़ा देती हैं। पीड़िता के लिये यह पीड़ा तब और बढ़ जाती है जब उनके जन-प्रतिनिधि निर्लज्ज बयानबाजी करते हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। यदि इक्कीसवीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए जन-प्रतिनिधियों को ज्यादा संवेदनशील होने की अपेक्षा की जाती है। बड़ा प्रश्न है कि आखिर किसी राजनेता को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट क्यों एवं कैसे मिल जाती है। भारत ही ऐसा देश है, जहां महिलाओं की अस्मिता एवं अस्तित्व को तार-तार करने वाले नेताओं के निर्लज्ज बयानों के बावजूद उन पर कोई ठोस, सख्त एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती। जबकि विश्व के अन्य देशों में ऐसा नहीं है। जैसे 2017 में ब्रिटेन के एक पार्षद के सामान्य से बयान पर अच्छा खासा बवाल मचा था। पार्षद ने सांसद का चुनाव लड़ रही एक गर्भवती महिला राजनेता के बारे में कह दिया था, ह्यवो गर्भवती हैं और उनका समय तो नैपी बदलने में ही बीत जाएगा, वो आम लोगों की आवाज क्या उठाएंगी?

# मध्यम वर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

प्रहलाद सबनानी

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं। बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है। भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं।

# रोड सेफ्टी को लेकर चलाएं जागरूकता कार्यक्रम : जिला पदाधिकारी

## जिले में आइएसआइ/बीआईएस हॉल मार्क हेलमेट की बिक्री कराएं सुनिश्चित

- बस स्टॉपों पर यात्री शेड का निर्माण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें
- प्रेशर हॉर्न बजाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें
- जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की सामयिक समीक्षा, सड़क सुरक्षा गतिविधियों की निगरानी, सड़क दुर्घटना के कारणों की पहचान एवं अध्ययन, गति सीमा एवं यातायात सुगमता के उपायों, सड़क सुरक्षा योजना विकसित करना, आपातकालीन चिकित्सा योजना तैयार करना, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने हेतु गुड सेमेरिटन आदि एजेंडाओं की समीक्षा हुई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले में 15 ब्लैक स्पॉट चिन्हित है। ऐसे स्थलों पर रंबल स्ट्रीप का अधिष्ठापन कराने सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में आइएसआइ/बीआईएस हॉल मार्क हेलमेट की बिक्री हो, इसे सुनिश्चित करें। बस स्टॉपों पर यात्री शेड का निर्माण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। अनावश्यक रूप से प्रेशर हॉर्न बजाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही स्पीड लिमिट डिवाईस से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया लक्ष्मण तिवारी, एसएपी-सह-एसडीपीओ, रामनगर, जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, ठल्अक् फठ्ऊ जिले के नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में विस्तार से दी जानकारी

### मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की प्रारूप सूची का प्रकाशन एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न



बेतिया(घनश्याम)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत सभी 09 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत और अभिनंदन किया और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेशों से अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार 01.07.2025 को अर्हता तिथि मानते हुए कुल 1200 निर्वाचकों की संख्या को आधार मानकर मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित व्यक्तियों और राजनीतिक दलों को पश्चिम चंपारण जिले के सभी नौ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची के संबंध में कोई भी दावा, आपत्ति या सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन्हें 30 जून, 2025 से 06 जुलाई, 2025 तक कार्यालय समय में जिला निर्वाचन कार्यालय, पश्चिम चंपारण, बेतिया में जमा किया जा सकता है। प्राप्त सभी दावों, आपत्तियों और सुझावों की जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया कि नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/सुझावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा केवल वही आपत्तियाँ मान्य होंगी जो निर्धारित प्रारूप एवं समय-सीमा के अंदर प्राप्त हों। प्रतिनिधियों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से सभी प्रस्तावित मतदान केंद्रों की जांच कर लें। यदि कोई मतदान केंद्र भवन ध्वस्त/जर्जर हो या स्थल परिवर्तन के कारण मतदाताओं को असुविधा हो रही हो, तो निर्धारित अवधि के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय, पश्चिम चंपारण, बेतिया में दावा/आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय, अवर निर्वाचन पदाधिकारी यशलोक रंजन, विवेक कुमार सिंह सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिवांश और प्रबल बने अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी

बेतिया(घनश्याम)। अंतरराष्ट्रीय शतरंज संस्था इंटरनेशनल चेस फेडरेशन फीडे के द्वारा एक जुलाई को रेटिंग जारी किया गया जिसमें जिले के दो खिलाड़ी बेतिया शिवांश बरनवाल को 1617 और बगहा प्रबल सिंह को 1471 क्लासिकल रेटिंग मिला है शिवांश के पास पहले से ही 1571 रैपिड रेटिंग है और अब इनको क्लासिकल रेटिंग भी मिला है यह दोनों खिलाड़ी के बिहार राज सीनियर शतरंज चैंपियनशिप में भाग लिए थे जो शेखपुरा में 1 जून से 5 जून तक आयोजन हुआ था उसमें भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करने और अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी को हराने पे उनको रेटिंग मिला है और वहीं इस प्रतियोगिता में शिवांश बरनवाल ने 9 राउन्ड में 5 अंक बनाए उन्होंने कुल 9 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी से मैच खेलकर रेटेड से 5 अंक बनाये और चार अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी को हराकर और दो से ड्रॉ खेलकर रेटिंग लिए है। वहीं प्रबल सिंह ने 9 राउन्ड में 3.5 अंक बनाए थे और एक 8 अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी से मैच खेलकर तीन रेटेड से जीते और एक से ड्रॉ खेलकर अन्तर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी बने। यह दोनों खिलाड़ी के चंपारण शतरंज अकादमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है जिले में लगातार अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बन रहे है चंपारण शतरंज अकादमी के संस्थापक शाहिद हुसैन, निदेशक नवीन जायसवाल, मुख्य संरक्षक डॉ मोहम्मद गुलजार, भानु बरनवाल, प्रेम शंकर सिंह, मनीष कुमार आदि खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं और बधाई दिए।

### मानवीय आधार पर मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति मरणासन्न स्थिति में एनजीओ से आगे आने की लोगों ने की अपील

बगहा। वैसे तो मंदिरों और मस्जिदों में दानपुण्य के लिए लोगो की भीड़ लग जाती है।लोग पत्थरो से बने मंदिरों और मस्जिदों में भगवान और खुदा को ढूंढ लेते है लेकिन इंसान में इंसान हैं,को नहीं देख पाते !! कुछ ऐसा ही वाक्य वाल्मीकिनगर में देखने को मिल रहा है।एक बीमार मानसिक होमलेस विक्षिप्त व्यक्ति वाल्मीकिनगर की सड़कों पर घूम रहा है जिसके पैर में गहरा जख्म हो गया है।कभी कभी जख्म के दर्द से सड़क किनारे गिर पड़ जा रहा है। इस व्यक्ति की करुण व्यथा की स्थिति देख स्थानीय लोगों ने वैसे बगहा और वाल्मीकिनगर में संचालित एनजीओ से अपील किया है जो चलंत भोजन और कपड़े,कम्बल देते हुए सोशल मीडिया में फोटो और वीडियो अपलोड करते नहीं थकते,साथ ही वाल्मीकिनगर के उन मेडिकल दुकानदारों से आग्रह किया है जो नेपाली युवाओं को बिना डॉक्टरी परिप्शकेप्शन के नशीली दवाएं बेचकर बिल्डिंगे खड़ी कर अवैध कारोबार कर रहे है।इन मेडिकल स्टोर्स वालों को उस उक्त व्यक्ति की मेडिकल इलाज व सहायता के लिए आगे आने का आग्रह किया है।ताकि उस होमलेस मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की जान बचाई जा सके।हालांकि कुछ ऐसे व्यक्ति भी है जो उस व्यक्ति के भोजन पानी का खयाल भी रख रहे हैं।

### वाल्मीकि सभागार में नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र पुलिस अधीक्षक द्वारा वितरण किया गया

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकि सभागार ( कन्वेंशन हॉल ) में आयोजित समारोह में बगहा पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के द्वारा कुल 277 चयनित अभ्यर्थियों को दिया जाना था जिसमे उपस्थित 268 अभ्यर्थियों को दिया गया। 130 पुरुष और 138 महिलाओं को नियुक्तिपत्र वितरण किया गया। समारोह की शुरूआत पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।इस दौरान बगहा पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा एक अनुशासित बल है और इसमें सेवा भावना,अनुशासन एवम तत्परता जरूरी है।उन्होंने नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान आगे बताया कि जब आप सिविल में थे तो जो अपेक्षाएं आप पुलिस प्रशासन से रखते थे वहीं अपेक्षा आप से की जाएगी,

## सेहत केंद्र स्थापना दिवस संपन्न



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। मंगलवार को जयप्रकाश महिला कॉलेज छपरा में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ किरण कुमारी के संरक्षण में सेहत केंद्र स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में छात्राओं को स्वास्थ्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सेहत केंद्र की समन्वयक इकाई 2 की डॉक्टर बिंदी कुमारी द्वारा सेहत केंद्र की व्यवस्था एवं सुविधा की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ रेखा सिंह, डॉ नमिता किशोर,डॉ मनीषा कुमारी, डॉ संजू कुमारी, डॉ सोनाली सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उपस्थित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

## नेशनल डॉक्टर्स डे पे भारत स्काउट और गाइड सारण ने डॉक्टर नीला सिंह को दिया सम्मान

### डॉक्टर सिर्फ एक प्रोफेशन का नाम नहीं,बल्कि वो फरिश्ते है: डॉ नीला सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। डॉक्टर सिर्फ एक प्रोफेशन का नाम नहीं,बल्कि वो फरिश्ते है जो जिंदगी की सबसे मुश्किल घड़ी में हमारी उम्मीद बनकर सामने आते हैं। वो न केवल हमारी सेहत का ख्याल रखते हैं, बल्कि हर दर्द, हर तकलीफ में हमारे साथ खड़े रहते हैं उक्त बाते सारण नर्सिंग होम एंड रिसर्च सेंटर में भारत स्काउट और गाइड सारण के सम्मान समारोह मे शहर के प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० नीला सिंह ने कहा। वही आयुक्त(स्काउट) अरूण परासर ने कहा की डॉक्टर मुस्कुराता चेहरा या दिलासा देने वाला एक शब्द, किसी टूटते इंसान में नई हिम्मत भर देता है। वही जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने कहा की डॉक्टर इमरजेंसी में पूरी रात जागकर किसी की सांसों की डोर थामे रखना हो,या डरे-सहमे मरीज को सुकून देना हो डॉक्टर के समर्पण और सेवा भावना की कोई सीमा नहीं होती। मौके पे भारत स्काउट और गाइड के सदस्य दिलीप कुमार,हार्दिक कुमार सहित अन्य कर्मी महजूद रहे।

## चिकित्सकों को सम्मानित करके क्लब ने मनाया चिकित्सक दिवस



छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सारण सिटी ने शहर की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञा श्रीमती डॉ प्रियंका भारती,डॉ कुमार आशुतोष समेत दर्जनों चिकित्सकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया. इस दौरान क्लब के अध्यक्ष रोट्र सैनिक कुमार एवं सचिव राजा कुमार ने बताया की प्रत्येक वर्ष रोटा ईयर की शुरूआत होती है.आज सत्र 2025-26 का प्रथम दिन है जिसमे हमारे कैंप और सदैव क्लब को सहयोग करने वाले चिकित्सकों को हमारा क्लब डॉक्टर्स डे पर सम्मानित करता है.वही सत्र 2025-26 के कोसाध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने कहा की डॉक्टर्स भगवान का दूसरा रूप होते है और आज डॉक्टर्स डे पर उनको सम्मानित करने का मौका वास्तव में सुखद पल है. इस दौरान रोट्र अजित कुमार,रोटेरियन अजय कुमार, अवध बिहारी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे.

## वेक्टर जनित रोगों से बचाव व इलाज की दी गई जानकारी

- डेंगू संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है
- वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लोगों को करें जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरिया में डीबीबीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार की उपस्थिति में वेक्टर जनित रोगों से संबंधित प्रशिक्षण नव नियुक्त एएनएम को दिया गया। वेक्टर जनित रोगों में कालाजार, डेंगू, मलेरिया, जेई, चिकनगुनिया, कालाजार एवं फाइलेरिया से बचाव और उसके इलाज के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर डीबीभीडीसीओ ने कहा कि बरसात के समय में वेक्टर जनित रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए लोगों को स्वच्छता व बचाव हेतु जागरूक करना भी आवश्यक है। समुदाय के बीच चलाया जाएगा जागरूकता अभियानः भीबीडीएस प्रकाश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य है कि स्वास्थ्य कर्मी आम लोगों को कालाजार बीमारी के लक्षण, उससे बचने के उपाय और बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करें। सभी स्वास्थ कर्मी लोगों को मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने और अपने घर के आसपास गड्ढों में बरसात का पानी जमा नहीं होने देने की सलाह देंगे। ताकि उस पानी में कालाजार के मच्छर नहीं पनप सके। क्षेत्र में छिड़काव के लिए जाने वाली टीम का सहयोग कर घर-घर में छिड़काव करवाने के लिए प्रेरित करेंगे। सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में वेक्टर रोगों की जाँच व इलाज निःशुल्क उपलब्धः डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया कि वेक्टर जनित रोग जैसे कालाजार, डेंगू, जापानी एन्सेफलाइटिस, मलेरिया आदि के लक्षण हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर से मिलें। वहां जांच व इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। कालाजार बालू मक्खी के काटने से फैलता है। डेंगू बुखार, जापानी इंसेफेलाइटिस और मलेरिया जैसी बीमारी फैलाने में मच्छरों की अहम भूमिका होती है। समय पर इलाज के अभाव में रोग से ग्रसित व्यक्ति की जान भी जा सकती है। इसलिए लोगों को इन बीमारियों के लक्षणों की पहचान जरूरी है। इस मौके पर भीबीडीएस, सुजीत कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी, नव नियुक्त एएनएम व कर्मी उपस्थित थे।

## राजेंद्र कॉलेज में नवनामांकित छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्थानीय राजेंद्र कॉलेज में मंगलवार को नव नामांकित छात्रों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी अवसर की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उदय शंकर पांडेय ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् राष्ट्रपति सम्मान प्रो. वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी उपस्थित रहे, जिन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व और उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू (डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर) प्रो. राणा विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और सृजनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कॉलेज के आधारभूत संरचना और पुस्तकालय का लाभ उठाने को कहा । प्राचार्य प्रो. उदय शंकर पांडेय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा नागरिक बनना भी है। उन्होंने गुरु को देवतुल्य बताते हुए कहा कि गुरुओं का आदर और उनके मार्गदर्शन से आप सभी को जीवन में सफलता प्राप्त होगी। प्राचार्य ने कॉलेज की गरिमामयी इतिहास से छात्रों को अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने गुरु शिष्य परंपरा और प्राचीन काल से चली आ रही दीक्षारंभ पर विस्तार से प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि दीक्षारंभ समारोह किसी भी शैक्षणिक यात्रा की शुभ शुरूआत का प्रतीक होता है। यह विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारियों, उद्देश्य और मूल्यों से परिचित कराता है। इस अवसर पर उन्हें गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होता है, जिससे वे न केवल अकादमिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होते हैं, बल्कि जीवन मूल्यों को भी आत्मसात करते हैं। दीक्षारंभ, छात्र और संस्था के बीच एक सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंध की नींव रखता है। यह समारोह विद्यार्थियों को प्रेरणा, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता प्रदान करता है, जिससे वे अपनी शिक्षा यात्रा को गंभीरता और समर्पण के साथ आरंभ कर सकें। उन्होंने पुरातन ज्ञान पद्धति से सीख लेने की बात कही। श्री सुरेश कुमार चौबे ने उड़ान कविता के माध्यम से छात्रों का मनोबल बढ़ाया । मंच संचालन डॉ. ऋचा मिश्रा ने किया।कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने सिलेबस और नवीन पैटर्न से छात्रों को अवगत कराया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब टाउन के सदस्यों ने किया डाक्टरों को सम्मानित



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यों के द्वारा छपरा शहर प्रतिष्ठित चिकित्सकों के क्लिनिक पर जा के सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष अभिषेक किशोर ने की। इस अवसर पर शहर के नामी-गिरामी डॉक्टरों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉ एस के पाण्डेय, डॉ सतीश चंद्रा, डॉ अमित कुमार, डॉ राकेश कुमार, डॉ प्रियंका शाही, डॉ विकास सिंह शामिल थे। लायंस क्लब के सदस्यों ने डाक्टरों को किया सम्मानित कार्यक्रम में लायन राखी गुप्ता, लायन चंदन सिंह, लायन मनीष कुमार, अली अहमद, लियो विकास समर, पप्पू जी, कुंवर जायसवाल, मयंक जायसवाल, विकास गुप्ता आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की जानकारी लायन कुंवर जायसवाल ने दिया।

## वर्षों से बदहाल महारानी जानकी कुंवर नगर भवन का वातानुकूलित रूप में होगा जीर्णोद्धार: गरिमा

### 1.40 करोड़ के इस महत्वाकांक्षी योजना की शीघ्र जारी होगी निविदा

- बोली महापौर–मामूली शुल्क पर नगर निगम एवं जिले के गरीब और सामान्य लोगों के बजट में संभव हो सकेगा टाउन हॉल का आवंटन
- पूरे टाउन हॉल बिल्डिंग को एयरकंडिशन बनाने के साथ रिपेयरिंग व फाल्स सीलिंग लगाने के साथ बनेगा नया छप्पर और नया फ्लोरिंग



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि वर्षों से बदहाल महारानी जानकी कुंवर नगर भवन का वातानुकूलित स्वरूप में जीर्णोद्धार किया जाएगा। 1.40 करोड़ की लागत वाली नगर निगम की इस योजना की निविदा शीघ्र जारी करने की पहल नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी के स्तर पर तेज हो गई है। महापौर ने बताया कि वर्षों से नगर निगम क्षेत्र के दर्जनों प्रबुद्ध लोगों के स्तर से उठती रही नगर भवन की बदहाली दूर करने की होती रही मांग के आधार पर महारानी जानकी कुंवर नगर भवन के नवनिर्माण के बाबत महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि कुल 1.40 करोड़ की यह योजना पूरी होने के बाद बहुत मामूली सरकारी शुल्क देने पर आम जनता को एयरकंडिशन टाउन हॉल नगर निगम एवं जिले के गरीब और सामान्य लोगों को आवंटित किया जा सकेगा। महापौर ने बताया कि स्वीकृत योजना के अनुसार पूरा नगर भवन वातानुलित बन जाने के साथ इस पूरी बिल्डिंग की उच्च गुणवत्ता के साथ रिपेयरिंग की जाएगी। वही फाल्स सीलिंग लगाने के साथ पुराना डैमेज एसबेस्टस हटाकर नया एसबेस्टस लगाया जाएगा। इसके साथ ही सभी चौखट दरवाजा नया लगाने के साथ आकर्षक स्वरूप में नए फ्लोरिंग अर्थात फर्श का भी निर्माण कराया जाएगा।

## मानसून सत्र के वीटीआर जंगल सफारी पर लगा ब्रेक 30 सितंबर तक पर्यटको को करना पड़ेगा इंतजार

### वाल्मीकिनगर,मनगुराहां और गोबर्धन्हा पर्यटन केंद्र पूरी तरह बंद:नेशामनी के

बगहा। बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पर्यटन सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। दरअसल मानसून सत्र कि शुरूआत और इलाके में हो रही वर्षा समेत नेपाल के तराई क्षेत्र में पानी के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है लिहाजा हर साल कि तरह इस साल भी अगले तीन महिनों के लिए इको टुरीज्म प्रभावित रहेगा। बरसात कि शुरूआत और जंगल में जल भराव के मद्देनजर वन्य एवं पर्यावरण विभाग ने फैसला लिया है ताकि जंगल के अंदर कोई गतिविधि न हो और जीव जंतुओं के प्रजन्न में भी सहूलियत मिले. जबकि देश विदेश से आने वाले सैलानियों को दिक्कतें न हो लिहाजा वीटीआर के सीएफ डॉ. नेशामणी के ने वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पर्यटन सेवाओं पर रोक लगने कि जानकारी साँझा किया है।बताया जा रहा है कि वीटीआर के वाल्मीकिनगर,मंगूरहा और गोबर्धना पर्यटन केंद्रों पर अब पर्यटन सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। इलाके में बरसात शुरू होनें के कारण वीटीआर प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। लिहाजा विटी के एडवेंचर में जंगल सफारी,मोटर वोटिंग और गंडक सफारी,साईकिल सफारी व जंगल में भ्रमण जैसी सेवाएं पूरी तरह ठप रहेंगी। बतादें कि नेपाल और उतर प्रदेश कि सीमा पर स्थित बिहार के कश्मीर आने और घूमने वाले पर्यटकों को 30 सितम्बर तक इंतजार करना होगा। क्योंकि नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही वर्षा के चलते गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है और यहीं वजह है कि जंगली रास्ते खराब होनें और नदी में जल प्रवाह तेज होनें पर यह निर्णय लिया गया है। खुद वीटीआर के सीएफ डॉ. नेशामणी के ने पत्र जारी कर 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक वीटीआर में ऑनलाइन व ऑफलाइन बुकिंग सेवाओं को बंद करने का निर्देश सभी पर्यटन केंद्रों को जारी किया है। ऐसे में सैलानियों को बिहार के कश्मीर में पर्यटन सेवाओं पर फिलहाल विराम लग गया है।

## जदयू ने मढ़ौरा में बूथ कमेटी बीएलए एवं समर्पित कार्यकताओं की बैठक आयोजित की

- बीएलए, बूथ कमेटी एवं समर्पित कार्यकताओं को दिया निर्देश
- मतदाता पूर्ण निरीक्षण में जदयू कार्यकर्ता बीएलओ को करेंगे सहयोग

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। मढ़ौरा प्रखंड के भावलपुर व नौतन पंचायत के जदयू बूथ कमेटी, बीएलए एवं समर्पित कार्यकताओं की बैठक आहूत की गई अध्यक्षता पंचायत मंजीत गिरी ए की संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह ने की बताते चले कि जदयू प्रदेशाध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के निर्देश पर विधानसभा के एक दिन में दो पंचायत में बैठक किया जाना है पार्टी के समर्पित कार्यकताओं साथियों के ही बदौलत ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है उक्त बातें जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहीं वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी मतदाताओं का गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है जिससे हम सभी साथियों का दायित्व है कि बीएलओ को सहयोग करे ताकि सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ सके क्योंकि 2003 के बाद यह मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है बीएलए के द्वारा सभी मतदाताओं को दो प्रति में फॉर्मेट दिया जाएगा उस फॉर्मेट को भरकर जरूरी कागजात लगाकर बीएलओ के पास एक प्रति जमा करना होगा और एक प्रति उनसे प्राप्त कर लिया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी संजय कुमार गिरी,जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश महतो जिला सचिव बीरेंद्र गिरी, प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिवाकर चौबे,रवि प्रकाश पप्पू सिंह,पंचायत अध्यक्ष मंजीत गिरी ,जाहिर हुसैन ,सुरेश भगत ,फरयाज अहमद,नगेंद्र गिरी कवि,पंकज सिंह,अमित कुमार उपस्थित रहे

## सरकार प्रायोजित गरीबी उन्मूलन की योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचना चाहिए: सिग्रीवाल

- बीस सूत्री की बैठक मे बोले सांसद



बनियापुर (सारण) बनियापुर प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभागार में मंगलवार को प्रखंड बीस सूत्री की बैठक हुई। जिसमें सभी प्रकार के योजनाओं की समीक्षा की गयी,वही कृषि ,शिक्षा,चिकित्सा राशन आपूर्ति से लेकर प्रधान मंत्री आवास तक की चर्चा की गई। जिस बैठक में महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भी शिरकत किया। जिस सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि अधिकारियों को चल रहे योजनाओं की जांच खुद करना चाहिए। ताकि योजनाओं का लाभ सही व्यक्तियों को और सही जगह पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रखंड के अधिकारी किसी दूसरे राज्य से नहीं आते है जिनको योजना में गड़बड़ी की जानकारी नहीं हो सकती है। 5 हजार प्रधान मंत्री आवास योजना की किस्त आया था लेकिन इस योजना के किसी भी लाभुक को एक किस्त मिली है तो किसी को वह भी नहीं मिल पाई है। इसके अलावा राशन आपूर्ति, मनरेगा, शिक्षा सहित सभी योजनाओं पर बारी बारी से चर्चा की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता शैलेन्द्र शर्मा ने की। जहां बीडीओ रमेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार जेडीयू अध्यक्ष शिवनारायण पटेल सभी ,बीस सूत्री के सभी सदस्य सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले मे बाढ के सम्भावित खतरे को देखते हुए जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने सोमवार को अधिकारियों की टीम के साथ बागमती एवं लखनदई नदी के तटबंधों का सुदृढ़ीकरण एवं निगरानी की स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने औराई के जनाढ़, है बेनीपुर, राजखंड तथा कटरा के बर्री पंचायत में नवादा स्थल का निरीक्षण कर नदी का जलस्तर एवं जल प्रवाह का अवलोकन किया तथा बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने तटबंधों की निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों की सूची मोबाइल नंबर के साथ उपलब्ध कराने का को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रति किलोमीटर के हिसाब से कर्मियों की तैनाती कर सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही बागमती एवं लखनदेई नदी में जल का स्तर बढ़ने पर आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की पूर्व तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण द्वारा अवगत कराया गया कि पर्याप्त संख्या में सैंड बैग तैयार हैं जिसका आवश्यकता अनुसार उपयोग किया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने औराई एवं कटरा में सैंड बैग के भंडारण एवं गुणवत्ता की जांच करने तथा प्रतिवेदन देने का निर्देश अंचलाधिकारी आराई एवं कटरा को दिया। उन्होंने कहा कि बागमती नदी में जल स्तर में वृद्धि होने की स्थिति में तटबंध पर जगह-जगह पानी का दबाव बढ़ जाता है जिस पर त्वरित रूप से सुरक्षात्मक कार्रवाई की जरूरत होती है। इसलिए पूरी तैयारी सुनिश्चित कर लें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने लखनदेई नदी स्थित तटबंधों के 11 स्थलों पर कटाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मरम्मति का कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से जल्द पूरा करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों के जान माल की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए कार्यपालक अभियंता को सख्त हिदायत देते हुए जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही स्लूइस गेट चालू रहे, इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

## डीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण ,बच्चों से लिया फीडबैक

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने औराई प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर चंदवारा का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं से आवश्यक फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वर्ग कक्ष में छात्र-छात्राओं से पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछताछ की, जिसका छात्रों ने सकारात्मक जवाब दिया। इस अवसर पर बच्चों के बीच अत्यंत लोकप्रिय बालगीत चंदा मामा दूर के, पुए पकाए गुड़ के ।आप खाये थाली में, मुन्ने को दिए प्याली में। सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने बच्चों से मध्यान भोजन योजना के तहत बिगत तीन दिन के भोजन के मेनू के बारे में पूछताछ की। बच्चों ने संतोषजनक जवाब दिया। अपने विद्यालय में जिला पदाधिकारी को पाकर बच्चे अत्यंत भाव विह्वल एवं प्रसन्न थे। इस विद्यालय में कुल 335 विद्यार्थी हैं जिसमें 209 विद्यार्थी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय की साफ- सफाई, रंगाई- पुताई कराने को कहा। उन्होंने विद्यालय के सामने गड्ढे की भराई कर सौंदर्यीकरण का का भी निर्देश दिया।

## निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 107 एवं 327 ई के अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की गई समीक्षा



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिलांतर्गत निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 107 एवं 327 ई के अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्ग 107 अंतर्गत अर्जित भूमि के नामांतरण की अद्यतन स्थिति एनएच 107 के निर्माण कार्य में परिलक्षित बाधा एवं इसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई, मौजा सुलिंदाबाद एवं बख्तियारपुर में आरओबी के निर्माण के संबंध में विभिन्न मौजों में मेजर ब्रिज निर्माण की वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति, मनौरी एवं बैजनाथपुर में वीयूपी के पहुंच पथ एवं सर्विस लेन निर्माण की स्थिति, भू अर्जन क्षेत्र में पड़ने वाले धार्मिक संरचना एवं अन्य संरचना का शिफ्टिंग कार्य, बॉक्स कलवर्ट के निर्माण की अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति, ड्रेन निर्माण कार्य, मेडियन निर्माण कार्य एवं टॉल प्लाजा के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं शेष कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जबकि एनएच 327 ई अंतर्गत सरकारी संरचनाओं एवं धार्मिक संरचनाओं के शिफ्टिंग कार्य,एनएच 327 ई के अर्जित भूमि के नामांतरण व अर्जित भूमि पर अवस्थित वृक्षों का 3 जी प्राक्कलन के अनुमोदन, एनएच 327 ई के निर्माण कार्य में परिलक्षित बाधा एवं इसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई आदि के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि 327 ई अंतर्गत बिहरा एवं पटोरी मौजे में 1.6 किलोमीटर से 1.33 किलोमीटर का दखल कब्जा निर्माण एजेंसी को सौंप दिया गया है, शेष 300 मीटर में अवस्थित संरचना से अधिक भूमि के मुआवजे का भुगतान 124 रैयतों को किया जा चुका है। 59 रैयतों का मुआवजा भुगतान अनुमोदन हेतु परियोजना निदेशक के पास लंबित है, शेष रैयतों से आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आवश्यक कारवाई की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता निशांत, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अभिनव भास्कर सहित संबंधित तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चकहबीब के मजदूर की हैदराबाद में छत से गिरने से हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के चकहबीब के मजदूर की हैदराबाद में तीन मंजिला मकान के छत से पैर फिसलने के कारण गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चकहबीब वार्ड 14 निवासी शंकर राय के 42 वर्षीय पुत्र मनोज राय बताया गया है घटना के संबंध में बताया जाता है कि मनोज राय परिवार के भरण पोषण के लिए हैदराबाद में मजदूरी करता था। रविवार की देर संध्या वह तीन मंजिला मकान के छत पर टहल रहा था। अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह नीचे गिर गया और मौके पर ही मौत हो गई। मनोज की मौत की खबर मिलते हैं परिवार में कोहराम मचा हुआ है वही गांव में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। मृतक की माता फूलों देवी एवं पत्नी सुधा देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। बता दें कि मृतक मनोज तीन भाइयों में अनिल राय एवं सुनील राय से बड़ा था। उनके दो पुत्र रामकुमार 14 वर्ष एवं देव कुमार 12 वर्ष के है। वहीं स्थानीय बुद्धिजीवी पीड़ित परिवार को सांत्वना दें रहे हैं। परिजन मनोज की शव आने की इंतजार में रह रहा कर चीत्कार मारकर बेसुध हो रहे थे। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनोज का शव पोस्टमार्टम के बाद सोमवार की संध्या हैदराबाद से चकहबीब के लिए चला था। 2 जुलाई की उनका शव घर पहुंचने की संभावना है।

### तैयारी पूरी, आज होगी जय मां मंगला महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत वार्ड 12 समर्था चैनपुर में जय मां मंगला महाकाली की मंदिर व प्रतिमा बनकर तैयार हो चुकी है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए भी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आज यानी बुधवार को कलश शोभा यात्रा एवं वैदिक पंडित सुशील झा के मंत्र उच्चारण के बाद प्राण प्रतिष्ठा जय मां मंगला महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा दी जाएगी।यजमान के रूप में संतोष कुमार सिंह व उनकी धर्मपत्नी डैजी कुमारी रहेगी। बता दें कि इस मंदिर व प्रतिमा का निर्माण प्रो. नवल किशोर सिंह के सौजन्य से किया गया है। तथा भगत/पुजारी के रूप में रूपेश भगत को प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त बात की जानकारी निर्माणकर्ता प्रोफेसर नवल किशोर सिंह ने दी है।

### जदयू की पंचायत स्तरीय बैठक में पुनः नीतीश कुमार जीत दिलाने पर हुई चर्चा

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत जदयू की सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत की बैठक पंचायत भवन के प्रांगण में प्रमोद कुमार की अध्यक्षता एवं अशोक पटेल के संचालन तथा सिंघिया बुजुर्ग उत्तर की बैठक राहुल कुमार की अध्यक्षता एवं रामाशीष प्रसाद सिंह के संचालन में संपन्न हुई। बैठक को पूर्व विधान परिषद, राज्य नेता सह जिला प्रभारी भूमिपाल राय ने संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों एवं 2025 में पुनः नीतीश कुमार को स्थापित करने पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक को विधानसभा प्रभारी विनय कुमार सिंह, जिला नेता सत्यनारायण राय, राम बहादुर सिंह, तरुण सिंह, रामनारायण सिंह, अनिल यादव, महेश्वर प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया। मौके पर सरपंच रीना सिंह, एमडी नवाब, संजीत साहनी गोनर दास, रामबाबू राय, मणिकांत राय, रामचंद्र पंडित, हरेराम महतो, भिखारी दास सहित दर्जनों जदयू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आवश्यक : प्रो मुश्ताक अहमद

दरभंगा।वायु प्रदूषण आधुनिक युग में मानव समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।क्योंकि विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों ने मनुष्य को विभिन्न बीमारियों से ग्रसित कर दिया है तथा मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तनों से हमें विभिन्न आपदाओं का सामना करना पड़ता है और इसका एकमात्र कारण पर्यावरण का असंतुलन है। ये विचार इस सी एम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने व्यक्त किए। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव के अंतर्गत आता है। इसी संबंध में शिक्षण संस्थानों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। आज महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। प्रो अहमद ने बताया कि इस पूरे सप्ताह महाविद्यालय परिसर एवं उसके आसपास महाविद्यालय की एनएसएस एवं एनसीसी इकाईयों द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा इस अवसर पर बोलते हुए डॉ मयंक श्रीवास्तव, डॉ शशांक शुक्ला एवं डॉ अभिमन्यु कुमार ने कहा कि जब तक पर्यावरण संतुलन ठीक नहीं हो जाता, तब तक ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बनी रहेगी, इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा देना आवश्यक है।

## सिमरी बख्तियारपुर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की लगी है होड़



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सिमरी बख्तियारपुर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है। ऐसा कोई पंचायत और गांव नहीं है, जहां बिहार सरकार की जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं किया गया हो। जिससे सरकार के राजस्व विभाग को काफी छती हो रही है, एक तरफ बिहार सरकार सरकारी जमीन को लगातार खोज कर रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी जमीनों को अवैध तरीके से हथियाकर उन पर कारोबार चलाया एवं उगाही किया जा रहा है। अधिकारियों और कर्मियों के लिए इसे खाली कराना चुनौती बनता जा रहा है। मामला सिमरी बख्तियारपुर अंचल क्षेत्र अंतर्गत बलवाहाट चौक एनएच 107 सड़क के किनारे स्थित कुछ दबंग द्वारा जबरन खतियानी जमीन के आगे जो बिहार सरकार की जमीन को अवैध तरीके से अतिक्रमण किया जा रहा है। इसको लेकर पीड़ित जमीन मालिक ने बलवाहाट थाना को आवेदन देकर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। आवेदन में सिसौनी गांव निवासी जवाहर सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, महेश्वर नारायण सिंह ने कहा है कि बलवाहाट मुख्य चौक स्थित मेरी खतियानी जमीन जिसका खाता संख्या-135, खेसरा-245 (पू) पर दीपक कुमार सिंह व परवीन कुमार और कुनाल सिंह ग्राम सिसौनी के द्वारा जबरन हमलोगो से पुछे वैगर जेसीवी से करीब एकसौ टेलर मिट्टी गिरा दिया। अतिक्रमण कर, मीट मछली का हाटिया लगाकर खुलेआम उगाही कर रहा है और उसे वल पुर्वक उक्त जमीन को हड़पना चाहता है। वही इससे पुर्व भी उक्त जमीन को विवादास्पद बनाने हेतू भी प्रयास किया गया था, जिससे सम्बंधित अवेदन भी बलवाहाट थाना को 12 फरवरी 25 को दिया था, जिस पर प्रशासन के द्वारा ततकाल रोक लगाते हुए किसी तरह का कार्य ना करने कि हिदायत दिया गया था। सहरसा से भी बख्तियारपुर एनएच 107 मुख्य सड़क मार्ग किनारे बालवाहट चौक सनी गांव से बालवाहट चौक तक सरकारी जमीनों को अवैध तरीके से हथियाकर उसे पर कारोबार चलाया जा रहा है। दुकानों पर बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, सिमरी बख्तियारपुर प्रशासन की कोई नजर नहीं होती है, सड़क किनारे लगाए हुए विक्रेताओं के स्टॉल से लगातार बहुत बड़ी जाम की समस्या एवं आए दिन रोड एक्सीडेंट की संभावना बढ़ती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है, सिसौनी चौक से बालवाहट थाना तक रोड के दोनों साइड बिहार सरकार की जमीन को अवैध रूप से मिट्टी भरकर हटिया लगाकर दुकान लगाकर अवैध तरीके से मोटी रकम वसूली जाती है, सिमरी बख्तियारपुर और सहरसा प्रशासन लापरवाह बनी हुई है।

## मणिकांत लिखित कालीमणि पुस्तक का समारोह पूर्वक किया गया लोकार्पण



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। साहित्यकार एवं भारत निर्वाचन आयोग के दरभंगा जिला स्वीप आइकॉन मणिकांत झा द्वारा मणि श्रृंखला अंतर्गत मैथिली में रचित ह्यकालीमणिह्न का लोकार्पण सोमवार को एक होटल के सभागार में किया गया। महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित भक्ति रस पर केन्द्रित गीत संग्रह का लोकार्पण विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ओमप्रकाश, भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी विवेकानंद झा, साहित्य अकादमी के पूर्व मैथिली प्रतिनिधि प्रो प्रेम मोहन मिश्र, संस्कृत शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा बेदानंद मिश्र, चिकित्सक एवं संगीतज्ञ डा एडीएन सिंह, पत्रकार विष्णु कुमार झा आदि के कर-कमलों से साथ मिलकर किया गया। लोकार्पण समारोह में डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने कहा कि मिथिला के जन जीवन में भक्ति रस की सदैव से प्रधानता रही है। देखा जाय तो विद्यापति के समय में भी अन्य रस की तुलना में भक्ति रस पर केंद्रित सृजन का महत्व अधिक था। इसलिए मणिकांत झा ने जिस प्रकार से मणि श्रृंखला के अंतर्गत भक्ति भाव से सजे अनेक कविता संग्रह के बाद कालीमणि में भगवती की आराधना के विभिन्न भावों को रेखांकित किया है, यह मैथिली साहित्य क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रो प्रेम मोहन मिश्र,डा ओमप्रकाश, डा वेदानंद मिश्र, डा एडीएन सिंह, विवेकानन्द झा, विष्णु कुमार झा ने सम्बोधित किया। प्रवीण कुमार झा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में कलाकार डा सुषमा झा, केदारनाथ कुमर, दीपक कुमार झा, जानकी ठाकुर के साथ वीणा झा ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों का स्वागत टटुआर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रो जीवकांत मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मणिकांत झा ने किया।

## वोट लेकर धोखा देने वाले को जनता सबक सिखाएगी : अजीत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार ने मंगलवार को कांटी क्षेत्र के कई गांव में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर अधिकारियों से बात कर कई मामलों का निदान कराया। क्षेत्र के रक्सा बोखार चौक, टरमा दलित बस्ती, छपरा मनोरथ, श्रीसिंया काली स्थान एवं मानिकपुर दलित बस्ती मे आयोजित जन संवाद में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी हुई। पूर्व मंत्री श्री कुमार के समक्ष लोगों ने बिजली, सड़क की जर्जरता, पेयजल, दाखिल खारिज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं रोजगार से जुड़े कई मामलों को उठाया। उन्होंने सभी समस्यों को सुनने के उपरांत मौके पर अधिकारियों से बात कर कुछ मामले का निष्पादन कराया, वहीं उन्होंने कुछ अन्य बड़ी समस्याओं के निदान के लिए उच्च अधिकारियों से बात कर मामले का निष्पादन कराने का लोगों कोआश्वासन दिया ।इस अवसर पर श्री कुमार ने रक्सा बोखार चौक पर एक जनसभा को भी संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि स्थानीय विधायक की निष्क्रियता व उदासीनता के कारण कांटी क्षेत्र समस्या के मकर जाल में बुरी तरह उलझ कर रह गया है। जिन लोगों ने बीते चुनाव में बढ़-चढ कर विधायक को जिताने मे अपना योगदान दिया था, आज वे भी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। गांव में जाने के बाद केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा गरीबों के हित में चलाई जा रही योजना के अलावा कहीं कुछ नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज के गरीब तबके के लोग खासे परेशान हैं, उन्हें कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने कहा की स्थानीय विधायक ने जनता के साथ चुनाव के वक्त जो वादा किया था ,उन वादों को पूरा करने में वे पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। आने वाले दिनों में कांटी की जनता निश्चित रूप से उन्हें सबक सिखाएंगे। जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मोङ्गजहीर, मोङ्ग शमीम, नवल राय ,कमल राय, उपेंद्र राय, राजू राय, अमर राय , संजय राय, राजकुमार राय, पांचू राय,अवधेश सिंह, नागेंद्र पंडित, श्याम राय, ललन राय, रामप्रवेश राय, रामनरेश राय, गणेश राय, संजय पासवान, नीरज शाह , हरि राय, बीरेंद्र राय ,मनोज साह, गोनौर ठाकुर, अशोक ठाकुर ,शंभू ठाकुर , शिवनाथ ठाकुर, सहदेव पासवान , शैलेंद्र शर्मा ,बालेंद्र राय ,संजय राय ,चुल्हाई पासवान, विजय पासवान आदि शामिल रहे। ।

## विकास कुमार ने वार्ड संख्या 15 से 479 वोटों से जीत दर्ज की, पिता की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प



प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुरः नगर परिषद के वार्ड संख्या 15 में हुए उपचुनाव में विकास कुमार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय कुमार उर्फ मुना को 479 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही विकास कुमार ने एक बार फिर जनता का विश्वास जीतते हुए वार्ड पार्षद के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। यह उपचुनाव विकास कुमार के पिता, स्वर्गीय राम नारायण महतो के निधन के कारण कराया गया था। स्व. महतो वार्ड 15 के पूर्व वार्ड पार्षद थे और लोगों के बीच अपनी सेवा भावना के लिए विशेष रूप से लोकप्रिय थे। जीत के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए विकास कुमार ने कहा, ह्लमैं अपने पिता की तरह ही लोगों की सेवा करता रहूंगा। यह जीत मेरे लिए जिम्मेदारी का प्रतीक है। मैं अपने वार्ड की जनता का दिल से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मैं इस विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। स्थानीय निवासियों ने भी विकास कुमार की जीत पर प्रसन्नता जताई और उम्मीद जताई कि वे अपने पिता की तरह वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

## अपने दरवाजे पर जिलाधिकारी सहित निर्वाचन की टीम को पाकर अत्यंत खुश एवं प्रफुल्लित नजर आ रहे थे मतदाता

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने अपने क्षेत्र भ्रमण के तहत जयनगर प्रखंड के दुलीपट्टी पंचायत के खैरा टोल ग्राम में पहुंचकर गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने प्रमिला देवी,चमेली देवी सहित कई मतदाताओं को दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दिया एवं उनसे फीडबैक भी प्राप्त किया ।इसके उपरांत मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी ने ।जयनगर प्रखंड के दुलीपट्टी पंचायत के महादलित टोला स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि आपके मन में जितने भी प्रश्न हैं हमसे पूछ लीजिए परंतु 26 जुलाई के पहले यह फॉर्म भरकर अनिवार्य रूप से जमा कर दीजिए,ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची में छुटे नहीं। जिलाधिकारी ने बासोपट्टी प्रखंड के सेलिबेली पंचायत स्थित बरपूर्वा ग्राम में पहुंचकर जीविका दीदियों के साथ जमीन पर बैठ कर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया एवं अभियान को लेकर फीड बैक भी प्राप्त किया। गौरतलब हो कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मधुबनी जिले में जीविका दीदियों को महत्वपूर्ण जवाबदेही दी गई है। गणना प्रपत्र उपलब्ध करवाना,प्रपत्र भरने में विशेषकर महिला मतदाताओं को सहयोग करना एवं गणना प्रपत्र का संग्रहण करने की जवाबदेही दी गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बासोपट्टी प्रखंड के मध्य विद्यालय सेलिबेली पहुंचकर बीएलओ,जीविका दीदियों आदि से गहन पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। जिलाधिकारी कई मतदाताओं से भी बात कर उनका फीडबैक लिया।गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण एवं अपलोडिंग के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटे। भारत निर्वाचन आयोग हर एक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने आज विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर बीएलओ को विहित प्रपत्र भरने में मतदाताओं को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने तथा डोर टू डोर भ्रमण कर शत प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरी जवाबदेही से ससमय पूरा करने, सही -सही फार्म भरवाने, एक प्रति वापस लेने तथा अपलोडिंग करने में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## एसयूसीआई ने रेल किराये में वृद्धि का किया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एसयूसीआई(सी) के महासचिव प्रभास घोष ने आज एक बयान जारी कर केन्द्र सरकार द्वारा रेल किराए में वृद्धि का पुरजोर विरोध किया है। बयान में उन्होंने कहा है, ह्लसंसद को दरकिनार करके प्रशासनिक आदेश के माध्यम से रेलवे यात्री किराये में आज से की गयी अत्यंत अन्यायपूर्ण वृद्धि का हम पुरजोर विरोध करते हैं। जबकि सुरक्षा उपायों, यात्री सुविधाओं, समय की पाबंदी, रेकों की स्थिति, पैसेंजर ट्रेनों को एक्सप्रेस ट्रेनों के रूप में पुनः ब्रांडिंग करके टिकट की कीमतों में चालाकी से वृद्धि, जनरल डिब्बों में क्रमिक कमी, रेकों के रखरखाव, शौचालय की उचित सफाई और ट्रेन यात्रा के दौरान पानी की उपलब्धता के साथ स्पष्ट समझौता किया गया है। इसके अलावा, रेलवे ट्रैक के उचित रखरखाव की अनदेखी, सुरक्षा जांच, खानपान आदि जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं को अन्यत्र सौंपने, रेलवे परिचालन में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा कर्मचारियों की निरंतर कटौती के कारण दुर्घटनाओं में यात्रियों की मृत्यु होना आम बात हो गयी है। रेल यात्रियों को बुनियादी सेवा और सुरक्षा से वंचित रखना और समय-समय पर किराये में वृद्धि, चाहे वह खुलेआम हो या छिपे तौर पर, यह दशार्ता है कि भाजपा शासन में यात्री किस तरह से परेशान हैं। रेलवे के निजीकरण की प्रक्रिया जोरों पर है, ऐसे में किराये में वृद्धि का बोझ और बढ़ने वाला है। उन्होंने इस तरह के हमलों को विफल करने के लिए यात्रियों के साथ-साथ आम लोगों के अन्य वर्गों से आह्वान किया है कि वे तत्काल एकजुट होकर एक ताकतवर प्रतिरोध आंदोलन का निर्माण करें।

## पुनौराधाम में मां जानकी का भव्य मंदिर मिथिला के गौरव का प्रतीक बनेगा : संजय सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। अब वह दिन दूर नहीं जब मिथिला की पुण्यभूमि पुनौराधाम में जगत जननी मां जानकी का भव्य और दिव्य मंदिर बनकर तैयार होगा। मंगलवार को यह जानकारी बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने दी। उन्होंने बताया कि मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु बिहार कैबिनेट ने 882 करोड 87 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। एनडीए सरकार के नेतृत्व में मिथिला आज धन्य हो गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री सरावगी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इस ऐतिहासिक निर्णय का हिस्सा बना। पुनौराधाम में मां जानकी मंदिर का निर्माण सिर्फ एक धार्मिक संरचना नहीं, बल्कि संपूर्ण मिथिलावासियों की भावनाओं और आस्था का साकार रूप लेगा। जैसे अयोध्या में श्रीराम मंदिर देश की आस्था और आत्मगौरव का प्रतीक बना है, ठीक उसी प्रकार मां जानकी का यह भव्य मंदिर मिथिला की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम अंतरराष्ट्रीय स्तर का सांस्कृतिक और धार्मिक तीर्थक्षेत्र के रूप में विकसित होगा। जहां विश्वभर से श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचेंगे। जैसे श्रद्धालु अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन हेतु जाते हैं, वैसे ही अब पुनौराधाम में मां जानकी मंदिर में भी दर्शन के लिए अवश्य आएंगे। राम-जानकी एक हैं- पुनौराधाम का यह मंदिर उस दिव्य एकता और हमारी सनातन श्रद्धा का प्रतीक बनेगा। उन्हांने कहा कि एनडीए सरकार का यह निर्णय मिथिला की ऐतिहासिक गरिमा और सांस्कृतिक अस्मिता को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक युगांतकारी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के विकास की कार्ययोजना तैयार करने में शामिल नोएडा की प्रतिष्ठित डिजाइन कंसल्टेंसी से ही माँ जानकी मंदिर और उसके साथ बनने वाली संरचनाओं का डिजाइन तैयार कराया गया है।

## लखीसराय के डीएम ने मतदाताओं के बीच घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण किया



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण,2025 कार्यक्रम के अंतर्गत लखीसराय जिला के लाली पहाड़ी क्षेत्र के आसपास निवास करने वाले मतदाताओं के बीच घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 हेतु एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) का वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र द्वारा मतदाताओं से अपील की गई की सभी मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में है, वे संबंधित बीएलओ से एन्यूमरेशन फार्म प्राप्त कर उसे भरकर आवश्यक कागजात के साथ इछड के पास जमा कर दें, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वैसे मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है वह भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। विशेष गहन पुनरिक्षण, 2025 के अंतर्गत जिले के सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर आवश्यक कागजात के साथ संबंधित बी एल ओ को अवश्य रुप से समर्पित करने के लिए जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने अनुरोध किया है।

## बिचड़ा तैयार , धनरोपंनी के लिए बारिश का इंतजार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पिछले साल की अपेक्षा इस साल मानसून का आगमन कुछ पहले ही हो गया। उम्मीद थी कि बंदरा खूब बरसेगा लेकिन किसानों की उम्मीद पर पानी फिरता दिखने लगा है। धान का बिचड़ा तैयार है और किसिंग झमाझम बारिश के इंतजार में हैं। बारिश हो तो धनरोपंनी शुरू हो। तीन दिनों बिल आर्द्रा नक्षत्र भी विदा हो जाएगा। आर्द्रा नक्षत्र की बर्षा किसानों के लिए बड़ी उपयोगी मानी जाती है। आदि मौसम विज्ञानी घाघ ने भी कहा है ---- आदि न बरसै आदरा ( आर्द्रा नक्षत्र) ,अंत न बरसै हस्त ( हजीरा नक्षत्र) , कहै घाघ दोनों गये पौडित और गृहस्थ। आर्द्रा तो बरसा मगर भरपूर नहीं। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग ने2 से 6 जुलाई तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान ने किसानों की चिंता बढा दी है। पूवार्नुमान कै अनुसार, 2 से 6 जुलाई तक उत्तर बिहार के जिलों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की सम्भावना है। यह बारिश सामान्य से काफी कम रहने का अनुमान है। पिछले तीन दिनो मे मात्र 5.2 मिलीमीटर बर्षा रिकार्ड हुई ।विगत मौसम पूवार्नुमान अवधि के आकलन में बताया गया है कि पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.9 एवं 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 89 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 76 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.3 कि०मी० रही। कुछ उत्साही किसान निजी नलकूप की सहायता से धान की रोपाई कर रहे हैं। उनकी शिकायत है कि भूगर्भ जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण नलकूप बहुत कम पानी दे रहा है जिस कारण वे खेतों में पर्याप्त पानी नहीं लगा पा रहे है।



# मस्ती-4 के लिए तुरंत हामी भरी


**एक्ट्रेस रूही सिंह अपनी आने वाली फिल्म मस्ती 4 में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के निर्देशक मिलाप जावेरी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मिलाप जावेरी बेहतर तरीके से जानते हैं कि जनता को क्या पसंद आता है। साथ ही बताया कि वह दर्शकों को हंसाने के लिए कॉमेडी टाइमिंग को लेकर कड़ी मेहनत कर रही हैं।**

एक्ट्रेस ने कहा, वह शुरू से ही मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। वह मस्ती की खासियत और आम लोगों को क्या पसंद आता है, ये अच्छी तरह समझते हैं। मैं उनके निर्देशन के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह दर्शकों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी पसंद के हिसाब से फिल्म बनाते हैं। आईएएनएस ने उनसे पूछा कि जब उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई तो उनकी प्रतिक्रिया क्या थी? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जब मुझे मस्ती 4 का ऑफर मिला, तो मैंने उसके लिए तुरंत हामी भर ली। मस्ती एक बड़ी और प्रसिद्ध फिल्म सीरीज है जिसकी अपनी एक पहचान है, और उसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हुई। यह फिल्म एक शानदार कलाकारों की टीम, एक ऐसा निर्देशक जो फिल्म और दर्शकों को समझता है, और जिसमें मजाक-मस्ती मुख्य बात है, ये सब मिलकर फिल्म को बहुत मजेदार बनाते हैं। कुल मिलाकर, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि मैंने अपने दोस्तों के साथ ग्रैंड मस्ती देखी थी और हम बहुत जोर-जोर से हंसे थे। कॉमेडी करना मुश्किल होता है। कॉमेडी में सही टाइमिंग पकड़ना उनके लिए कितना मुश्किल है? इस सवाल पर रुही ने कहा, मुझे खुद पर हंसने में कोई डर नहीं लगता। मैं अपनी निजी जिंदगी में मजाकिया और हंसमुख हूं। मैं जानती हूं कि कॉमेडी करना सबसे मुश्किल होता है, इसलिए मैं खुद पर काम कर रही हूं। मैं बहुत सारी कॉमेडी फिल्में देख रही हूं, खासकर राजपाल यादव और परेश रावल की फिल्में। साथ ही, मैं अपने एक्टिंग टीचर के साथ लगातार अभ्यास कर रही हूं ताकि कॉमेडी की सही टाइमिंग समझ सकूं।



# शादी में जरूर आना के सीक्वल में साथ काम करेंगे नितांशी गोयल और अभय वर्मा

बॉलीवुड में एक और मच अवेटेड सीक्वल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ गया है। साल 2017 की सुपरहिट फिल्म शादी में जरूर आना अब एक नए अध्याय के साथ वापसी करने जा रही है और इस बार लीड रोल में हैं दो यंग और टैलेंटेड चेहरे- अभय वर्मा और नितांशी गोयल। जहां पहली फिल्म में राजकुमार राव और कृति खरबंदा की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीता था, वहीं इस बार कहानी को एक नई सोच, नया जमाना और नई जोड़ी देने की कोशिश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मुंज्या फेम अभय वर्मा और लापता लेडीज की नितांशी गोयल को लेकर निर्देशक रत्ना सिन्हा ने ये भरोसा जताया है कि यह फ्रेश जोड़ी पुराने दर्शकों को भी जोड़े रखेगी और नए दर्शकों को भी अपनी तरफ खींचेगी।



### निर्देशन की बागडोर फिर से रत्ना सिन्हा के हाथ में

पहली फिल्म की तरह इसका निर्देशन भी रत्ना सिन्हा ही कर रही हैं और ये फिल्म बनारस मीडिया के बैनर तले तैयार की जा रही है। फिल्म की कहानी, इस बार भी प्यार, सपनों और ज़िम्मेदारियों के बीच उलझी भावनाओं को नए तरीके से दर्शाने का वादा कर रही है।

### फैंस की उत्सुकता चरम पर

हालांकि अभी तक फिल्म की रिलीज डेट या कहानी की विशेष जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर फिल्म के एलान के बाद से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता साफ देखी जा सकती है। फिल्म के पहले भाग ने एक छोटे शहर की सादगी, राजनीति और प्रेम की जटिलताओं को बखूबी दिखाया था, और अब इसके अगले अध्याय से लोगों की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं।

### युवा कलाकार, नया रोमांच

अभय वर्मा जहां द फैमिली मैन 2 और हाल ही में मुंज्या जैसी फिल्मों से एक संवेदनशील और मजबूत कलाकार के रूप में उभरे हैं, वहीं नितांशी गोयल को लापता लेडीज़ में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए काफी सराहना मिली थी। दोनों युवा कलाकारों का फिल्म में आना, कहानी को एक नए आयाम की ओर ले जाने का संकेत दे रहा है।



# छुट्टियों में निकिता दत्ता को मिला बड़ा सरप्राइज़

अभिनेत्री निकिता दत्ता, जो इन दिनों अपनी छुट्टियों का लुत्फ उठा रही हैं, हाल ही में एक ऐसे पल की गवाह बनीं जो हर सिनेमा प्रेमी का सपना होता है। छुट्टियों के दौरान निकिता की मुलाकात उनके फेवरेट हॉलीवुड एक्टर जूड लॉ से हुई। निकिता ने अपने सोशल मीडिया पर इस खास पल की एक तस्वीर शेयर की, जिसे उन्होंने अपना फैनगर्ल मोमेंट बताया। तस्वीर में निकिता और जूड लॉ की मुस्कुराती हुई झलक ने फैंस का दिल जीत लिया। भले ही निकिता ने कैप्शन में ज्यादा कुछ न लिखा हो, लेकिन उनकी मुस्कान और खुशी ने साफ कर दिया कि अपने फेवरेट स्टार से मिलना हर किसी के लिए एक यादगार पल होता है। हाल ही में निकिता दत्ता, सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आई थीं, जिसमें उनके संतुलित और प्रभावशाली अभिनय की खूब सराहना हुई।



# सुलझ गया विवाद हेरा फेरी 3 में बाबू भैया बनकर लौट रहे परेश रावल

पिछले कुछ वक्त से हेरा फेरी 3 चर्चा में है। वजह हैं परेश रावल। अचानक खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म से किनारा कर लिया है। इसके बाद खबर आई कि अक्षय कुमार ने अभिनेता को कानूनी नोटिस भेजा है। मगर, अब सारे विवाद सुलझ गए हैं और बाबू भैया फिल्म में वापसी कर रहे हैं। फिल्म हेरा फेरी की तीसरी कड़ी का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे है। मगर, अचानक जब खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म छोड़ दी है तो दर्शक मायूस हो गए। फिल्म हेरा फेरी 3 की रौनक आखिर राजू (अक्षय कुमार), श्याम (सुनील शेट्टी) और बाबू राव (परेश रावल) से है। एक भी एक्टर की अनुपस्थिति दर्शक नहीं चाहते। ऐसे में जब खबर आई कि परेश रावल ने फिल्म छोड़ दी है तो दर्शक निराश हो गए। मगर, अब खुशखबरी ये है कि परेश रावल फिल्म में वापसी कर रहे हैं और यह पुष्टि खुद उन्होंने की है।

### दर्शकों के लिए जिम्मेदारी बनती है

परेश रावल का कहना है कि वे हेरा फेरी 3 में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने हिमांशु मेहता के पॉडकास्ट में यह खुलासा किया है। एक्टर ने बीते दिनों फिल्म को लेकर चली कंट्रोवर्सी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब सब रिजॉल्व हो गया है। शो में परेश रावल से जब फिल्म को लेकर विवाद के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, कोई विवाद नहीं है। जब कोई चीज इतने लोगों को भाती आती है, तब हमें अतिरिक्त रहना पड़ता है। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि दर्शकों के लिए। दर्शक बैठे हैं और वे आपको इतना प्यार करते हैं। आप चीजों को हल्के में नहीं ले सकते। मेहनत करके उन्हें देना चाहिए।

# वाणी कपूर स्टारर मंडला मर्डर्स की रिलीज डेट से उठा पर्दा




यश राज फिल्म्स और नेटफ्लिक्स की सफल जोड़ी द रेलवे मेन की शानदार सफलता के बाद अब एक्शन थ्रिलर मंडला मर्डर्स आ रहा है। यह सीरीज 25 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। मंडला मर्डर्स की कहानी चरनदासपुर नामक एक रहस्यमयी कस्बे पर आधारित है, जो सैकड़ों साल पुरानी सीक्रेट सोसाइटी और वहां कई हत्याओं से जुड़ी कहानी है। इस सीरीज को यश राज एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है और इसे मर्दानी फ्रेंचाइज के मशहूर गोपी पुथरन ने बनाया है। गोपी ने मनन रावत के साथ मिलकर इसका निर्देशन भी किया है। इस माइथोलॉजिकल क्राइम-थ्रिलर में वाणी कपूर लीड रोल में हैं, जबकि वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

# इरफान खान से मिली तारीफ मेरे लिए किसी भी अवॉर्ड से ज्यादा मायने रखती थी



दिग्गज फिल्म निर्माता सुभाष घई ने दिवंगत अभिनेता इरफान खान को याद किया और उन्हें फिल्म इंडस्ट्री का अनमोल रत्न बताया। उन्होंने कहा कि वह फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से एक थे। उनकी तारीफ किसी भी अवॉर्ड से ज्यादा मायने रखती थी। सुभाष घई ने अपने इंस्टाग्राम पर इरफान खान के साथ एक फोटो शेयर की, जो किसी अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान खींची गई थी। तस्वीर में दोनों ब्लैक कलर के सूट और वाइट शर्ट में नजर आ रहे हैं। साथ ही एक-दूसरे से मुस्कुराते हुए मिल रहे हैं। सुभाष घई के हाथ में एक अवॉर्ड है, वहीं इरफान उन्हें प्यार से गले लगाते हुए दिख रहे हैं। कर्ज, राम लखन, और ताल जैसी मशहूर फिल्मों के लिए मशहूर सुभाष घई ने कहा कि फिल्मों में चमक-दमक से ज्यादा कहानी मायने रखती है। वह इरफान के काम और उनकी काबिलियत को बहुत अहमियत देते थे। उनकी तारीफ उनके लिए किसी भी पुरस्कार से ज्यादा खास थी। उन्होंने लिखा, मैं हमेशा से दिखावटी सितारों की तुलना में अच्छे और महान अभिनेताओं की तारीफ करता रहा हूं। अच्छे अभिनेता कहानी को और बेहतर बनाते हैं, जबकि सितारे सिर्फ फिल्म को चमकाते हैं। मुझे इरफान खान से तारीफ मिलना किसी अवॉर्ड समारोह में पुरस्कार मिलने से ज्यादा खुशी देता था। इसलिए मैं इस तस्वीर को हमेशा संजोकर रखता हूं। हमें इरफान की बहुत याद आती है। सुभाष घई और इरफान खान ने साथ कई फिल्मों में काम किया है। फिल्म राइट या रॉन्ग में इरफान ने लीड रोल निभाया था। इस फिल्म के निर्देशक सुभाष घई थे। इसके अलावा, सुभाष घई की फिल्म इकबाल में इरफान ने सहायक भूमिका निभाई थी। इरफान खान का निधन 29 अप्रैल 2020 को हुआ था। वह एक गंभीर बीमारी, जिसे न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर कहते हैं, से लंबे समय तक जूझ रहे थे। उन्हें इस बीमारी का पता साल 2018 में चला था। इरफान खान ने खुद अपने ट्विटर पोस्ट के जरिए बीमारी की जानकारी फैंस को दी थी।




# सलमान खान से लेकर तापसी पन्नू तक इन स्टार्स के पास हैं खुद की टीमें

**बॉलीवुड के कई स्टार्स ऐसे हैं जिन्हें एक्टिंग के अलावा स्पोर्ट्स का शौक है। कुछ लोग तो खुद खेल खेलते हैं और कुछ लोग खेल का कारोबार करते हैं। ऐसे में आज हम आपको उन स्टार्स के बारे में बता रहे हैं जो स्पोर्ट्स टीमों के मालिक हैं।**

### सलमान खान

सलमान खान ने साल 1988 में फिल्म बीवी हो तो ऐसी से बॉलीवुड में कदम रखा था। तब से अब तक उन्होंने बॉलीवुड में अपनी अदाकारी से कमाल दिखाया है। वह स्पोर्ट्स में भी दिलचस्पी रखते हैं। वह इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में दिल्ली फ्रेंचाईजी के मालिक हैं।

### शाहरुख खान



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान ने साल 1992 में फिल्म दीवाना से बॉलीवुड में कदम रखा। अब तक वह बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दे चुके हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के सह-मालिक हैं।

### प्रीति जिंटा



बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में शामिल प्रीति जिंटा ने साल 1998 में फिल्म दिल से से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह इंडियन प्रीमियर लीग की टीम पंजाब किंग्स की सह-मालकिन हैं। वह अकसर मैदान पर अपनी टीम को चीयर करती नजर आती हैं।

### अभिषेक बच्चन




अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक बच्चन ने बॉलीवुड में साल 2000 में फिल्म रिफ्यूजी से कदम रखा था। इसके बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई हिट फिल्में दी हैं। स्पोर्ट्स में भी उनकी रुचि है। वह प्रो कबड्डी लीग में जयपुर पिंक पैंथर्स के मालिक हैं।

### जॉन अब्राहम



जॉन अब्राहम खुद स्पोर्ट्स बहुत पसंद करते हैं। वह फुटबॉल और बास्केटबॉल पसंद करते हैं। उन्होंने 2003 में फिल्म जिस्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह इंडियन सुपर लीग की फुटबॉल टीम नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के मालिक हैं।

### अक्षय कुमार



अक्षय कुमार को बॉलीवुड में खिलाड़ी के नाम से जाना जाता है। वह क्रिकेट और मार्शल आर्ट (कराटे) खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने साल 1991 में फिल्म सौगंध से बॉलीवुड में कदम रखा। आज वह इंडस्ट्री के सबसे बड़े अभिनेताओं में शामिल हैं। वह प्रो कबड्डी लीग में बंगाल वॉरियर्स टीम के मालिक हैं।

### जूही चावला

जूही चावला को क्रिकेट पसंद है। जूही चावला ने साल 1986 में फिल्म सलतनत से बॉलीवुड में कदम रखा। वह इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की सह-मालिकिन हैं।

### तापसी पन्नू




तापसी पन्नू भी स्पोर्ट्स से जुड़ी हुई हैं। उन्हें स्क्वैश और फुटबॉल खेलना पसंद है। उन्होंने साल 2013 में फिल्म चश्मे बद्दूर से बॉलीवुड में कदम रखा। वह प्रीमियर बैडमिंटन लीग में 7 एसेस टीम की मालिकिन हैं।




चीन के बीआरआई के जवाब में भारत व्यापार के लिए नए रास्ते खोज रहा

# टीआईटीआर इसमें उसकी मदद कर सकता है

## • कजाकिस्तान इस मार्ग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन के बीआरआई यानी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का प्रभाव पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। इसके जवाब में भारत भी कुछ और रास्ते खोजने लगा है। भारत चाहता है कि वह व्यापार के लिए चीन पर कम निर्भर रहे। ऐसा ही एक रास्ता है ट्रांस-कैस्पियन इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट रूट। इसे मध्य गलियारा या मिडिल कॉरिडोर भी कहते हैं। कजाकिस्तान इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भारत को बीआरआई की कुछ बातें पसंद नहीं हैं। खासकर चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। भारत हमेशा से सीपीईसी को लेकर अपनी चिंता जताता रहा है। भारत का कहना है कि इससे उसकी क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन होता है।

2024 में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, पीओके पर हमारा रुख हमेशा से साफ रहा है। हम आपको बताना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं। वे भारत का एक अभिन्न अंग थे। वे भारत का एक अभिन्न अंग हैं और वे भारत का एक अभिन्न अंग बने रहेंगे। उन्होंने आगे कहा था, छ्क्क्षिष्ट पर हमारी राय आप जानते हैं। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। हम इसके खिलाफ हैं। यह हमारी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ जाता है। हालांकि, अब एक और रास्ता सामने आ रहा है। यह रास्ता बीजिंग से शुरू नहीं होता, बल्कि कजाकिस्तान से शुरू होता है।

### भारत के लिए कैसे है मौका

द इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, कजाकिस्तान मध्य गलियारे के जरिए यूरेशिया का लॉजिस्टिक्स हब बन रहा है। भारत सीधे तौर पर इस नेटवर्क से नहीं जुड़ा है। लेकिन, इसके तेजी से बढ़ने से भारत को चीन पर निर्भरता कम करने और अपने व्यापार मार्गों में विविधता लाने का मौका मिल सकता है।

मध्य गलियारा 4,250 किलोमीटर रेल और 500 किलोमीटर समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है। यह चीन, मध्य एशिया, कैस्पियन सागर, काकेशस और यूरोप को जोड़ता है। इससे रूस और चीन दोनों के रास्ते बच जाते हैं। भारतीय थिंक टैंक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अनुसार, यह गलियारा 2014 में रूस की ओर से क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद बना था। कजाकिस्तान, अजरबैजान और जॉर्जिया अस्थिर रास्तों पर निर्भर नहीं रहना चाहते थे। 2017 में 826 किलोमीटर लंबी बाकू-त्बिलिसी-कार्स रेलवे लाइन शुरू होने से यह रास्ता और भी आसान हो गया। अब चीन से तुर्की तक 12 दिनों में और प्राग तक 18 दिनों में सामान पहुंचाया जा सकता है। कजाकिस्तान के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, 2024 में टीआइटीआर पर ट्रैफिक 62 प्रतिशत बढ़कर 45 लाख टन हो गया। कंटेनर परिवहन 170 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 56,500 अश्वह्य हो गया। चीन-यूरोप रूट पर 35,600 अश्वह्य भेजे गए, जो पिछले साल की तुलना में 27 गुना ज्यादा है। 2025 का टारगेट 52 लाख टन और 70,000 अश्वह्य है।

### लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में बहुत ज्यादा निवेश

ईटी के के अनुसार, कजाकिस्तान अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में बहुत ज्यादा निवेश कर रहा है। 2025 में ही वह 13,000 किमी सड़कों और 6,100 किमी रेलवे लाइनों को आधुनिक बनाने, छह हवाई अड्डों का विस्तार करने और नए समुद्री टर्मिनल बनाने की योजना बना रहा है। इसमें अक्ताऊ में 240,000 की क्षमता वाला एक कंटेनर हब भी शामिल है। 2029 तक 11,000 किमी रेल लाइनों को अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही नॉर्थ और सेडमिडिल जैसे नए गलियारे बनाए जाएंगे। 24 जून को विदेशी निवेशकों की परिषद के पूर्ण सत्र में राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने कजाकिस्तान की आर्थिक रणनीति को भविष्य के लिए तैयार, टिकाऊ और विश्व स्तर पर एकीकृत बताया था। देश ने 2025 की पहली छमाही में 6 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ दर्ज की, जो लॉजिस्टिक्स, व्यापार और निर्माण के कारण हुई। यह 12 वर्षों में सबसे तेज है। अल जजीरा के साथ इंटरव्यू में टोकायेव ने 2025 के लिए कम से कम 5.5 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया। लेकिन, कहा कि यह इतना महत्वाकांक्षी परिणाम नहीं है, क्योंकि सरकार अतिरिक्त विकास इंजन की तलाश कर रही है।

## जीएसटी ने भर दी सरकार की झोली, 5 साल में दोगुना हो गया कलेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले 5 वर्षों में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन लगभग दोगुना हो गया। सोमवार को सरकारी आंकड़ों में बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ रुपये के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2020-21 में 11.37 लाख करोड़ रुपये था। सरकारी बयान में कहा गया कि 1 जुलाई




2017 को लागू किए गए जीएसटी के बारे में किए गए एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अपने सकारात्मक अनुभव की जानकारी दी है। सोमवार को जीएसटी लागू होने के 8 साल पूरे हुए। एफवाय 2025 में 22.08 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष से 9.4 प्रतिशत ज्यादा रहा। वित्त वर्ष 2025 में ऐवरेज मंथली कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024 में 1.68 लाख करोड़ रुपये था। लागू होने के इन 8 वर्षों में जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड टैक्सपेयर्स की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई।

**खर्च में 4 प्रतिशत बचत-** सरकारी बयान में कहा गया, जीएसटी कंस्यूमर फ्रेंडली रिफॉर्म है। कई टैक्सेज को हटाने और नियमों का पालन आसान बनाए जाने से ऐवरेज टैक्स रेट घटे हैं। इससे टैक्स बेस बढ़ा है और सरकार को कई जरूरी चीजों पर रेट घटाने में मदद मिली है। इसके मुताबिक, अनाज, खाद्य तेल, चीनी, स्नैक्स और मिठाइयों पर अब कम टैक्स रेट लग रहा है। फाइनैंस मिनिस्ट्री की एक स्टडी के मुताबिक, जीएसटी से परिवारों को अपने नासिक खर्च में कम से कम 4 प्रतिशत बचत करने में मदद मिली है। उपभोक्ता अब दैनिक जरूरतों पर कम खर्च करते हैं।

## दिल्ली से पटना तक राहत की बारिश, सिलेंडर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 1 जुलाई की सुबह राहत की बारिश हुई है। एलपीजी सिलेंडर करीब 60 रुपये सस्ता हो गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी कर दी हैं। इस नए रेट के मुताबिक 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की गई है। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर अब आज से 1723.50 रुपये की जगह 1665 रुपये मिलेगा। यानी यहां 58.50 रुपये की कटौती हुई है। कोलकाता में आज से कॉमर्शियल सिलेंडर 1769 रुपये में मिलेगा।

इतना बड़ा बिजनेस, वो भी इससे कोई सोच भी नहीं सकता

# गांव में पली-बढ़ीं विशाला ने कर दिखाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आजकल की नई पीढ़ी को नूडल्स और पास्ता जैसे फास्ट फूड ज्यादा पसंद हैं। ऐसे में किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कोई देशी बाजरे से इतना बड़ा बिजनेस कर सकता है। हैदराबाद की विशाला रेड्डी वुय्याला ने यह कर दिखाया है। विशाला ऐसे गांव में पली-बढ़ीं जहां उनका परिवार बाजरा उगाता था। उन्होंने बाजरे को चुना और एक ऐसा ब्रांड बनाया जो हेल्दी भी है और टेस्टी भी। विशाला को बाजरा उत्पादों में एक अवसर दिखाई दिया। उनकी कंपनी का नाम मिंकन एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड है। अगस्त 2021 में उन्होंने अपना ब्रांड मिलेट बैंक लॉन्च किया। यह ब्रांड रेडी-टू-कुक और रेडी-टू-ईट प्रोडक्ट बेचता है। अपनी शुरुआत से सिर्फ तीसरे साल में ही कंपनी का टर्नओवर 6 करोड़ रुपये को पार कर गया। वहीं, कुल बिक्री 10 करोड़ रुपये पहुंच गई। आइए, यहां विशाला रेड्डी वुय्याला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**बाजरे में देखा अवसर-** आधुनिक युवाओं के बीच फास्ट फूड की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद हैदराबाद की विशाला रेड्डी वुय्याला ने पारंपरिक बाजरे (मिलेट) को एक सफल कारोबारी वेंचर में बदल दिया है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली विशाला ने अपने परिवार के बाजरा उगाने के अनुभव को एक अवसर के रूप में देखा। उन्होंने 2021 में मिलेट बैंक ब्रांड के तहत अपनी कंपनी मिंकन एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की। यह ब्रांड रेडी-टू-कुक और रेडी-टू-ईट बाजरा उत्पाद प्रदान करता है। इनमें नूडल्स, कुकीज, पास्ता और अलग-अलग तरह के कॉम्बिनेशन शामिल हैं, जो स्वस्थ होने के साथ-साथ स्वादिष्ट भी हैं।

### तीसरे साल में ही जोरदार प्रतिक्रिया

अपनी शुरुआत के सिर्फ तीसरे साल में ही विशाला के मिलेट बैंक ने 6 करोड़ रुपये से ज्यादा का टर्नओवर हासिल कर लिया। कंपनी की कुल बिक्री 10 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। विशाला के उत्पाद ऑनलाइन और प्रमुख सुपरमार्केट में उपलब्ध हैं। साथ ही दुबई में भी एक्सपोर्ट किए जा रहे हैं। विशाला ने अपने ग्रामीण और शहरी अनुभवों को मिलाकर बाजरे को पुनर्जीवित करने के अपने मिशन की नींव रखी। उनका मकसद न केवल एक सफल व्यवसाय बनाना, बल्कि किसानों की मदद करना और बाजरे की खेती को बढ़ावा देना भी था। खासकर जब उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान अपनी बहन को बाजरा को कम कीमत पर बेचने में कठिनाई का अनुभव करते देखा।

### चुनौतियों से भरा था सफर

विशाला का सफर चुनौतियों से भरा था। इसमें व्यक्तिगत नुकसान और उनके बाजरा-आधारित उद्यम को लेकर परिवार और ग्रामीणों का संदेह शामिल था। इसके बावजूद उन्होंने अपने मिशन में दृढ़ता बनाए रखी। विशाला ने अपने गांव के किसानों के साथ समय बिताकर उनकी चुनौतियों को समझा। पारंपरिक खेती के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मिलेट बैंक ने तेलंगाना और तमिलनाडु में 1,000 से ज्यादा किसानों के साथ साझेदारी की है, जिससे उनकी आजीविका में सुधार हुआ है। कंपनी की उत्पादन प्रक्रिया थर्ड पार्टी के जरिये मैनेज की जाती है, जबकि मुख्य फोकस पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर रहता है।

# कल्पतरु आईपीओ में निवेशकों की कमाई फ्लैट

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की रियल एस्टेट कंपनी कल्पतरु के शेयर मंगलवार को बीएसई और एनएसइ पर लगभग फ्लैट भाव पर लिस्ट हुए। बीएसई में यह शेयर 414.10 रुपये पर लिस्ट हुआ। आईपीओ के जरिये निवेशकों को यह शेयर इतने में ही मिला था।

### आईपीओ कितने का




कंपनी का आईपीओ 1,590 करोड़ रुपये का था। यह 2.31 गुना सब्सक्राइब हुआ। आईपीओ में कंपनी ने 3.84 करोड़ नए शेयर जारी किए थे। क्यूआइबी यानी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने इसमें खूब दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने अपने हिस्से के शेयरों को 3.12 गुना सब्सक्राइब किया। रिटेल निवेशकों ने 1.43 गुना और यानी नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 1.40 गुना सब्सक्राइब किया। इससे पता चलता है कि निवेशकों ने इसमें मिली-जुली दिलचस्पी दिखाई।

कल्पतरु ग्रुप की यह कंपनी 1988 में शुरू हुई थी। इसने मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, इंदौर और दूसरे शहरों में 70 प्रोजेक्ट पूरे कर लिए हैं और 40 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। आईपीओ से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी कर्ज चुकाने में करेगी।

## सैमसंग ने भारत में नए गैलेक्सी फोल्डेबल फोन्सस के लिए प्री-रिज़र्व बुकिंग शुरू की

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग 9 जुलाई को न्यूयॉर्क में अपनी अगली पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स लॉन्च करने जा रहा है। यह नई सीरीज़ एआई-पावर्ड इंटरफेस के साथ आएगी और इसमें एडवांस हार्डवेयर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे स्मार्टफोन का अनुभव पहले से कहीं ज़्यादा बेहतर और स्मार्ट हो जाएगा। आधिकारिक लॉन्च से




पहले भारत में ग्राहक सिर्फ 2000 रूपए की टोकन राशि देकर इन नए फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को प्री-रिज़र्व कर सकते हैं। प्री-रिज़र्व करने वाले ग्राहकों को डिवाइस की खरीद पर 5999 रूपए तक के विशेष लाभ मिलेंगे और साथ ही उन्हें अर्ली डिलीवरी का भी फायदा मिलेगा। सैमसंग ने इन डिवाइसों को उपयोगकर्ताओं की असल ज़रूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया है—बेहतर परफॉर्मेंस, और भी तेज़ कैमरे और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ। गैलेक्सी एआई सिर्फ डिवाइस की क्षमता तक सीमित नहीं है, यह इस बात पर आधारित है कि लोग टेक्नोलॉजी के साथ कैसे जुड़ते हैं और उसे अपने जीवन का हिस्सा कैसे बनाते हैं।

## रिकॉर्ड ऊंचाई पर नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर मंगलवार को बीएसई में 3 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 435.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। नवरत्न कंपनी के शेयर रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचे हैं।

# 1000 रुपये के ऊपर लिस्टिंग, फिर 5 प्रतिशत और चढ़ गया रेमंड ग्रुप का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेमंड रियल्टी के शेयर मंगलवार को बीएसई में 1005 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। लिस्टिंग के ठीक बाद रेमंड रियल्टी के शेयर बीएसई में 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 1055.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। बीएसई पर कंपनी के शेयरों का डिस्कवर्ड प्राइस 1031.30 रुपये था। वहीं, एनएसइ पर कंपनी के शेयर 1000 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। एनएसई पर रेमंड रियल्टी के शेयरों का डिस्कवर्ड प्राइस 1039.30 रुपये था। रेमंड लिमिटेड से डीमर्जर के बाद रेमंड रियल्टी के शेयरों की लिस्टिंग हुई है। रेमंड लिमिटेड के शेयरों में भी मंगलवार को अच्छी तेजी देखने को मिल रही है।

**रेमंड लिमिटेड के शेयरधारकों को 1 पर 1 शेयर-** डीमर्जर की शर्तों के तहत रेमंड लिमिटेड के शेयरधारकों को प्रत्येक शेयर पर रेमंड रियल्टी का 1 शेयर मिला है, इससे निवेशकों का ग्रुप के रियल एस्टेट बिजनेस में सीधा एक्सपोजर हो गया है। रेमंड रियल्टी का 1 मई 2025 को रेमंड लिमिटेड से डीमर्जर हुआ था। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का इबिट्डा और रेवेन्यू क्रमशः 194 करोड़ रुपये और 766 करोड़ रुपये रहा। वहीं, वित्त वर्ष 2025 में कंपनी के रेवेन्यू और इबिट्डा में सालाना आधार पर 45 पर्सेंट और 37 पर्सेंट की ग्रोथ देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का रेवेन्यू और इबिट्डा क्रमशः 2313 करोड़ रुपये और 507 करोड़ रुपये रहा है। रेमंड रियल्टी वित्त वर्ष 2026 में 3000 करोड़ रुपये की सेल्स बुकिंग वैल्यू टारगेट कर रही है।




**रेमंड लिमिटेड के शेयरों में 7 प्रतिशत से अधिक की तेजी-** रेमंड लिमिटेड के शेयर मंगलवार को बीएसई में 7 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 771.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले पांच दिन में रेमंड लिमिटेड के शेयर 27 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर इस अवधि में 599.85 रुपये से बढ़कर 770 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। रेमंड लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1243.51 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 431.10 रुपये है।

## लिस्टिंग पर आईपीओ ने करा दिया तगड़ा मुनाफा, 90 पर आया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिविल कंस्ट्रक्शन और इंफ्रा डेवलपमेंट कंपनी ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स के आईपीओ आज मंगलवार, 1 जुलाई को शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। कंपनी के शेयरों की बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग हुई। बीएसई पर यह शेयर 71 रुपये के आईपीओ प्राइस के मुकाबले करीबन 29 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 91.10 रुपये पर लिस्ट हुआ। वहीं, एनएसई पर कंपनी के शेयर 26 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 90 रुपये पर लिस्ट हुए। बता दें कि इस इश्यू को निवेशकों द्वारा जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। बोली के तीसरे दिन इश्यू को 86.03 गुना सब्सक्राइब किया गया था।

**क्या है डिटेल-** एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 119 करोड़ रुपये के आईपीओ में 1,17,32,392 शेयरों की पेशकश पर 1,00,93,92,392 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 143.14 गुना सब्सक्रिप्शन मिला, जबकि रिटेल निवेशकों (आरआईआई) के कोटा को 53.71 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की श्रेणी को 99.76 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स की शुरुआती शेयर बिक्री को बोली के पहले दिन पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया गया था। कंपनी के 1,67,60,560 इक्विटी शेयरों तक के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्राइस बैंड 67-71 रुपये प्रति शेयर है।

# गैब्रियल इंडिया ने की विलय की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑटो कम्पोनेंट निर्माता गैब्रियल इंडिया लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार, 1 जुलाई को 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कंपनी के शेयर 842.90 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। इससे पहले बीते सोमवार को इसकी कीमत 702.45 रुपये थी। कंपनी के शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने एन्चेमको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एशिया इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड में विलय और उसके बाद कंपनी के ऑटोमोटिव वेंचर्स के विभाजन के लिए एक योजना की घोषणा की है।

**क्या है डिटेल-** कंपनी ने कहा कि यह कदम समूह के 2030 तक 50,000 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य का हिस्सा है। गेब्रियल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वह उन कंपनियों में व्यवस्था की योजना के जरिए संभावित अधिग्रहणों पर विचार कर रहा है, जहां गेब्रियल के प्रमोटरों की हिस्सेदारी है। इस योजना के हिस्से के रूप में, ब्रेक फ्लूइड, रेडिएटर कूलेंट, डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड जैसे ऑटोमोबाइल उत्पादों के विनिर्माण और बिक्री में शामिल इकाई, एन्चेमको का एशिया इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड में विलय किया जाएगा। इसके बाद, एशिया इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस वेंचर (जिसमें एन्चेमको शामिल है) दाना आनंद, हेनकेल आनंद और एसीवाईएम जैसी अन्य संस्थाओं में निवेश के साथ-साथ, बाद में गैब्रियल इंडिया में विलय कर दिया जाएगा। एशिया इन्वेस्टमेंट के पास अन्य व्यवसायों के साथ-साथ अन्य गैर-ऑटो व्यवसाय भी हैं, जो विभाजन के बाद उनके पास रहेंगे। गैब्रियल इंडिया एआईपीएल के प्रमोटरों को उनके स्वामित्व वाले प्रत्येक 1,000 शेयरों के लिए कंपनी के 1,158 शेयर जारी करेगा। यह सौदा वित्तीय वर्ष 2025 के एंटरप्राइज वैल्यू से ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले की आय के 8 गुना के गुणक पर किया जा रहा है। यह सौदा कंपनी के बोर्ड, लेनदारों, स्टॉक एक्सचेंजों, एनसीएलटी और कंपनी के शेयरधारकों से अनुमोदन के अधीन है और अगले 10-12 महीनों के भीतर प्रभावी होने की संभावना है, बशर्ते कि इस समय सीमा के भीतर अनुमोदन प्राप्त हो जाए।

# अर्शदीप सिंह नहीं, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह की जगह ले सकता है ये गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लीड्स में करारी हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शुभमन गिल की प्लेइंग इलेवन में फेरबदल होने की संभावना है। चौथी पारी में लंच के बाद प्रसिद्ध कृष्णा को छोड़ दें तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण एक बार फिर वन-मैन आर्मी रहा। भारत को पहले मैच में दबदबा बनाए रखने के बावजूद 5 विकेट से हार का सामना पड़ा था।



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तरह जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को प्रासंगिक बनाने के लिए संघर्ष किया। हालांकि उनके कार्यभार की समस्याओं को देखते हुए भारत उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए आराम दे सकता है। लेकिन उनकी जगह कौन लेगा? ऐसा लगता है कि आकाश दीप सबसे आगे हैं।

हर्षित राणा को टीम से जाने देने के बाद भारत के पास बेंच पर बहुत अधिक तेज गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध नहीं हैं। आकाश दीप और अर्शदीप सिंह दो अच्छे विकल्प बने हुए हैं। चोट से उबरने के बावजूद आकाश दीप एक और हिट-द-डेक विकल्प प्रदान करता है और प्रसिध जैसे किसी खिलाड़ी के साथ साझेदारी में काम कर सकता है। इस बीच अर्शदीप के पास काउंटी क्रिकेट का अनुभव है और वह सीम और स्विंग निकालने में माहिर है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, दाएं हाथ के आकाश दीप के बुमराह की जगह लेने की संभावना सबसे अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, आकाशदीप को बुमराह की जगह लेने की संभावना है, न कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की।

वहीं इंग्लैंड ने सोमवार को दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। जोफ्रा आर्चर जिसका टीम में शामिल होता लगभग तय था, वह परिवार में इमरजेंसी के कारण प्लेइंग 11 में जगह नहीं बना पाए।

# दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम में हो सकते है बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में दूसरा मैच 2 जुलाई बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में 5 विकेट से जीत दर्ज कर इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे है। एसे में भारत के लिए दूसरा टेस्ट काफी अहम साबित होगा जिसके चलते भारतिय टीम में बड़े बदलाव देखने को मिलेगे। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है जिसमें कोई बदलाव नहीं किया है।



## बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलेंगे

हेड कोच गौतम गंभीर ने पहले ही बताया है कि जसप्रीत बुमराह केवल तीन टेस्ट खेलेंगे ताकि उन्हें चोट ना लगे और उनकी फिटनेस बनी रहे। इसके चलते हो सकता है कि बुमराह को दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया जाऐ। इस बदलाव के बाद टीम में तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका के लिए अर्शदीप सिंह का विकल्प मजबूत नजर आ रहा है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में आकाश दीप को अर्शदीप पर तवज्जो दिए जाने की बात सामने आई है।

## कुलदीप हो सकते है शामिल

बर्मिंघम के एजबेस्टन में पिच में टर्न और घूंघटदार स्पिनरों के लिए अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए विशेषज्ञों ने कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने की सलाह दी है। कुलदीप यादव अपनी गेंदबाजी से इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बना सकते हैं। शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में गेंदबाजी और बल्लेबाजी से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए ऐसे में भारत के पास नितीश कुमार रेड्डी के रूप में एक बेहतरीन विकल्प मौजूद है। उम्मीद की जा रही है कि शार्दुल की जगह नितीश को टीम में शामिल किया जाएगा।

### मैच में इंग्लैंड की प्लेइंग -11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

### भारत की संभावित प्लेइंग -11

यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुबमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, नितीश रेड्डी, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव

## कुलदीप को लाओ, रवींद्र जडेजा को बाहर करो



ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज ग्रेग चैपल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की हार के लिए गेंदबाजी में विविधता की कमी और जसप्रीत बुमराह पर अत्यधिक निर्भरता को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने टीम में रविंद्र जडेजा की भूमिका पर सवाल उठाए और कुलदीप यादव को टीम में शामिल करने का आग्रह किया। चैपल ने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के हाथों भारत की 5 विकेट से हार के बाद काफी आलोचना की। चैपल ने कहा, 'भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में विविधता का अभाव था। बुमराह को छोड़कर बाकी तेज गेंदबाज एक जैसे ही थे।

## इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की, आर्चर टीम में नहीं

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए सोमवार 30 जून को अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की, जो बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में शुरू होगा। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त बनाई थी। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम में दूसरे मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उंगली की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शुरुआती लाइनअप में शामिल नहीं किया गया है। आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण एजबेस्टन में सोमवार के अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए। वहीं जोश टंग, ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज के रूप में अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। दूसरी तरफ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे मैच के लिए आराम दिए जाने की उम्मीद है जिससे भारत की लाइनअप में बदलाव देखने को मिल सकता है।




# भारत को सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा: रवि शास्त्री

- एजबेस्टन में होने वाले मैच में टीम को जल्दी से जल्दी एकजुट होने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महत्वपूर्ण टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए संदेश साझा करते हुए कहा कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को पांच मैचों की सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा। भारत को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि उसने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा था और अब एजबेस्टन में होने वाले मैच से पहले उसे जल्दी से जल्दी एकजुट होने की जरूरत है, क्योंकि इस मैच में जीत से यह तय हो सकता है कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कौन जीतेगा।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू से कहा, भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तुरंत जवाबी हमला करे। जब आप इस तरह का टेस्ट मैच हारते हैं, जिसमें आप ज्यादातर समय हावी रहते हैं और फिर आखिरी दिन बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हार जाते हैं और इंग्लैंड को अपना संयम बनाए रखने के लिए पूरे अंक मिलते हैं, तो सीरीज में वापसी करने के लिए आपको काफी जज्बे की जरूरत होती है। अभी भी सवाल बना हुआ है कि क्या तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत दूसरे टेस्ट के लिए मौका देगा, क्योंकि उनके कार्यभार को मैनेज किया जा रहा है। शास्त्री ने कहा, अब, बुमराह खेलेंगे या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उम्मीद करते हैं कि वह खेलेंगे, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है और सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। बस आपको एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। यह पांच मैचों की सीरीज है और भारत वापसी की उम्मीद कर रहा होगा।



शास्त्री का मानना है कि नवनियुक्त कप्तान गिल ने सीरीज के पहले मैच में भारत की हार से बहुत कुछ सीखा होगा और उम्मीद है कि युवा कप्तान सीरीज के बाकी मैचों में अधिक सक्रिय रहेंगे। शास्त्री ने कहा, लोग कहते हैं कि वह थोड़ा प्रतिक्रियाशील था और ऐसा तब हो सकता है जब आप अपना पहला टेस्ट मैच (कप्तान के तौर पर) खेल रहे हों और खास तौर पर जब बल्लेबाजी के लिए अच्छी परिस्थितियां हों और आउटफील्ड तेज हो तो चीजें इस तरह से हो सकती हैं। लेकिन उसने इससे बहुत कुछ सीखा होगा और अब जब मौका आएगा तो वह थोड़ा और सक्रिय होना चाहेगा, जिसका मतलब है कि गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों को उसे वह समर्थन देना होगा।

# स्मृति मंधाना टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है।

भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।



# भारतीय टीम को उनका विकेट लेने की जरूरत है: पठान



पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने भारतीय टीम के कहा कि दूसरे टेस्ट में उन्हें बेन डकेट को जल्दी आउट करना होगा। उन्होंने इसके लिए एक योजना का भी खुलासा किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट बुधवार 2 जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। डकेट ने पहले टेस्ट में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। डकेट ने पहली पारी में अर्धशतक (94 गेंदों पर 62 रन, 9 चौके) और दूसरी इनिंग में शतक (170 गेंदों पर 21 चौके और एक छक्के की मदद से 149 रन) लगाया था। उनकी इस पारी के कारण इंग्लैंड ने पांचवें दिन 350 रन बनाकर भारत पर 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। पठान ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर की गई एक वीडियो में कहा, सबसे खतरनाक प्लेयर बेन डकेट को लेकर भारतीय टीम के पास क्या प्लॉन है? उन्होंने भारत के खिलाफ 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। उनकी सबसे अच्छी बात जो है वह यह कि जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा के खिलाफ उनका खेलना। भारतीय टीम को उनका विकेट लेना होगा।

## मोंटी पनेसर ने भारतीय टीम को बताया जीत का रास्ता



इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर ने भारत को नई गेंद से निर्दयी होने और बुधवार से एजबेस्टन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत का रास्ता बताते हुए कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर शुरुआती दबाव बनाना ही जीत का रास्ता है। अपनी दोनों पारियों में कुल 835 रन बनाने के बावजूद जसप्रीत बुमराह को छोड़कर भारत का गेंदबाजी आक्रमण प्रभावी नहीं दिखा। पनेसर ने एक विशेष बातचीत में 'समझदारी से गेंदबाजी' बताया। उन्होंने कहा, हमने इंग्लैंड के साथ जो देखा है, वे पहले 10 ओवर बहुत धीरे-धीरे खेलते हैं क्योंकि गेंद इधर-उधर घूमती है; यह स्विंग करती है और जब गेंद उतनी नहीं चलती, तो वे स्कोरिंग में तेजी लाने लगते हैं। इसलिए वे जो कर रहे हैं वह यह है कि वे ज़्यादा समझदारी से बैजबॉल क्रिकेट खेल रहे हैं। भारत को जो करना चाहिए, वह यह है कि नई गेंद के साथ उन्हें विकेट लेने की जरूरत है। उन्हें यही करना है और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि वे हमेशा पीछे रह जाएंगे।

# असाधारण प्रदर्शन करने के लिए सचिन तेंदुलकर से प्रेरणा लेता हूं: नीरज चोपड़ा

**बेंगलुरू, एजेंसी।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना करने के बावजूद असाधारण प्रदर्शन करने की भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की महाशक्ति को पाना चाहेंगे। हाल ही में पेरिस डायमंड लीग और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक मीट जीतने वाले नीरज, नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के उद्घाटन संस्करण के साथ इतिहास रच रहे हैं, जो विश्व एथलेटिक्स 'ए' श्रेणी की प्रतियोगिता है, जो भारत में होने वाली अपनी तरह की पहली प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में किया जाएगा।` बात करते हुए, जब उनसे पूछा गया कि भाला फेंकने के लिए वह किस क्रिकेटर की महाशक्ति को पाना चाहेंगे, तो मौजूदा विश्व चैंपियन ने तेंदुलकर का नाम लिया।

चोपड़ा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने सालों तक हमारे देश का बहुत अच्छा प्रतिनिधित्व किया और हमारे लिए कई रिकॉर्ड बनाए। जिस तरह से उन्होंने कई महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना किया और फिर भी असाधारण प्रदर्शन किया - मैं भी वैसा ही करना चाहूंगा। इससे मुझे शांत मानसिकता के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। 27 वर्षीय भाला फेंक स्टार ने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ब्रेट ली, जो क्रिकेट में अपना नाम बनाने से पहले भाला फेंकते थे, और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भाला फेंकने में सक्षम होंगे। मैंने सुना है कि ब्रेट ली एक भाला फेंकने वाले थे। मुझे लगता है कि वह भाला अच्छी तरह से फेंक सकते थे, खासकर जब वह अपने चरम वर्षों में थे। मैं जसप्रीत बुमराह के साथ भी भाला फेंकना चाहूंगा और उम्मीद करता हूं कि वह मुझे कुछ गेंदबाजी कौशल सिखाएंगे। हालांकि गेंदबाजी और भाला फेंकना दोनों ही अलग-अलग हैं। मैं बुमराह से सीखना चाहूंगा। चोपड़ा ने कहा कि भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का मशहूर हेलीकॉप्टर शॉट शक्ति और तकनीक के मामले में भाला फेंकने जैसा है।



खेल के दौरान अंधविश्वासी होने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं अपने इवेंट के दिन शांत रहने की कोशिश करता हूं। मैं इसके बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मैं सिर्फ अपना 100 प्रतिशत देने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं शांत रहने, अच्छा खाना खाने और अच्छी तरह आराम करने की कोशिश करता हूं। भाला फेंकने वाले इस दिग्गज ने मैदान पर और मैदान के बाहर मिली सबसे अच्छी सलाह साझा करते हुए कहा, यह सलाह मेरे कोच जान जेलेजनी से मिली, जिन्होंने 98.48 मीटर की दूरी से भाला फेंकने में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। जब भी मैं भाला फेंकता हूं, मैं बहुत ऊर्जावान रहता हूं, लेकिन वह मुझसे कहते हैं कि मुझे प्रवाह में दौड़ना चाहिए। यह तंग महसूस नहीं होना चाहिए - मुझे बिना किसी तनाव के 18 साल के बच्चे की तरह दौड़ना चाहिए। मैं धीरे-धीरे प्रवाह की अवधारणा को समझ रहा हूं। मुझे लगता है कि किसी भी खेल में प्रवाह बहुत महत्वपूर्ण है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### सिगरेट पीने से मना किया तो घर में घुसकर चेन लूट ली, गाजियाबाद में तो गजब कांड हुआ

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के गुलधर में घर के सामने बाइक खड़ी कर सिगरेट पीने से मना करने पर आरोपी ने युवक से पहले गाली गलौज की, फिर दोस्तों को बुलाकर उनके घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान उनकी सोने की चेन और नकदी भी लूटकर ले गए। पीड़ित ने मधुबन बापूधाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार,गुलधर के रहने वाले मनीष त्यागी ने शिकायत में बताया कि एक मई की रात उनके घर के बाहर संजयनगर निवासी दिलीप बाइक लगाकर शराब के नशे में सिगरेट पी रहा था। उन्होंने उससे वहां से बाइक हटाने के लिए कहा,तो उसने गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने फोन कर अपने दोस्तों को बुला लिया। आरोप है कि दस मिनट में उसके सात से आठ दोस्त स्कूटी और बाइक से आ गए और उनके साथ गाली गलौज करने लगे।पीड़ित अपने घर चला गया तो सभी आरोपी उनके घर पहुंच गए और हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित की सोने की चेन और 1500 रुपये भी लूट लिए। इसकी शिकायत थाने देने पर आरोपी फिर उनक घर के सामने पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी। एसीपी का कहना है कि शिकायत के बाद मामले की जांच की जा रही है।

### न वैक्सीन लगवाई, न इलाज; मां-बाप के अंधविश्वास में एक साल के मासूम की पीलिया से मौत

**मलप्पुरम, एजेंसी।** केरल के मलप्पुरम जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक साल के मासूम बच्चे की पीलिया से मौत हो गई और अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच मां-बाप के अंधविश्वास के तौर पर कर रही है। संदेह जताया जा रहा है कि बच्चे को समय पर दवाई नहीं दी गई, क्योंकि उसके माता-पिता एलोपैथिक इलाज के खिलाफ थे। मृतक बच्चे का नाम एसन एरहान था, जो कोट्टक्कल के रहने वाले हिरा हरीरा और नवाज का बेटा था। बच्चे की 27 जून को मृत्यु हो गई थी और प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि उसका न तो टीकाकरण हुआ था और न ही पीलिया के इलाज के लिए कोई इलाज हुआ। हैरानी की बात यह है कि बच्चे की मां एक्यूपंक्चर की चिकित्सक हैं और उन्होंने पहले भी सोशल मीडिया पर मॉडर्न मेडिसिन के खिलाफ पोस्ट की थीं, जो अब वायरल हो रही हैं और चर्चा का विषय बन गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब घर पहुंची, तो परिवार ने बताया कि बच्चा स्तनपान के तुरंत बाद बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि, टीकाकरण न कराना और अस्पताल न ले जाना अधिकारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। बच्चे का पोस्टमार्टम के लिए शव बाहर निकाला गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भारत सरकार लिखी गाड़ी, जमकर रौब, मुंबई से फर्जी आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस ने भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी के फर्जी दस्तावेज लेकर घूमने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी खुद को आईएएस अधिकारी बताकर कस्टम गेस्ट हाउस में रुका था। इतना ही नहीं वह भारत सरकार की नेम प्लेट वाली गाड़ी का भी इस्तेमाल करता था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को जब इस घटनाक्रम का पता चला तो शनिवार को उसे मलाड इलाके में एक होटल के बाहर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान बिहार निवासी 32 वर्षीय चंद्रमोहन सिंह के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने के दौरान उसने अपने आप को गृह मंत्रालय से संबंधित बताते हुए उसने एक फर्जी पहचान पत्र भी दिखाया। बाद में जब सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और उसने दस्तावेजों के जाली होने की बात को कबूल कर लिया।
पुलिस को उसके पास से रक्षा मंत्रालय से जुड़े फर्जी दस्तावेज भी मिले हैं पुलिस ने बताया पकड़े जाने से पहले यह आरोपी दादर में नाके से भागने में भी सफल रहा था। यहां पर उसने पुलिस कांस्टेबल ने जब उसे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लिए रोका तो उसने अपने आप को आईएएस अधिकारी बताया और वहां से निकल गया। अधिकारी के अनुसार, पुलिस फिलहाल उसे गिरफ्तार करके उसके खिलाफ संबंधित मामलों में केस दर्ज कर रही है।

# नियुक्ति राजस्थान सरकार के लिए बनीं अग्निपरीक्षा 10 हजार से ज्यादा पद न्यायिक प्रक्रिया में फंसे



**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। सरकार जल्द ही प्रदेश भर में मेगा रोजगार मेलों का आयोजन करने जा रही है। दावा है कि इन मेलों के जरिए 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी का तोहफा दिया जाएगा। अगर कोर्ट में अटकी भर्तियों के मामले सुलझ जाते हैं, तो यह संख्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद भी हाल ही में एक कार्यक्रम में इस योजना का संकेत दे चुके हैं।

फिलहाल 8 अहम भर्तियां ऐसी हैं जो या तो कोर्ट में अटकी हुई हैं या फिर विभागीय लापरवाही की शिकार हैं। इनमें से 4 भर्तियों पर कानूनी पेच फंसा हुआ है, जबकि 4 भर्तियों की प्रक्रिया अधिकारी स्तर की अनदेखी के कारण धीमी पड़ी हुई है। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष हनुमान किसान का कहना है कि सरकार को कोर्ट में ठोस पैरवी करनी चाहिए, ताकि चयनित अभ्यर्थियों को जुलाई में नियुक्ति पत्र सौंपे जा सकें। पशु परिचर भर्ती 2023 (6433 पद) इस भर्ती में नॉर्मलाइजेशन को लेकर विवाद है, जो कोर्ट में लंबित है। इसी कारण चयन प्रक्रिया रुकी हुई है।

इस भर्ती में कुछ सवालों को लेकर विवाद है, जिस पर कोर्ट का फैसला आना बाकी है। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया लंबित है।

इस भर्ती में पहले से कार्यरत डिप्टीशनी कार्मिकों ने कोर्ट में चुनौती दे रखी है, जिससे चयनित अभ्यर्थियों की राह अटक गई है। विवादित प्रश्नों के चलते कोर्ट में मामला चल रहा है। करीब 713 पदों पर अभी भी नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। लेवल-2 में दो गुणा परिणाम जारी हो चुका है, लेकिन उर्दू को छोड़कर अन्य विषयों का एक गुणा परिणाम अब तक लंबित है। इससे करीब 1260 नए अभ्यर्थियों को मौका मिल सकता है।600 पदों में से 120 पदों का परिणाम अब तक जारी नहीं किया गया है। चयनित अभ्यर्थी लगातार परिणाम जारी करने की मांग कर रहे हैं। 13 मई को चयन बोर्ड ने परिणाम तो जारी किया, लेकिन शिक्षा विभाग ने अब तक दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम घोषित नहीं किया।

# राजा रघुवंशी की हत्या के बाद बदला नियम, मेघालय सरकार ने कड़े किए नियम



**शिलांग, एजेंसी।**
मेघालय के अधिकारियों ने पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर पूर्वी खासी पवर्तीय जिले में बाहरी इलाकों के लिए गाइड रखना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह आदेश इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के एक महीने बाद आया है, जिसकी योजना उनकी पत्नी ने राज्य के सोहरा क्षेत्र में अपने हनीमून के दौरान बनाई थी। पूर्वी खासी पवर्तीय जिले की उपायुक्त रोसेटा एम कुरबाह ने आदेश में कहा, 'सुरक्षा कारणों को देखते हुए, अब सभी पर्यटकों के लिए क्षेत्र में पर्वतारोहण के दौरान रजिस्टर्ड गाइड की सेवाएं लेना जरूरी है।' इससे अलग-थलग क्षेत्रों में खो जाने, चोट लगने या आपराधिक गतिविधियों का शिकार होने जैसी घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। कुरबाह जिला पर्यटन संवर्धन सोसाइटी की अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। उक्त घटना की पूरे देश में चर्चा हो रही है और मामले में मध्यप्रदेश के इंदौर से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पर्यटन अधिकारियों ने कहा कि आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा। उल्लंघन करने वालों को जुर्माना भरना पड़ सकता है या उन्हें विभिन्न मार्गों पर जाने से रोका जा सकता है। प्रशासन ने निर्देश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिक ट्रेंड गाइड तैनात करने और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करने की भी योजना बनाई है।

इससे पहले, मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीमने रविवार को अहम सफलता हासिल करते हुए राजा रघुवंशी की गुम हुई सोने की चेन समेत कई अहम सबूत बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स के मध्यप्र देश के रतलाम जिले में स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान यह बरामदगी की गई। इस अभियान में राजा और उसकी पत्नी सोनम के सोने के आभूषण, लैपटॉप और अन्य सामग्री जब्त की गई।

# यूपी में जहां-तहां कचरा फेंकने वाले रहें सावधान, अब कई विभागों की आप पर नजर, लगाएंगे तगड़ा जुर्माना




**कानपुर, एजेंसी।**
यूपी में गंगा ही नहीं अब गलियों तक में कूड़ा फेंकना दंडनीय अपराध होगा। ऐसा करने पर आपको 50,000 रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। यह निर्देश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने ओरीजिनल अप्लीकेशन (ओए) पर सुनवाई के दौरान दिया है। एनजीटी के आदेश के अनुपालन में उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने सख्ती का फरमान जारी किया है। यूपीपीसीबी के अलावा नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिकारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर सकेंगे।

एनजीटी ने राम मिलन साहनी बनाम स्टेट ऑफ यूपी व अन्य के प्रकरण की बीते दिनों सुनवाई की। एनजीटी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यूपी की किसी भी नदी, झील, तालाब, वेटलैंड के अलावा पीडब्ल्यूडी और राजस्व भूमि पर कचरा फेंकना दंडनीय अपराध होगा। कचरा फेंकने वाले व्यक्ति पर पर्यावरणीय क्षति के तहत जुर्माना लगाया जाएगा। एनजीटी ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 30 जुलाई मुकर्रर की है। 9 जुलाई तक आदेश के अनुपालन में यूपीपीसीबी को आख्या दाखिल करनी है। क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी 7 जुलाई तक मुख्य पर्यावरण अधिकारी को अपनी आख्या भेजेंगे।

गलियों या जलाशय में कचरा फेंकने पर पहली बार 5000 रुपये जुर्माना लगेगा। दूसरी बार कूड़ा फेंकते पकड़े जाने पर 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगेगा। जुर्माने की इस कार्रवाई के दायरे में खासकर वह लोग आएंगे, जो घर के बाहर सड़क या पार्कों में कूड़ा फेंकने के आदी हैं। घर का कचरा या मलबा बड़ी मात्रा में फेंकने वालों पर पर्यावरणीय क्षति की दर अलग तय की गई है। ऐसे लोगों पर पहली बार कचरा फेंकने पर 25000 रुपये की वसूली होगी। दूसरी या इससे अधिक बार कचरा फेंकते पाए जाने पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगेगा। जुर्माने की राशि जमा न करने पर राजस्व विभाग आरसी का नोटिस जारी करेगा। आरसी जारी होने पर भी जुर्माना न भरने पर विधिक कार्रवाई होगी। एनजीटी ने कहा है कि वसूली गई राशि का प्रयोग सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में किया जाएगा। ताकि, पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। गंगा में कूड़ा फेंकने पर अभी नगर निगम 2500 रुपये तक जुर्माना लगाता है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नेशनल एक्ट में 5000 रुपये जुर्माना का प्रावधान है। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अफसर व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह गौर ने बताया कि नगर निगम सदन ने कूड़ा फेंकने पर 2500 की दर तय की थी। कूड़ा फेंकने पर कई लोगों से वसूली भी की जा चुकी है।

यूपीपीसीबी के आरओ अजीत कुमार सुमन ने कहा बताया कि सदस्य सचिव यूपीपीसीबी ने एनजीटी के आदेश के अनुपालन के निर्देश दिए हैं। अब गंगा ही नहीं गलियों में भी कूड़ा फेंकने पर 50 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया जाएगा। पीसीबी के अलावा स्थानीय निकाय को भी कार्रवाई का अधिकार है।

# 50 साल की महिला ने अपने बेटे के क्लास में पढ़ने वाले लड़के से रचाई शादी





**बीजिंग, एजेंसी।**
प्यार कब, किससे और कैसे हो जाए, इसका कोई नियम नहीं होता - और चीन की एक महिला की यह कहानी इस बात की मिसाल बन गई है। 50 वर्षीय 'सिस्टर जिन' नाम की एक बिजनेसवुमन आजकल इंटरनेट पर छाई हुई हैं, वजह है उनकी चौंकाने वाली प्रेम कहानी और हाल ही में किया गया बड़ा खुलासा। कभी एक सिंगल मदर रही सिस्टर जिन, अब एक बार फिर मां बनने जा रही हैं - लेकिन इस बार हालात कुछ अलग हैं। उन्होंने अपने बेटे के ही क्लासमेट, एक रूसी युवक डेफू से शादी की है। और अब उन्होंने सोशल मीडिया पर यह एलान कर सभी को चौंका दिया कि वो प्रेगनेंट हैं।

यह सब शुरू हुआ था करीब छह साल पहले, जब जिन के बेटे कैकाई ने अपने कुछ इंटरनेशनल दोस्तों के लिए चाइनीज न्यू ईयर पार्टी रखी थी। इन्हीं मेहमानों में डेफू नाम का एक रूसी छात्र भी शामिल था, जो उस समय कैकाई का क्लासमेट था। पार्टी में सिस्टर जिन की मेहमाननवाज़ी और खाना डेफू को इतना पसंद आया कि वो एक रात रुकने आया और फिर पूरे हफ्ते वहीं ठहर गया। सिस्टर जिन ने खुद बताया कि उस वक्त वो काफी एनर्जेटिक और आत्मनिर्भर महिला थीं। डेफू ने उनके साथ संपर्क बनाए रखा, सरप्राइज गिफ्ट भेजे, और धीरे-धीरे दोनों के बीच एक अजीब सा लेकिन मजबूत कनेक्शन बन गया।

हालांकि शुरुआत में सिस्टर जिन को उम्र, संस्कृति और पहली शादी के कड़वे अनुभवों की वजह से इस रिश्ते पर भरोसा नहीं हुआ। लेकिन जब उनके बेटे कैकाई ने इस रिश्ते को सपोर्ट किया, तब उन्होंने डेफू को एक मौका देने का फैसला किया। कुछ सालों तक चले इस रिश्ते के बाद इसी साल दोनों ने शादी कर ली। 8 जून 2025 को, सिस्टर जिन ने एक वीडियो पोस्ट कर यह बताया कि वो मां बनने वाली हैं। इस खबर ने लोगों को हैरान तो किया ही, साथ ही सोशल मीडिया पर बहस का मुद्दा भी बना दिया। कुछ लोगों ने सिस्टर जिन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन को खुद के तरीके से जिया और प्यार को भी नए सिरे से अपनाया। एक यूज़र ने लिखा, उम्र सिर्फ एक नंबर है, उनका आत्मबल प्रेरणादायक है। वहीं कुछ लोगों को यह सब एक स्क्रिप्टेड स्टोरी जैसा लगा - एक यूजर ने सवाल किया, क्या वह डेफू के साथ रूस जाएंगी? वह तो उसके माता-पिता की उम्र की हैं!

# बोइंग के सीएफओ ब्रायन वेस्ट देंगे इस्तीफा, कहा- बैलेंस शीट मजबूत, जिम्मेदारी सौंपने का यह सही समय



**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
विमान निर्माता कंपनी बोइंग में शीर्ष स्तर पर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) ब्रायन वेस्ट अपने पद से इस्तीफा देंगे। वे 15 अगस्त को अपना पद छोड़ देंगे। उनकी जगह लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के पूर्व कार्यकारी जीसस जे मालवे लेंगे। बोइंग ने कहा सीएफओ वेस्ट इस्तीफे के बाद सीईओ केल ऑर्टबर्ग के सलाहकार बने रहेंगे।

सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने अपने पद छोड़ने की पुष्टि की और कहा कि यह जिम्मेदारी सौंपने का सही समय है। इस वक्त बैलेंसशीट बेहद मजबूत है, परिचालन प्रदर्शन बेहतर है। साथ ही संभावनाएं बेहद उत्साहजनक हैं। हम रिकवरी की दिशा में एक अच्छे, स्थिर और पूर्वानुमानित रास्ते पर हैं, जबकि हम बहुत ज्यादा जोर नहीं लगा रहे हैं। यह हमारी उम्मीद से थोड़ा बेहतर निकला है। सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने बोइंग को संकट से उबारा है। पिछले साल बोइंग में हड़ताल और विमान हादसे के बाद उत्पादन में गिरावट आ गई थी। इस वक्त वेस्ट ने पूंजी की कमी से निपटने और जंक स्टेट्स में संभावित रेटिंग डाउनग्रेड से कंपनी को बचाया था। वेस्ट ने बोइंग के नकद भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 24 बिलियन डॉलर की इक्विटी बिक्री की थी, जो किसी सार्वजनिक कंपनी के लिए रिकॉर्ड के करीब है। उन्होंने इस साल जेप्पेसेन इकाई और अन्य डिजिटल परिसंपत्तियों की 10.6 बिलियन डॉलर की नीलामी की देखरेख करके अपने भंडार में इजाफा किया। इसके साथ ही वेस्ट ने ऋण और इक्विटी जुटाकर 44 बिलियन डॉलर से अधिक की बैलेंस शीट तैयार की थी। बोइंग में पिछले साल केली ऑर्टबर्ग ने सीईओ के तौर पर काम संभाला था। नए सीएफओ जीसस जे मालवे पहले भी साथ काम कर चुके हैं। यूनाइटेड टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन में ऑर्टबर्ग कोलिन्स एयरोस्पेस डिवीजन का संचालन करते थे। जबकि मालवे यहां पर कैरियर डिवीजन के उपाध्यक्ष और सीएफओ थे।

# ट्रंप ने सीरिया से हटाए प्रतिबंध, कार्यकारी आदेश पर किया हस्ताक्षर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को खत्म करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट में कहा कि ट्रंप ने देश की स्थिरता और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए सीरिया प्रतिबंध कार्यक्रम खत्म करने वाले एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। व्हाइट हाउस ने कहा, यह आदेश सीरिया पर प्रतिबंधों को हटाता है, जबकि बशर अल-असद पर प्रतिबंधों को बनाए रखता है। यह आदेश कुछ वस्तुओं पर एक्सपोर्ट कंट्रोल में रियायत देने और सीरिया को दी जाने वाली कुछ विदेशी सहायता पर लगे प्रतिबंधों को हटाने की अनुमति देता है। इस आदेश के तहत, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को संयुक्त राष्ट्र में सीरिया में स्थिरता का समर्थन करने के लिए प्रतिबंधों में राहत के रास्ते तलाशने का निर्देश दिया गया है। सीरिया को दिसंबर 1979 से अमेरिका ने आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला स्टेट घोषित किया था। मई 2004 में कार्यकारी आदेश 13338 जारी कर अतिरिक्त प्रतिबंध और पाबंदियां लगाई गईं, जबकि मई 2011 में अमेरिकी सरकार ने सीरियाई अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को निशाना बनाते हुए और कड़े प्रतिबंध लगाए। 13 मई को सऊदी अरब के रियाद में एक इन्वेस्टमेंट फोरम पर टिप्पणी करते हुए ट्रंप ने घोषणा की थी कि वह सीरिया पर प्रतिबंध हटाने की योजना बना रहे हैं।

# राहत केंद्र बना श्मशान !गाजा में कैफे आए लोगों पर बरसे-बम, गोलियां



**गाजा एजेंसी।**
गाजा अब युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि एक ऐसा क्षेत्र बन चुका है, जहां आम नागरिक हर पल मौत के साए में जी रहे हैं। मोबाइल चार्ज करना, इंटरनेट चलाना या खाना लेना भी यहां जानलेवा बन गया है। गाजा के अल-बाका नामक एक साधारण कैफे पर सोमवार को इजरायली सेना ने हवाई हमला किया। यह हमला उस वक्त हुआ जब वहां लोग मोबाइल चार्ज कर रहे थे और इंटरनेट से जुड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस हमले में कम से कम 30 नागरिकों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमला बिना किसी चेतावनी के हुआ। कुछ ही सेकंड में कैफे खून और धुएं से भर गया। चश्मदीद अली अबू अतैला ने बताया कि, हम लोग मोबाइल चार्ज कर रहे थे, तभी अचानक जोरदार धमाका हुआ और सब कुछ हिल गया।गाजा में सोमवार को अलग-अलग हमलों में कुल 74 नागरिकों की मौत हुई।गाजा की एक सड़क पर हमले में 15, कैफे में 30 और जवायदा शहर में इमारत पर हमले 6 लोगों की मौत हो गई। गाजा के दक्षिणी इलाके में एक राहत केंद्र से खाना लेने गए लोगों पर भी हमला हुआ। इस दौरान 11 नागरिक मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हमला टैंकों से किया गया और सैनिकों ने सीधे भीड़ पर गोली चलाई। एक महीने में 500 से अधिक लोगों की मौत सिर्फ खाना लेने के दौरान हो चुकी है।

इजरायली सेना ने कहा कि वह इन घटनाओं की जांच कर रही है। उनका कहना है कि जब कोई संदिग्ध व्यक्ति सैनिकों के करीब आता है, तो चेतावनी स्वरूप गोली चलाई जाती है। इजरायल और अमेरिका चाहते हैं कि गाजा में मानवीय सहायता संयुक्त राष्ट्र की बजाय दूसरे संगठनों द्वारा दी जाए। उनका आरोप है कि हमास इस सहायता को हथिया लेता है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

# थाईलैंड में सियासी भूचाल: एक फोन कॉल और प्रधानमंत्री पैटांगटार्न सस्पेंड

**बैंकाक, एजेंसी।**
थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को प्रधानमंत्री पैतोंगटर्न शिनावात्रा को उनके पद से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह फैसला एक लीक हुई फोन कॉल को लेकर लिया गया है, जिसमें कथित तौर पर सरकारी शक्तियों के दुरुपयोग का संकेत मिलता है।

शिनावात्रा पर आरोप है कि उन्होंने एक गुप्त फोन कॉल के जरिए संवैधानिक सीमाओं से परे जाकर सरकारी हस्तक्षेप किया। इस कॉल में वे न्यायिक और प्रशासनिक संस्थाओं को प्रभावित करने की बात करती हुई सुनाई दीं। अदालत ने इसे संविधान के अनुच्छेदों के उल्लंघन के रूप में देखा और तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से हटाने का आदेश दिया।

प्रधानमंत्री पद से निलंबन के बाद, कार्यवाहक प्रधानमंत्री का काम उप-प्रधानमंत्री को सौंपा गया है। हालांकि, कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई पूरी होने तक शिनावात्रा अपनी शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकेंगी।

शिनावात्रा की पार्टी, फ्यू थाई पार्टी, ने इस फैसले पर निराशा जताई है और कहा है कि यह एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा हो सकता है। पार्टी समर्थकों ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अदालत उन्हें दोषी ठहराती है, तो नई सरकार बनाने या मध्यावधि चुनाव कराने की स्थिति बन सकती है। फिलहाल देश में राजनीतिक अस्थिरता गहराने के संकेत मिल रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129